श्रावण शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 10 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 265, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



रफ्तार के खेल में पिछड़ीं टीमें 14
डॉन 2 के लिए ऋतिक रोशन से हुई थी बात 13

## अमन ने पूरा कराया कांसे का पंजा



सहरावत ने डेरियन को हराकर पेरिस ओलंपिक में जीता कुश्ती का पहला पदक

पेरिस, एजेंसी

भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक में 57 किलोग्राम वर्ग में डेरियन क्रूज को 13–5 से हराकर भारत को छठा पदक दिलाया। पेरिस ओलंपिक में कुश्ती में भारत का यह पहला पदक है। इससे पहले अमन को सेमीफाइनल मुकाबले में जापान के पहलवान से हार का सामना करना पड़ा था। अमन ने विश्व चैंपियन अल्बानिया के जेलिमखान अबकारोव को तकनीकी श्रेष्ठता 12–0 के आधार पर हराकर पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अमन की यह लगातार दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने उत्तरी मैसेडोनिया के यूरोपीय चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता व्लादिमीर इगोरोव को हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे थे।

हमारे पहलवानों की बदौलत हमें और भी गर्व हुआ। पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किलोग्राम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के लिए अमन सेहरावत को बधाई। उनकी लगन और दृढ़ता साफ तौर पर दिखाई देती है। पूरा देश इस उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न मना रहा है। –**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

## छह महिलाओं की हत्या करने वाला साइको किलर गिरफ्तार

### बरेली के शाही क्षेत्र में जून 2023 में पहली हत्या के बाद जुलाई 2024 तक ली गई 10 महिलाओं की जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शाही क्षेत्र में एक के बाद एक महिलाओं की हत्या के पीछे किसी साइको किलर का हाथ होने की थ्योरी आखिरकार सही निकली। शुक्रवार को पुलिस ने नवाबगंज के गांव बाकरगंज निवासी 35 वर्षीय कुलदीप को गिरफ्तार कर खौफ के इस लंबे दौर पर विराम लगा दिया। पुलिस के मुताबिक साल भर में शाही क्षेत्र में जिन 10 महिलाओं की हत्या हुई, उनमें से छह की जान कुलदीप ने ली थी। इन सभी को उसने एक ही तरह साड़ी से गला घोंटकर मारा था।

शाही में महिलाओं की श्रृंखलाबद्ध हत्या की शुरुआत 17 जून 2023 को हुई थी। बच्चे की दवा लेकर लौट रही गांव कुल्छा की 43 वर्षीय धनवती को रास्ते में उन्हीं की साड़ी से गला घोंटकर मार दिया गया था और शव खेत में फेंक दिया गया था। इसके बाद एक महीने के अंदर दो और महिलाओं की ठीक इसी तरह हत्या कर दी गई। पुलिस ने शुरू में इसे गंभीरता से नहीं लिया। हत्या का सिलसिला चलता रहा। नतीजा यह हुआ कि पूरे शाही क्षेत्र में भारी दहशत फैल गई। महिलाओं और बच्चियों ने खेतों पर जाना बंद कर दिया और पुलिस के विरोध में प्रदर्शन होने शुरू हो गए। इस बीच लगातार हत्याओं का मामला विधानसभा में गूंजा, तब कहीं पुलिस अफसरों ने इन हत्याओं को गंभीरता से लिया।

कई महीने लंबी छानबीन के बाद पुलिस ने कुलदीप को गिरफ्तार कर शुक्रवार को छह महिलाओं की हत्या का खुलासा किया। पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उसे मीडिया के सामने पेश किया गया, जहां उसने अपना जुर्म कुबूल किया। तीन महिलाओं की हत्याओं का खुलासा अलग-अलग अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पहले ही पुलिस कर चुकी थी।





बरेली पुलिस के हत्थे चढ़ा साइको किलर कुलदीप।

### हत्या के बाद करता था दुष्कर्म

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि कुलदीप के पिता बाबूराम ने दो शादियां की थीं। एक ही घर में उसकी मां और सौतेली मां साथ रहती थीं। उसके पिता और उसकी सौतेली मां उसे बहुत प्रताड़ित करते थे। उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई तो वह महिलाओं से नफरत करने लगा। नशे में पैदल सुनसान इलाकों में घूमने लगा। कहीं अकेली महिला को देखकर उससे बात करने लगता था और फिर उसी की साड़ी से गला घोंटकर उसे मार देता था। हत्या के बाद दुष्कर्म भी करता था।

# एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का प्रावधान नहीं: कैबिनेट

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संविधान का दिया हवाला, कहा- राजग सरकार इसके पक्ष में नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने कहा है कि उसका एससी-एसटी आरक्षण में अन्य ओबीसी की तर्ज पर क्रीमी लेयर का प्रावधान करने का कोई विचार नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद कहा कि मंत्रिमंडल ने आरक्षण के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के हाल में आए आदेश और सुझावों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार बाबा साहेब के संविधान के प्रति पूरी तरह वचनबद्ध है। चर्चा के बाद मंत्रिमंडल का सुविचारित मत है कि संविधान के अनुसार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर के प्रावधान का सरकार का कोई विचार नहीं है। यह पूछे जाने पर कि क्या यह मुद्दा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री या प्रधानमंत्री द्वारा उठाया गया था, वैष्णव ने कहा कि यह मंत्रिमंडल का सुविचारित दृष्टिकोण है। वैष्णव ने कहा कि सरकार का मानना है कि यह व्यवस्था संविधान के अनुरूप ही होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपने एक आदेश में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में आरक्षण के संदर्भ में जातियों के वर्गीकरण की अनुमति दे दी है। सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ के कुछ न्यायाधीशों ने अपनी टिप्पणियों में इन वर्गों में क्रीमी लेयर के प्रावधान का भी सुझाव दिया है।

### क्रीमी लेयर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री से मिले भाजपा सांसद



प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान भाजपा सांसदों का प्रतिनिधिमंडल। ● एजेंसी

### सरकार शीर्ष अदालत की व्यवस्था लागू नहीं होने देगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक से पहले भाजपा के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और एससी-एसटी के बीच क्रीमी लेयर की पहचान करने पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर चिंता जताई। बैठक के बाद मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आज एससी/एसटी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। एससी/एसटी समुदायों के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए हमारी प्रतिबद्धता और संकल्प को दोहराया।' प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा के राज्यसभा सदस्य सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सांसदों के साथ गंभीर चर्चा की और आश्वासन दिया कि सरकार शीर्ष अदालत की व्यवस्था को लागू नहीं होने देगी।' उन्होंने कहा, 'हम इसके लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।'

### समाज को गुमराह न किया जाए: कानून मंत्री

**नई दिल्ली।** कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि विपक्षी दल एससी-एसटी के अंदर उप-वर्गीकरण की राज्यों को अनुमति देने संबंधी सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को लेकर गुमराह नहीं करें। सदन में उन्होंने कहा कि क्रीमी लेयर पर न्यायालय ने कोई फैसला नहीं दिया है, सिर्फ टिप्पणियां की हैं।

## मनीष सिसोदिया 17 माह बाद जेल से रिहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया को शुक्रवार को जमानत दे दी और कहा कि वह 17 माह से तिहाड़ जेल में हैं।

शीर्ष अदालत ने अधीनस्थ न्यायालयों की आलोचना करते हुए कहा कि मामले की सुनवाई शुरू हुए बिना लंबे समय तक जेल में रखे जाने से वह शीघ्र सुनवाई के अधिकार से वंचित हुए हैं। दो जजों की पीठ ने कहा कि अब समय आ गया है कि निचली अदालतें और उच्च न्यायालय इस सिद्धांत को स्वीकार करें कि "जमानत एक नियम है और जेल एक अपवाद है।"

## जाति-मजहब नहीं, राष्ट्र सर्वोपरि

### मुख्यमंत्री ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश की वीर भूमि काकोरी में शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत वीरों के नमन कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डाक टिकट का अनावरण व संस्कृत विभाग द्वारा निर्मित पुस्तिका का विमोचन किया।

बलिदानियों के परिवार को सम्मानित करते हुए बच्चों के साथ काकोरी शहीद मंदिर के बाहर सेल्फी भी ली। योगी ने तिरंगा फहराकर नया रिकार्ड बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि जाति-मत-मजहब नहीं, बल्कि जब राष्ट्र सर्वोपरि होगा तो भारत को महाशक्ति बनने से कोई रोक नहीं सकता।

योगी ने कहा कि भारत अगले दो वर्षों में देश की तीसरी सबसे बड़ी महाशक्ति बनने जा रहा है। समतामूलक समाज की स्थापना के लिए वोकल फॉर लोकल जैसे मूल्यों पर आगे बढ़ना होगा। दुनिया की कोई ताकत भारत का रास्ता नहीं रोक सकती। प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव पर पंच प्रण की शपथ दिलाई थी, यह हमारा सूत्र होना चाहिए।



काकोरी शहीद मंदिर के द्वार पर बच्चों के साथ सेल्फी लेते मुख्यमंत्री योगी।









## पांच छात्रों के लिए लाखों छात्रों का भविष्य खतरे में नहीं डाल सकते

नई दिल्ली, एजेंसी



● सुप्रीम कोर्ट ने नीट-पीजी परीक्षा स्थगित करने संबंधी याचिका खारिज की

सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त को होने वाली नीट-पीजी परीक्षा को स्थगित करने की मांग से संबंधित याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। इसमें दावा किया गया था कि अभ्यर्थियों को ऐसे शहर आवंटित किए गए हैं, जहां पहुंचना उनके लिए बेहद असुविधाजनक है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह पांच छात्रों के लिए दो लाख छात्रों के करियर को खतरे में नहीं डाल सकते। तीन जजों की पीठ ने कहा, 'हम ऐसी परीक्षा को कैसे स्थगित कर सकते हैं। आजकल लोग बस परीक्षा स्थगित करने के लिए कहते हैं। यह एक आदर्श दुनिया नहीं है। हम अकादमिक विशेषज्ञ नहीं हैं।' याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) को पुनर्निर्धारित करने की आवश्यकता है, क्योंकि एक परीक्षा सुबह और एक दोपहर बाद होनी है।

## कॉलेज में हिजाब पर पाबंदी कोर्ट ने हटाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मुंबई के एक कॉलेज के उस सर्कुलर पर आंशिक रूप से रोक लगा दी है, जिसमें कॉलेज परिसर में हिजाब, बुर्का और नकाब पहनने पर पाबंदी लगाई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके साथ ही यह भी कहा कि छात्राओं को यह चयन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए कि वह क्या पहनें।

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि शैक्षिक संस्थान छात्राओं पर अपनी पसंद को नहीं थोप सकते। मुंबई के कॉलेज में हिजाब, बुर्का और नकाब पर पाबंदी को लेकर काफी विवाद हुआ था। इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी भी सामने आई थी।

## आप होंगी सेलिब्रिटी, लेकिन यहां गरिमा का ध्यान रखें

### जया बच्चन की टिप्पणी पर नाराज हुए राज्यसभा सभापति धनखड़

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी की सदस्य जया बच्चन ने सभापति जगदीप धनखड़ के बोलने के लहजे पर आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों के बीच नोंकझोंक हो गई। सभापति ने कहा कि उनके जैसी सेलिब्रिटी को भी शिष्टाचार का पालन करने की जरूरत है। वहीं विपक्षी सांसदों ने अपनी बात रखने की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

इससे पहले जया बच्चन ने कहा कि मैं जया अमिताभ बच्चन यह बोलना चाहती हूं कि मैं कलाकार हूं। बॉडी लैंग्वेज समझती हूं और चेहरे की अभिव्यक्ति समझती हूं। सर! माफ कीजिएगा, आपका लहजा स्वीकार्य नहीं है। भले ही आप आसन पर बैठे हैं, लेकिन हम आपके साथी हैं। इस पर सभापति धनखड़ ने सख्त लहजे में कहा, 'जया जी, आपने अपनी एक प्रतिष्ठा बनाई है। आप जानती हैं कि अभिनेता निर्देशक के अनुसार काम करता है। आपने वह चीजें नहीं देखी हैं, जो मैंने यहां इस आसन पर बैठकर देखी है। आप मेरे लहजे के बारे में बात कर रही हैं? बस बहुत हुआ। आप होंगे सेलिब्रिटी, लेकिन आपको यहां सदन की गरिमा का ध्यान रखना होगा।'

सदन में विवाद तब शुरू हुआ, जब सपा सदस्य जया कुछ दिन पहले भाजपा के घनश्याम तिवाड़ी द्वारा खरगे पर की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर विपक्षी दलों और सभापति के बीच चल रही तीखी बहस पर अपनी बात रखना चाहती थीं।



### दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चित काल को स्थगित

**नई दिल्ली।** अठारहवीं लोकसभा के दूसरे सत्र की कार्यवाही शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई, जिसमें केंद्रीय बजट 2024–25 को मंजूरी देने की प्रक्रिया संपन्न हुई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा से पहले बताया कि इस सत्र में 15 बैठकें हुईं, जो 115 घंटे तक चलीं और सदन की कार्य उत्पादकता 136 प्रतिशत रही। वहीं राज्यसभा का 265वां सत्र भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। तीन बार के स्थगन के बाद जब सदन की कार्यवाही साढ़े 3 बजे आरंभ हुई, तब सभापति जगदीप धनखड़ ने कुछ जरूरी कामकाज निपटाने के बाद उच्च सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।



## एक नजर

### चित्रकला और निबंध में सारिका खान विजयी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज में शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन की 100 वीं वर्षगांठ पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. दीप्ति गंगवार व डॉ. ज्योत्सना गुप्ता के निर्देशन में हुई चित्रकला प्रतियोगिता में सारिका खान प्रथम, शिवानी सक्सेना द्वितीय, वंशिका गुप्ता ने तृतीय तथा निबंध प्रतियोगिता में सारिका खान प्रथम, दीक्षा शर्मा द्वितीय व आशीष कुमार यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में अशोक कुमार, रूपल मिश्रा, डॉ. अमित कुमार यादव, प्रियंक कुमार वर्मा शामिल रहे। प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा ने छात्र-छात्राओं को काकोरी ट्रेन एक्शन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. अनिल कुमार शाह, डॉ. प्रेम सागर आदि का सहयोग रहा।

### यज्ञ के माध्यम से शहीदों का स्मरण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आर्य समाज में हुई गोष्ठी में गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर के आचार्य चंदन शास्त्री ने पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के बारे में जानकारी दी। बताया कि बिस्मिल आर्य समाजी थे और गोपनीय बैठकें आर्य समाज में करते थे। इससे पहले हवन पूजन कर हुतात्माओं की याद में आहुतियां दी गईं। कार्यक्रम में आचार्य सत्येंद्र, प्रदीप शास्त्री, भुवनेश आर्य, नरेंद्र मिड्डा, जितेंद्र नाथ, आनंद आर्य, नरेंद्र गुप्ता, संजय गुप्ता, गिरीश गुप्ता, विनोद वाजपेयी, वेदपाल आदि मौजूद रहे।

### भूमि पर अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश

**तिलहर, अमृत विचार :** गांव पूरायूं की प्रधान संसारवती ने एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि गांव में लगभग एक एकड़ भूमि खाद के गड्ढों के लिए राजस्व अभिलेखों में आरक्षित है लेकिन गांव के कुछ दबंगों ने आधी से अधिक भूमि पर पहले ही कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिया है। शेष भूमि पर भी अब कब्जा करके निर्माण कर रहे हैं। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम जीत सिंह ने तहसीलदार और प्रभारी निरीक्षक को अवैध निर्माण हटवाकर राजस्व भूमि कब्जे से मुक्त करवाने के निर्देश दिए हैं।

### ससुराल वालों ने दामाद को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर मडैया निवासी शिवानी ने रामचंद्र मिशन थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मायके गुवारी में आई थी। उसके भाई ओमकार की शादी बीसलपुर में हुई थी। 6 अगस्त को दिन में चार बजे उसके भाई के ससुराल पक्ष के देशराज, हरी मोहन, सत्यवीर निवासी गलौदा गौटिया पीलीभीत आए और उसके भाई ओमकार के बारे में पूछा। उसने भाई को बुलाया तो आरोपी गाली देने लगे। विरोध करने पर पीटकर घायल कर दिया। घटना का कारण ससुराल से विवाद बताया जाता है। पुलिस ने देशराज समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



काकोरी ट्रेन एक्शन उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। • अमृत विचार



नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नमन करते कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना।



काकोरी ट्रेन एक्शन उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र। • अमृत विचार

# काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी वर्ष में बिखरी देशभक्ति की छटा

## शहीदों की प्रतिमाओं और मजार पर अर्पित किए श्रद्धासुमन, 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने दी संगीतमय श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** काकोरी ट्रेन एक्शन का शताब्दी महोत्सव शुक्रवार को उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। एक ओर जहां स्कूलों की ओर से प्रभातफेरियां निकाली गईं, वहीं अमर शहीदों, क्रांतिकारियों और महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और मजार पर चादर एवं गुलपोशी कर नमन किया गया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर आजादी के दीवानों को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों एवं भूतपूर्व सैनिकों को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित भी किया।

जिले में काकोरी ट्रेन एक्शन की धूम इसलिए भी चहुंओर दिखाई दी, क्योंकि इस ऐतिहासिक घटना में जिले के तीन क्रांतिकारियों को फांसी की सजा हुई थी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शुक्रवार सुबह डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह समेत अन्य महापुरुषों और क्रांतिकारियों की प्रतिमाओं के समक्ष ज्योति जलाकर, पुष्प अर्पित कर और माल्यार्पण कर नमन किया। इसी कड़ी में एमनजई जलालनगर स्थित अमर शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार पर चादरपोशी और गुलपोशी कर उनकी शहादत को नमन किया। नगर निगम परिसर में तिरंगा गुब्बारे उड़ाकर जश्न मनाया गया।

इसी क्रम में काकोरी ट्रेन एक्शन शहीद स्मृति वाटिकाओं में पौधरोपण भी किया गया। पुष्पांजलि के बाद गांधी भवन प्रेक्षागृह में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष के अवसर पर राजधानी लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। लाइव प्रसारण देखने के बाद प्रेक्षागृह में पूर्व में चयनित स्कूलों के बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। रंगारंग कार्यक्रमों में बीच प्रेक्षागृह भारत माता और अमर शहीदों के जयघोष से गूंजता रहा। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं और बच्चों को उत्साहवर्धन किया। संस्कृति विभाग के लोकगायक दिनेश कुमार ने अपनी टीम के साथ गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन के 99 वर्ष पूर्ण हुए हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन 100वीं वर्षगांठ पूरे वर्ष मनाने का निर्णय लिया है। मंत्री खन्ना ने कहा कि देश को आजादी नरम दल एवं गरम दल के लड़ने से मिली है। क्रांतिकारियों ने 1857 से लगातार लड़ाई लड़कर देश को आजादी दिलाने में महती भूमिका निभाई। आजादी के संबंध में नई पीढ़ी को जानकारी अवश्य होनी चाहिए, जिससे समाज एवं देश के प्रति वह अपने कर्तव्यों का पालन कर सकें। खन्ना ने कहा कि हर भारतीय की जिम्मेदारी बनती है, कि अपने कर्तव्यों को जरुर महसूस करे।

डीएम उमेश प्रताप सिंह ने काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर साल भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी। यह महोत्सव काकोरी ट्रेन एक्शन 9 अगस्त 2025 तक 100 वर्ष पूरे होने तक मनाया जाएगा। जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने भी विचार व्यक्त करते हुए अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनो को सम्मानित करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।



शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार पर श्रद्धासुमन अर्पित करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना व अन्य। • अमृत विचार



पंडित राम प्रसाद बिस्मिल को नमन करते डीएम उमेश प्रताप सिंह।

### शताब्दी वर्ष पर रैली निकाल कर क्रांतिकारियों को किया याद

**पुवायां।** होली चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शुक्रवार को रैली निकालकर क्रांतिकारियों के बलिदान के बारे में बताया। सभासद आदर्श कनौजिया ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। स्कूल प्रबंधक राजीव शर्मा ने सभासद का तिरंगा पट्टिका डालकर स्वागत किया। प्रबंधक ने कहा कि शाहजहांपुर क्रांतिकारियों की धरा है। यहां के सपूतों ने इतिहास में अपना नाम अमर कर दिया। कोरी ट्रेन एक्शन के 100 वर्ष पूरे होने पर क्रांतिकारियों को शत-शत नमन किया गया। छात्र/छात्राओं ने रंग बिरंगी पट्टिका लेकर नगर भ्रमण किया। ठाकुर रोशन सिंह अमर रहे, पंडित रामप्रसाद बिस्मिल अमर रहें आदि नारे लगाते हुए भारत माता की जय बोलते हुए निकले। सभी छात्र स्कूल से मोहल्ला कसभरा व सतीशपुरम होते हुए वापस स्कूल पहुंचे। रैली में लगभग 200 बच्चों ने सहभागिता की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक रामकिशोर, राधारमण, दिव्यांशी, अलका राठौर, गुरुमहक, दुर्वेश सिंह का सहयोग रहा।



रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते शिक्षक। • अमृत विचार

### प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव के शुभारंभ पर गांधी भवन परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा विकास प्रदर्शनी भी लगाई गई। मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने डीएम, एसपी आदि के साथ विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदर्शित की गईं, वस्तुओं के बारे में जानकारी हासिल की। प्रदर्शन में स्टॉल संचालकों का उत्साहवर्धन भी किया। साथ ही कैबिनेट मंत्री ने काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित चित्र व अभिलेख प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।



क्रांतिकारी प्रेमकिशन खन्ना को नमन करते एसपी अशोक कुमार मीणा।

### इन लोगों की रही उपस्थिति

कवि डॉ. इंदु अजनबी के संचालन में चले कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, तिलहर विधायक सलोना कुशवाह, सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ वाल्मीकि, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, ब्लाक प्रमुख राजाराम वर्मा, डीआईओएस हरिवंश कुमार, बीएसए दिव्या गुप्ता, लोक निर्माण विभाग मंत्री के प्रतिनिधि विनीत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विशिष्टजन मौजूद रहे।










### लाइट एंड साउंड शो ने किया सभी को रोमांचित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव में शुक्रवार देर शाम शहीद संग्रहालय में लाइट एंड साउंड शो का आयोजन किया गया। लाइट एंड साउंड शो का जिले में अनूठा कार्यक्रम देखकर लोग रोमांचित हुए।

लाइट एंड साउंड शो का प्रारंभ मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद सभी ने शो के माध्यम से काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायकों बिस्मिल, अशफाक और रोशन सिंह की गौरवगाथा को देखकर उनके साहस को सराहा। इस मौके पर डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा, नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, छावनी परिषद की सीईओ जिज्ञासा राज, उपाध्यक्ष अवधेश दीक्षित, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डीपीएस राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता आदि विशिष्टजन शामिल हुए।



शहीद संग्रहालय में लाइट एंड साउंड शो का दृश्य।

### काकोरी ट्रेन एक्शन की स्मृति में रोपित की पौध

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कालेज के इतिहास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने कॉलेज परिसर में काकोरी ट्रेन एक्शन की स्मृति में पौध रोपित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन केस में जनपद के क्रांतिकारियों पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह ने अपना सर्वोच्च बलिदान अर्पित किया है। उनकी साझी शहादत की विरासत को संजोना अब नई पीढ़ी की जिम्मेदारी है। सचिव डॉ. एके मिश्रा, प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार आजाद आदि ने भी काकोरी घटना के बारे में जानकारी देते हुए अमर शहीदों को नमन किया। डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. मधुकर श्याम शुक्ल, डॉ. आदित्य कुमार सिंह, डॉ. राम शंकर पांडेय, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. धर्मवीर, डॉ. एसपी डबराल, डॉ. विकास खुराना आदि मौजूद रहे।



### सुदामा प्रसाद स्कूल में बच्चों ने सुनी वीरगाथा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या कॉलेज में प्रबंध समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय, प्रधानाचार्या डॉ. राखी मिश्रा ने शहीदों की वीरगाथा सुनाते हुए उनका भावपूर्ण स्मरण किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्राओं ने अमर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण किया श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर भाषण और कविताओं के माध्यम से अमर शहीदों को याद किया गया। विद्यालय की इंदिरा गाइड कंपनी की कैप्टन रीतू अरोड़ा, प्रज्ञा सिंह समेत शुभी, निहारिका, सौम्या, पल्लवी, दिलप्रीत कौर, अदीबा आदि छात्राओं ने नगर निगम स्थित काकोरी ट्रेन एक्शन के अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कालेज में अमर शहीदों की याद में स्मृति बोर्ड भी सजाया गया।



डॉ. सुदामा प्रसाद में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते अध्यक्ष संतोष पांडेय और स्टाफ।

### इंजीनियर्स ने शहीदों को किया नमन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग में काकोरी ट्रैन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर जनपद के वीर सपूतों का भावपूर्ण स्मरण किया गया। अधिशासी अभियंता इंजीनियर रथिन सिन्हा, सहायक अभियंता इंजीनियर पवन कुमार, अवर अभियंता इंजीनियर अहमद मुबीन, चंकी पांडेय, सुधीर कुमार आदि ने अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाक़ उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह समेत काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़े सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।






शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

**आज का मौसम**

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान

32.0⁰ अधिकतम तापमान | 26.4⁰ न्यूनतम तापमान

# मुठभेड़ में इनामी बदमाश के पैर में लगी गोली

## सुवेग वर्मा पर घोषित है 25 हजार रुपये का इनाम, पिस्टल और कारतूस बरामद, सिपाही भी घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गर्रा नदी के किनारे डेयरी वेस्ट प्रबंधन के पास छिपे होने की मिली थी सूचना

**अमृत विचार:** गर्रा नदी किनारे चौक कोतवाली पुलिस की शुक्रवार को 25 हजार रुपये के इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान हिस्ट्रीशीटर बदमाश और एक सिपाही गोली लगने से घायल हो गया। हिस्ट्रीशीटर के पैर में और सिपाही के हाथ में गाली लगी। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश को दबोच उसके कब्जे से एक पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं। बदमाश के ऊपर 22 मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर को शुक्रवार की रात एक बजे सूचना मिली कि इनामी हिस्ट्रीशीटर सुवेग वर्मा निवासी अजीजगंज चौक कोतवाली गर्रा नदी के किनारे डेयरी वेस्ट प्रबंधन के पास छिपा है। पुलिस ने बदमाश की घेराबंदी की तो बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा के उद्देश्य से फायरिंग की, जिसमें सुवेग पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि सिपाही दीपेंद्र चौधरी के बाएं हाथ में गोली लगी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर बदमाश को दबोच लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 32 बोर का एक पिस्टल, पांच खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने घायल बदमाश व सिपाही को मेडिकल कॉलेज उपचार के लिए भेजा। हिस्ट्रीशीटर बदमाश सुवेग वर्मा पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह जिला बदर अपराधी था। बदमाश के ऊपर विभिन्न धाराओं के 22 मुकदमें दर्ज हैं। वह सदर बाजार थाना क्षेत्र में दर्ज एक मुकदमे फरार चल रहा था। उसके खिलाफ 23 जुलाई को जिला बदर की कार्रवाई भी खत्म हो गयी थी।



मुठभेड़ के दौरान पकड़ा गया इनामी बदमाश सुवेग वर्मा।

पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश का चालान कर दिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक रोहित कुमार, टीकम सिंह, अरविन्द कुमार, हेकां संजीव कुमार, सिपाही दीपेंद्र चौधरी, गौरव सिंह, आर्य त्यागी, मोहित कुमार थे।

### हिस्ट्रीशीटर का फायरिंग करते वीडियो हुआ था वायरल

हिस्ट्रीशीटर सुवेग का तीन दिन पूर्व एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो वायरल में बदमाश अपने मोहल्ले अजीजगंज में गाली-गलौज करते हुए तमंचे से फायरिंग कर रहा था। हिस्ट्रीशीटर वीडियो में कहता सुनाई दे रहा था कि मैं सुवेग वर्मा हूं और जिला बदर रह चुका हूं। वीडियो वायरल होने पर एसपी ने उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की थी।

### सुवेग वर्मा समेत चार पर दर्ज की गई थी रिपोर्ट

चौक कोतवाली के उप निरीक्षक टीकम सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सात अगस्त को हिस्ट्रीशीटर सुवेग वर्मा ने साथियों के साथ अजीजगंज में दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की थी। जिसका वीडियो वायरल हुआ था। लोग दहशत के कारण उसका नाम नहीं लेते थे। वायरल वीडियो के मामले में सुवेग वर्मा, शिवम शंखवार निवासी मस्जिदगंज कोतवाली, सूरज वर्मा निवासी सुभाषनगर थाना सदर बाजार और सचिन रावत के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गयी थी।

> हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने के पुलिस टीम पहुंची थी। हिस्ट्रीशीटर ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से एक सिपाही घायल हो गया। बचाव में पुलिस की तरफ से चलाई गई गोली से बदमाश सुवेग वर्मा घायल हो गया। -**अशोक कुमार**, मीणा एसपी

# अपहरण कर हत्या मामले में तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अभियुक्तों पर 2.10 लाख रुपये का लगाया गया अर्थदंड

**अमृत विचार:** वर्ष 2003 में थाना जैतीपुर के गांव बैसरी में अपहरण कर हत्या के मुकदमे की सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध होने पर कोर्ट ने तीन अभियुक्तों को आजीवन कारवास की सजा और 2.10 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

थाना जैतीपुर के गांव बैसरी निवासी रामसुमिरन का वर्ष 2003 में कुछ लोगों ने अपहरण कर उनकी हत्या कर शव दूसरी जगह फेंक दिया था। जिसकी रिपोर्ट थाना जैतीपुर में ब्रह्मानंद की ओर से थाना मीरानपुर कटरा के गांव पोसिल निवासी नरेश, पप्पू और थाना जैतीपुर के गांव बरखेड़ा निवासी जदुवीर उर्फ जद्दू के खिलाफ अपहरण कर हत्या किए जाने और साक्ष्य मिटाने की धाराओं में दर्ज की गई थी। विवेचना के उपरांत पुलिस ने तीनों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय भेज दिए। जहां सुनवाई के दौरान पुलिस की मॉनिटरिंग सेल व थाना जैतीपुर पुलिस और अभियोजन विभाग द्वारा समन्वय स्थापित करके समयबद्ध रुप से न्यायालय एडीजे/एफटीसी-2 में साक्षियों को साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी की। वहीं कोर्ट में गवाहों के बयान हुए और शासकीय अधिवक्ता व बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अपने-अपने तर्क दिए। गवाहों के बयान और तर्कों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने पत्रावली का अवलोकन कर दोष सिद्ध होने पर नरेश, पप्पू और जदुवीर को आजीवन कारावास की सजा और 2.10 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## सार-संक्षेप

### कॉलेज गेट पर दो छात्र गुटों में मारपीट, दो घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उप निरीक्षक साक्षी त्यागी सिपाहियों के साथ गुरुवार की सुबह साढ़े आठ बजे मोहल्ला हयातपुरा में ड्यूटी पर थी। उन्हें एक कॉलेज के बाहर कुछ लड़कों में मारपीट की सूचना मिली। वह सिपाहियों के साथ पहुंची तो कुछ लड़के आपस में झगड़ा कर रहे है। पूछताछ की तो छात्रों ने बताया कि चार अगस्त से झगड़ा चल रहा है। एक कॉलेज की छह छात्राओं का इंस्टाग्राम पर वाडीज के नाम से ग्रुप है, जिसमें लड़कियां आपस में बात करती है। इस ग्रुप में कई छात्राएं जुड़ी है। एक छात्रा का दोस्त अभिजीत ग्रुप की सभी लड़कियों को अपमानजनक अश्लील शब्दों का प्रयोग करता है। ग्रुप से जुड़ी छात्राओं ने दोस्त सार्थक मिश्रा, अभय कुमार, अमिताभ को इस बात की जानकारी दी। जिसपर अभिजीत ने विरोध किया। आरोप है कि अभिजीत अपने साथियों के साथ कॉलेज गेट के बाहर शुक्रवार सुबह 11 बजे पहुंचा और सार्थक मिश्रा, अभय कुमार व अमिताभ के साथ मारपीट की, जिससे सार्थक को चोट आई। बीच-बचाव करने पर दूसरे पक्ष के मौसम राठौर को भी चोट आई। घटना के बाद दोनों पक्ष भाग गए थे। महिला उप निरीक्षक साक्षी त्यागी ने अभिजीत, मौसम राठौर, मुकुल राठौर, सचिन ठाकुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### गोली मारने में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा थाना क्षेत्र के गांव शिवदासपुर निवासी फूल सिंह ने बताया कि उसकी गांव में राजन सिंह से पुरानी रंजिश चल रही है। बुधवार की रात एक बजे गांव का अंकित घर में घुस आया और मुख्य दरवाजा खोल दिया। वह आहट पाकर जागा तो देखा कि जैतीपुर के गांव नगरिया का अंकुल लाइसेंसी राइफल लिए हुए था। राजन के पास चाकू और राजकुमार के हाथ में तमंचा था। साथ ही राजन की पत्नी रेखा व पुत्री काजल घर के अंदर खड़ी थी। उसने पूछा कि इतनी रात में क्या करने आए हो, तभी अभियुक्तों ने तमंचा व राइफल तान दी और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि रेखा व उसकी पुत्री ने बक्से से खेत के कागज निकालकर जला दिए। खेत की बिक्री के रखे दो लाख 76 हजार रुपये निकाल लिए। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फायर किया तो फूल सिंह के पैर में गोली लगी। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि राजन सिंह समेत चार के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### गुमशुदा युवक पांच घंटे में बरामद

**शाहजहांपुर।** खुदागंज थाना के उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि मानसिंह(32) निवासी भुंडी थाना खुदागंज छह अगस्त को खेत पर घास काटने के लिए गया था, जो घर वापस नहीं आया था। उसके चाचा धनवीर सिंह ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने मानसिंह को पांच घंटे के बरामद कर लिया। पुलिस ने परिजन के सुपुर्द कर दिया।

### अस्पताल गेट से बाइक चोरी

**शाहजहांपुर।** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव बबौरी निवासी अमर सिंह ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व सुबह दस बजे वह अपने पिता बृजलाल को बाइक पर बैठाकर भावलखेड़ा सीएचसी पर लेकर आया। उसने बाइक अस्पताल गेट पर खड़ी कर दी। वह पिता को दवा दिलाकर बाहर आया तो उसकी बाइक गायब मिली। उसने तलाश की, लेकिन बाइक नहीं मिली। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### उधार के रुपये मांगने पर युवक को पीटा

**शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला गाड़ीपुरा निवासी चमेली देवी ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चार माह पूर्व उसके बेटे विशाल से मोहल्ले के करन ने 500 रुपये उधार लिए थे। उसके बेटे ने आरोपी से उधार के रुपये मांगे। 1 दिसंबर की शाम छह बजे आरोपी करन ने उसके बेटे से कहा कि दुकान पर चलो और वहां रुपये दे देगे। आरोपी ने बेटे को पीटा और कहा कि रुपये दोबारा मत मांग लेना।

# जच्चा-बच्चा की मौत निजी अस्पताल में हंगामा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पति ने चालक पर कमीशन लेने का आरोप लगाया

**अमृत विचार:** एक गर्भवती को परिजन मेडिकल कॉलेज लाए। एंबुलेंस चालक महिला को अपने कमीशन के चक्कर में महिला को एक निजी अस्पताल में ले गया। जहां जच्चा व बच्चा दोनों की मौत हो गयी। इस दौरान परिवार वालों ने हंगामा किया। पुलिस ने पहुंचकर परिवार वालों को शांत कराया।

जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव छजरु निवासी संजीव कुमार गर्भवती पत्नी संगीता(22) को लेकर गुरुवार की देर रात मेडिकल कॉलेज पहुंचा था। प्रसव पीड़ा के दौरान एक प्राइवेट एंबुलेंस चालक ने उससे कहा कि रात में यहां कोई नहीं देखेगा इसलिए पत्नी को निजी अस्पताल लेकर चलो। वहां पर कम रुपये में प्रसव हो जाएगा। एंबुलेंस चालक उसे एसएस कॉलेज के आगे एक निजी अस्पताल में ले गया। जहां उसे भर्ती कर लिया गया। प्रसव पीड़ा के दौरान जच्चा व बच्चा की अस्पताल में मौत हो गयी। इस दौरान परिवार वालों ने हंगामा किया। पुलिस चौकी अजीजगंज ने पहुंचकर परिवार वालों को समझाकर शांत कराया। मृतका के पति ने चालक पर कमीशन लेने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि इस संबंध में कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, पत्नी घायल

**शाहजहांपुर , अमृत विचार :** एक युवक कलान स्थित ससुराल आया हुआ था। वह पत्नी को लेकर बाजार जा रहा था। रास्ते में डीसीएम ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गयी और उसकी पत्नी घायल हो गयी। एटा जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव गोगरार निवासी राजेश कुमार(28) की ससुराल कलान थाना क्षेत्र के गांव गोकुल नगला में थी। वह अपने बच्चे का मुंडन कराने ससुराल आया था। वह पत्नी नीतू को लेकर गुरुवार को बाइक से कलान जा रहा था। रास्ते में डीसीएम ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह और उसकी पत्नी घायल हो गयी। दोनों को कलान सीएचसी पर भेज गया। जहां राजेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक राजेश के ससुर ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### सड़क हादसे में वृद्धा की मौत

**शाहजहांपुर।** जिला हरदोई के थाना शाहाबाद के मोहल्ला नई बस्ती निवासी माया देवी(30) गुरुवार की शाम बाजार गयी थी। सड़क पार करते समय बाइक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल महिला को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान महिला की शुक्रवार की दोपहर मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### महिला से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** जैतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि 3 अगस्त को दिन में तीन बजे वह खेत पर थी। आरोप है कि गांव के दामोदर ने महिला को गलत नीयत से पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया। पुलिस ने आरोपी दामोदर के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# रामगंगा में नहा रहे कांवड़िया की डूबकर मौत

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर

- परौर के बोझी घाट पर जल लेने गया था मदनापुर का अशोक
- सूचना पर पहुंचे गोताखोरों ने दो घंटे बाद निकाला शव

**अमृत विचार:** क्षेत्र का एक कांवड़िया साथियों के साथ बोझी घाट पर गंगा जल लेने गया था। सभी रामगंगा नदी में नहाने लगे। इस दौरान एक कांवड़िया नदी में डूब गया। सूचना पर गढ़िया रंगीन पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों को बुलाया। गोताखोरों ने दो घंटे बाद उसका शव नदी से बाहर निकाल लिया।



मृतक अशोक।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव बरुआ निवासी अशोक(17) पुत्र बलराम भाई संतोष और गांव के सुनील, रामवीर, सुरजीत आदि के साथ कांवड़ लेकर शुक्रवार की सुबह सात बजे परौर थाना क्षेत्र के बोझी घाट पर रामगंगा में गंगा जल लेने के लिए गया था। सभी लोग रामगंगा में नहाने लगे। इस दौरान अशोक नहाते समय नदी में डूब गया। भाई ने घर में सूचना दी तो बलराम परिवार वालों के साथ बोझी घाट पर पहुंचे। इधर गढ़िया रंगीन थाना को सूचना दी गई। पुलिस ने गोताखोरों को बुलवाया। गोताखोरों ने रामगंगा नदी से दो घंटे बाद उसका शव नदी से बाहर निकाल लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कांवड़िया गंगाजल लेकर मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर में शिवधाम पर गंगा जल चढ़ाने के लिए आते है। मृतक अशोक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी मां का कृष्णा देवी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।



घटना स्थल पर लगी भीड़ और मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

# युवक पर जान से मारने की नीयत से किया फायर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली के मोहल्ला हुंडाल खेल निवासी अवनीश मौर्य ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करके परिवार का पालन पोषण करता है।

मोहल्ले का ही सोनू यादव कुछ दिन पहले जेल से छूटकर आया है। उस पर कई गंभीर धाराओं के मुकदमे दर्ज है। आरोप है कि वह और उसकी मां गीता यादव मादक पदार्थ का अवैध कारोबार करते है। उसके घर बदमाशों का आना जाना रहता है। आरोपी व उसकी मां आए दिन मोहल्लों वालों को गाली देते है। आरोप है कि 11 जुलाई की रात 11 बजे वह घर आ रहा था। घर के बाहर आरोपी सोनू, गीता व एक अन्य ने उसे घेर लिया और तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। जान से मारने की नीयत से फायर भी किया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपी सोनू यादव, गीता यादव व एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सड़क पर गोवंश का बसेरा...हादसे का खतरा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शाहजहांपुर-बरेली मोड़ से जलालाबाद जाने वाले स्टेट हाईवे पर दिन-रात जमे रहते हैं छुट्टा पशु

**अमृत विचार:** शहर की मुख्य सड़कों पर छुट्टा गोवंशीय पशुओं का कब्जा रहने से वाहन चालकों सहित राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे कभी भी दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

शाहजहांपुर-बरेली मोड़ से जलालाबाद जाने वाला स्टेट हाईवे पर पूरे सावन कांवड़ यात्रा निकलती हैं। साथ ही यह जनपद का प्रमुख रोड होने के कारण काफी व्यस्त है। पूर्व में हुई एक बैठक में डीएम ने सड़क पर एक भी गोवंश न मिलने का आदेश भी दिया था, लेकिन इसका ठीक से पालन नहीं हो पा रहा है। शहर और शहर के आसपास की मुख्य सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है। लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

शाहजहांपुर- जलालाबाद मार्ग पिपरौला सहित कई जगह पर दिन-रात मवेशी जमे रहते है। जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। लोगों से चर्चा हुई तो उनका कहना था कि सबसे ज्यादा रात के समय वाहन चालकों को समस्या होती है। तेज गति से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को ये पशु दिखाई नहीं देते, जिसके कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं।



सड़क पर कब्जा जमाए बैठे पशु। ● अमृत विचार

### बाइक से टकराकर पशु की मौत, तीन लोग घायल

**पुवायां।** तेज रफ्तार बाइक छुट्टा सांड़ से टकरा गई। बाइक की स्पीड ज्यादा होने की वजह से टक्कर लगते ही पशु की मौके पर ही मौत हो गई और एक बाइक पर बैठे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना क्षेत्र के बुझिया निवासी विजेंद्र पुत्र लालाराम अपनी रिश्तेदारी में इटोली गए थे। अमित व श्याम निवासी ग्राम इटोली विजेंद्र को छोड़ने जा रहे थे। तभी भिलावा गांव के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक सांड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सांड की मौत हो गई और एक बाइक पर बैठे श्यामू, विजेंद्र और अमित घायल हो गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंची। पुलिस ने घायलों को पुवायां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर उनका उपचार किया जा रहा है।

# पिता की हत्या में मां को जेल...सदमे में बेटी, सभी की आंखों में थे आंसू

संवाददाता, रोजा/ शाहजहांपुर

- पथराई आंखों से बेटे के शव को देख रही थी मां, बहन को संभालना हुआ मुश्किल
- गुरुवार को पति के सिर पर ईंट से प्रहार करने की हत्यारोपी गायत्री को जेल भेजा

**अमृत विचार:** पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार दोपहर सत्यपाल का शव हथौड़ा में शिव एनक्लेव कॉलोनी में स्थित मां शकुंतला के घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। दिल्ली से आई बहन के आंसू नहीं थम रहे थे। मां पथराई आंखों से बेटे के शव को देख रही थी। कुछ दूरी पर स्थित श्मशान घाट पर सत्यपाल के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बेटे ज्ञानुष उर्फ राहुल ने पिता को मुखाग्नि दी। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने मृतक की मां को ढांढ़स बंधाया।

गांव हथौड़ा निवासी सत्यपाल की एक शादीशुदा बहन दिल्ली में रहती है। फोन से उसे भाई की उसकी ही पत्नी के हाथों ईंट से प्रहार कर हत्या की खबर सुनने को मिली तो उसके होश उड़ गए। वह देर रात दिल्ली से मायके पहुंची। यहां जब वह हकीकत से रूबरू हुई तो वह बिलख पड़ी। बड़ी मुश्किल से परिजनों ने उसे संभाला। शकुंतला की रोते-रोते आंखें पथरा गई थीं। बेटी दीप्ति उर्फ डॉली के सामने तो और भी भारी सदमा था, एक ओर पिता की हत्या में मां का जेल जाना, उसके लिए खुद को संभालना मुश्किल हो रहा था। परिवार, रिश्तेदार और मोहल्ले की महिलाएं सभी को सांत्वना दे रहीं थी लेकिन परिजनों के आंसू थम नहीं रहे थे। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे पोस्टमार्टम से शव आने के इंतजार में परिवार की महिलाएं हथौड़ा में शिव एनक्लेव कॉलोनी में स्थित मां शकुंतला देवी के दरवाजे पर बैठीं हुई थी। 2:45 बजे शव पहुंचा तो एक बार फिर से परिवार के रोने-बिलखने की तेज आवाजें सुनाई देने लगी। मां शकुंतला, जिसकी रोते-रोते आंखे पथरा गई थी, वह भी बेटे के शव को देख बिलख पड़ी। यहीं हाल उसकी बहन नीतू व परिवार के अन्य सदस्यों का हो रहा था। जिसे देख हर किसी की आंखें नम हो गई। परिवार के लोगों को सांत्वना दे रहीं महिलाओं का कहना था कि इस तरह की घटना को अंजाम देने से पहले गायत्री ने जरा भी नहीं सोचा, यदि पति परेशान या प्रताड़ित करता था, तो इस प्रताड़ना से बचने के और भी उपाय हो सकते थे लेकिन इस तरह से हत्या करना अक्षम्य अपराध है, इसके लिए जितनी भी सजा दी जाए वह कम है। दरवाजे के पास से सत्यपाल के शव की अर्थी उठी तो एक बार फिर से परिजन बिलख पड़े। बेटी दीप्ति उर्फ डॉली को संभालना मुश्किल हो रहा था। रिश्तेदार महिलाओं ने उसे जैसे-तैसे संभाला। श्मशान घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। चिता को मुखाग्नि बेटे ज्ञानुष उर्फ राहुल ने दी।

### मेरे बच्चे भी मुझसे कर दिए थे दूर

पूछताछ में अभियुक्ता ने पुलिस को बताया कि मेरा पति बहुत क्रूर था। मुझे घर में बंद रखता था और बहुत मारता था, जो भी कमाकर लाता था, अपनी मां को दे देता था। मेरे दोनों बच्चे भी मेरे पति ने अपनी मां के घर रख रखे थे, उनसे भी मुझे दूर कर दिया था। कल वह मुझसे 300 रुपये मांग रहा था और नहीं देने पर मुझे मारने के लिए डंडा उठा लिया, इस पर मुझसे रहा नही गया और जो घर में ईंट पड़ी थी, मैंने उससे उसका सिर फोड़ दिया। फिर मुझे गुस्सा आता चला गया और मैं लगातार उसके सिर में ईंट मारती रही। मुझे होश नहीं रहा लेकिन वह मुझे बार-बार मारता था। मैंने तो उसे एक ही बार में मार दिया। पुलिस ने उसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी गायत्री।



बेटे सत्यपाल के शव आने का इंतजार कर रही शकुंतला देवी, पीछे बैठी मृतक की बेटी दीप्ति उर्फ डॉली व रिश्तेदार महिलाएं।

### शकुंतला बोली, सत्संग से लौटने के बाद बात-बात पर झगड़ती थी बहू

सत्यपाल की मां शकुंतला देवी ने बताया कि रोड किनारे स्थित घर में दस वर्ष पहले गायत्री ने ब्यूटीपॉर्लर खोला था। इसके दो वर्ष बाद वह शहर में विश्व हरि के सत्संग में शामिल होने गई थी। सत्संग से लौटने के बाद गायत्री का मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। बात-बात पर झगड़ने की स्थिति में आ जाती है। घर में पति सत्यपाल से और शिव एनक्लेव पहुंचकर उससे झगड़ आती थी। उसकी इस हरकतों को देखते हुए उसका इलाज करवाया गया। एक वर्ष से उसकी मानसिक स्थिति ठीक थी लेकिन गुरुवार को उसने बेटे सत्यपाल की सिर में ईंट से प्रहार कर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि चार माह पहले गायत्री ने बेटी डॉली के साथ भी मारपीट की थी।

### परेशानियों के बीच नशे में मारपीट से गुस्सैल बनी गायत्री ने पार कर दी थी हैवानियत की सारी हदें

गायत्री का गुस्सा घटना से पहले तीन से चल रहे झगड़े की वजह से नहीं उपजा था, बल्कि उसके गुस्से की आग अंदर ही अंदर कई वर्षों से सुलग रही थी। सत्यपाल स्टेडियम में चौकीदार था। उसे छह हजार रुपये मानदेय मिलता था और वह इन्हें अपनी मां शकुंतला को दे देता और फिर बदले में खर्च के अनुसार सौ-दो सौ और पांच सौ रुपये ले लेता था। शकुंतला को ओसीएफ से रिटायर हुए पति हरिराम की मृत्यु के बाद पेंशन भी मिलती थी। वह जिस मकान में रहती है वह दो वर्ष पहले बनवाया गया था और उसमें पत्थर आदि लगा हुआ है। जिस मकान में गायत्री और सत्यपाल रहते थे, वह उतना बेहतर नहीं था। इन परेशानियों के बीच नशे में पति द्वारा आए दिन मारपीट किए जाने की घटना ने उसे इतना गुस्सैल बना दिया कि उसने गुरुवार दोपहर को हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं।

### हत्यारोपी महिला को जेल में अलग रखा गया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा पुलिस ने पति की हत्या में आरोपी पत्नी को गिरफ्तार करके चालान कर दिया। जेल प्रशासन ने हत्यारोपी महिला को वैकल्पिक व्यवस्था के लिए अलग एक कोठरी में रखा है। हत्यारोपी पत्नी पति के सिर का मांस निकालकर फेंकने लगी थी। इधर रोजा पुलिस ने मृतक सत्यपाल के शव पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके शरीर में चोट के निशान भी थे और सिर का आधा मांस निकल गया था।

### थाना प्रभारी बोले, सजा से बचने को करने लगी मानसिक मंदित होने का नाटक

रोजा थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि गायत्री को अब अपने किए पर अफसोस है, शुरुआत में तो वह अपने इस कृत्य को छिपाने के लिए मानसिक मंदित होने का नाटक कर रही थी, लेकिन वह मानसिक मंदित नहीं है। अब वह अपने किए पर पछता रही है। कभी रोने लगती है तो कभी गुमसुम हो टकटकी लगाकर एक ओर देखती रहती है। शुरुआत में माना जा रहा था कि गायत्री मानसिक मंदित है इसलिए उसने अपने ही हाथों से अपना सुहाग उजाड़ दिया। जब जांच हुई तो परतें खुलती चली गई कि गायत्री न तो मानसिक मंदित है और न ही वह डिप्रेशन में थी। पुलिस और कानून को धोखा देने के लिए वह मानसिक मंदित होने का नाटक कर रही थी, लेकिन पुलिस के सामने उसका नाटक नहीं चल सका और सच्चाई सामने आ गई।

### शकुंतला ने बहू के मायके वालों के लिए बंद कर लिए घर के दरवाजे

रोजा, अमृत विचार : सिर पर ईंट से प्रहार कर पति की हत्या करने वाली गायत्री के इस कृत्य से उसके मायके वाले भी शर्मसार हो रहे हैं। सास शकुंतला देवी ने गायत्री के मायके वालों के लिए अपने घर के दरवाजे बंद कर लिए। गायत्री का मायका लखीमपुर खीरी के थाना पसगवां के भवानीपुर में है। उसके तीन भाई हैं और एक बहन सुमन है। शुक्रवार को उसके मायके से मां प्रेमा देवी, भाई गुड्डू और शीलभद्र आए थे, तीसरा भाई जितेंद्र नहीं आया। प्रेमा देवी अपने रिश्तेदार महिलाओं व परिवार के अन्य लोगों के साथ शकुंतला देवी के दरवाजे पर बैठी घटना पर अफसोस जता रही थी। उसने बताया कि गायत्री ने दो माह पहले उसके साथ भी मारपीट कर दी थी। इधर, शकुंतला देवी ने पुलिस से कहा कि गायत्री के मायके वालों को यहां से हटा दीजिए, जेल जा रही हत्यारिन बेटी से मिलना है तो जेल या कोर्ट में जाकर मिले। इसके बाद शकुंतला ने अपने घर के दरवाजे बंद कर लिए और मायके वाले वहीं दरवाजे पर बैठे रहे। वहीं पुलिस ने मौके से मायके वालों को हटाया तो मां प्रेमा देवी वहीं बैठी रही, जबकि अन्य लोग वहां से हट गए। प्रेमा देवी बेटी की करतूत पर उसे कोस रही थी और कह रही थी कि वह ऐसी बेटी का मुंह तक नहीं देखना चाहती।



मृतक की मां शकुंतला देवी को ढांढ़स बंधाते रोजा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार।

# चार श्रम संहिता निरस्त कर बिक्री संवर्धन कर्मचारी अधिनियम जारी रखने की मांग

## दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश एंड उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन से जुड़े दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रांतीय आह्वान पर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चित्रा निर्वाल को सौंपा।



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चित्रा निर्वाल को ज्ञापन सौंपते सेल्स कर्मचारी। ● अमृत विचार

दवा कंपनियों के प्रतिनिधि शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे सबसे पहले शहीद पार्क के पास इकट्ठा हुए और यहां से कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां संगठन ने ज्ञापन सौंपने से पूर्व अपनी मांगों को दोहराते हुए कहा कि बिक्री संवर्धन कर्मचारियों को नियोक्ता अवैध तरीके से स्थानांतरित कर रहे हैं। अवैध रूप से काम से रोक रहे हैं और नौकरी से बर्खास्त कर रहे हैं। आरोप लगाया कि फर्जी मुद्दे बनाकर कर्मचारियों को वेतन

- **मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में श्रमिकों से जुड़ी कई अन्य मांगें भी उठाईं**

और यात्रा खर्च का भुगतान करने से इंकार कर रहे हैं।

नियोक्ता, बिक्री संवर्धन कर्मचारी अधिनियम और अन्य श्रम कानूनों का उल्लंघन कर रहे हैं और नियमित कर्मचारियों को धमकाने के साथ ही अपमानित कर रहे हैं। सरकारी अधिकारी अस्पतालों में सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों के काम को बंद करने के आदेश जारी कर रहे हैं और इस प्रकार उनके काम करने के अधिकार पर हमला करके उनके जीवन के अधिकार को खतरे में डाल रहे हैं।

मांगों से संबंधी 25 सूत्रीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चित्रा निर्वाल को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष मुरारी दीक्षित, सचिव विजय मिश्रा, सीएल तिवारी, जितेंद्र सिंह, हिमांशु मिश्रा आदि शामिल रहे।

### ये मांगे हैं शामिल

चार श्रम संहिताओं को निरस्त किया जाए और बिक्री संवर्धन कर्मचारी अधिनियम1976 सहित मौजूदा श्रम कानून को जारी रखा जाए। नियोक्ता, सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों की कोई छंटनी, स्थानांतरण आदि न करें।सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को समय पर वेतन का पूरा भुगतान किया जाए। एक मई मजदूर दिवस पर अवकाश घोषित किया जाए।श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं पर मुकदमा चलाकर उन्हें सजा दिलाई जाए और सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए आदि मांगे शामिल हैं।

## विधायक ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**मदनापुर।** ब्लॉक सभागार में पार्टी के निर्देश पर शुक्रवार को ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने कार्यकर्ता सम्मेलन किया, जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार एक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमे सभी सहयोगी भाग लेंगे। 12 अगस्त को प्रतिमाओं पर स्वच्छता का कार्यक्रम किया जाएगा व प्रतिमाओं पर माल्यार्पण होगा। 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जाएगा और 14,15 अगस्त को घर-घर तिरंगा पहुंचाया जाएगा। विधायक ने कार्य योजना बनाई। लोगों की समस्या सुनी और कार्यकर्ताओं की समस्या को प्राथमिकता से हल करने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री ब्रजमोहन सिंह व समापन विजय चौहान ने किया। सर्वेश मिश्रा, गोविंद गुप्ता, सचिन सिंह दीपू, देवेंद्र सिंह, रामबरन राठौर, पवन सिंह, ईशु चौहान, केपी सिंह, पवन सिंह, सचिन सिंह, अमरपाल, सरोज शुक्ला, सनी सिंह आदि रहे।

## तिरंगा यात्रा पर पाबंदी पुलिस के खिलाफ नारेबाजी



प्रदर्शन करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

- **भाकियू ट्रैक्टरों से निकालना चाह रहे थे तिरंगा यात्रा**
- **गांव में पैदल मार्च कर लौट गए वापस**

**अमृत विचार:** तिरंगा यात्रा पर पाबंदी से नाराज भाकियू कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद पैदल तिरंगा यात्रा निकालकर लौट गए। कार्यकर्ता ट्रैक्टरों के साथ तिरंगा यात्रा निकालना चाह रहे थे लेकिन पुलिस ने मना कर दिया।

संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भाकियू टिकैत गुट के युवा जिलाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह के नेतृत्व में तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा निकालना सुनिश्चित किया गया था, जो अपने समय 11 बजे से गांव ग्वार से दर्जनों ट्रैक्टर के साथ निकलने को तैयार थी, किसान अपने ट्रैक्टरों पर झंडे आदि लगा ही रहे थे। इस दौरान भारी पुलिस बल वहां पहुंच गया और किसानों से कहने लगा कि सावन के महीने में कांवड़ यात्राएं निकल रही हैं, इसलिए ट्रैक्टर यात्रा न निकाली जाए। मंत्रणा के बाद किसानों ने बात मानकर गांव के ही रूटों पर तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा निकालने का निर्णय लिया लेकिन पुलिस ने उच्च अधिकारियों से बात करके इस प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया। इस पर संगठन के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। आधे घंटे तक जमकर नारेबाजी हुई और किसान तिरंगा यात्रा निकालने की जिद पर अड़े रहे। काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस ने किसानों को शांत कराया लेकिन किसानों ने पैदल मार्च किया और अपने ट्रैक्टरों के साथ लौट गए। इस दौरान तहसील अध्यक्ष गेंदनलाल वर्मा, चरण लाल,वीरपाल वर्मा,मुन्नालाल, रेनू कश्यप, रामनिवास, रमेश शर्मा, पप्पू गंगवार, प्रतिपाल राजपूत, महेश वर्मा, बुधपाल, प्रेमवती आदि मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर रैली नहीं निकाल सके किसान

पुवायां, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ता शुक्रवार को बंडा रोड स्थित विद्युत उपकेंद्र पर ट्रैक्टर रैली के लिए एकत्र हुए। उन्हें शाहजहांपुर पहुंचकर धरना प्रदर्शन में शामिल होना था, लेकिन प्रशासन ने इन लोगों को आगे बढ़ने नहीं दिया। तमाम किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पहुंचे थे, जो बाद में वापस चले गए। रैली का नेतृत्व तहसील अध्यक्ष अनिल यादव कर रहे थे, जिनके साथ श्रीकृष्ण, रामवीर, उल्फत सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने मंदिर के पुजारी पर लगाया चढ़ावे के रुपये का गलत उपयोग करने का आरोप

**तिलहर, अमृत विचार :** मंदिर के चढ़ावे का गलत उपयोग करने एवं श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप तमाम हिंदू संगठन के लोगों ने मंदिर के पुजारी पर लगाया है। एसडीएम जीत सिंह को ज्ञापन देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

शुक्रवार को फिरोजपुर ग्राम पंचायत के प्रधान बृजमोहन कश्यप एवं हिंदू युवा नेता सिद्धार्थ गुप्ता के नेतृत्व में तमाम महंत एवं लोग कचहरी में एकत्र हुए। सिद्धार्थ गुप्ता ने कहा कि कछियानी खेड़ा श्री हनुमान मंदिर की कमेटी कई महीने पहले एसडीएम की अध्यक्षता में बनाई गई थी लेकिन कमेटी का मंदिर पर पूर्ण रूप से संचालन नहीं हो रहा है। विशाल प्रताप सिंह ने कहा कि मंदिर में लाखों रुपये के आने वाले चढ़ावे का लगातार गोलमाल किया जा रहा है। श्रद्धालु पूछते हैं, तो मंदिर के पुजारी झगड़ा करते हैं। प्रधान बृजमोहन कश्यप ने कहा कि कई बार चढ़ावे का अनाज बाजार में बेचा गया, जिसकी वीडियो भी मौजूद है। आरोप लगाया कि पुजारी के द्वारा लाखों के घंटे भी बेच दिए गए थे। अधिकारियों ने घंटे कबाड़ी की दुकान से बरामद किए थे। इस दौरान विशाल सिंह, राम औतार, सुरेश शर्मा पप्पू, रजत कुमार, आचार्य लोकेश, श्याम चरण, कुलदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पल्लेदार की नाबालिग बेटी से छेड़छाड़

**अल्हागंज।** पल्लेदार पिता के लिए खाना लेकर आई किशोरी से पिता के एक साथी ठेकेदार ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। शुक्रवार को पल्लेदार पिता के लिए उसकी नाबालिग बेटी खाना लेकर आई थी। उसके पिता ने खाने को गोदाम में रखने के लिए कहा। इसी दौरान उसका साथी ठेकेदार निवासी मोहल्ला पीरगंज भी उसके पीछे गोदाम में पहुंच गया। बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर लोग पहुंच गए। सूचना पुलिस 112 पर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पल्लेदारों के ठेकेदार को हिरासत में ले लिया। पीड़िता के पिता ने बताया कि ठेकेदार इससे पहले भी एक महिला से अश्लीलता कर चुका है।

## न्यायालय के आदेश पर नष्ट कराई शराब

**पुवायां।** कोतवाल प्रदीप राय ने बताया कि काफी समय से कच्ची शराब पकड़ी जा रही थी जोकि थाने के मालखाने में रखी थी। काफी समय से इसे नष्ट कराने की प्रक्रिया चल रही थी। न्यायालय से परमिशन मांगी गई थी, परमिशन मिलने के बाद 411 मल नष्ट कराए गए हैं जिसमें शराब की 4862 लीटर मात्रा पुवायां से खुटार रोड पर बितौनी गांव के पास पास खाली पड़ी जगह पर नष्ट कर दी गई है।

Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003
0581-2530800/700
HELPLINE : 9760701234
गुर्दा एवं मूत्र रोग विभाग
डॉ. सौरभ गुप्ता
एम.डी., डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
नेफ्रोलॉजी एवं किडनी ट्रान्सप्लान्ट विशेषज्ञ
ओपीडी का समय
प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक
● यूरिया/क्रिएटिनिन का अधिक बढ़ जाना।
● शरीर पर सूजन/सूजी हुई आँखें।
● अनियमित ब्लड प्रेशर की शिकायत
● किडनी की बीमारी
● गुर्दे की बीमारी के साथ मधुमेह की शिकायत होना।
● किडनी में सिस्ट का होना।
● गम्भीर गुर्दे की बीमारी
● गुर्दे में इन्फेक्शन
उपलब्ध सुविधायें
● ए.वी. फिस्टुला बनना
● रक्त प्लाज्मा को निकालना
● किडनी बायोप्सी
● डायलिसिस सुविधा
● पर्मकैथ की सुविधा
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
24 घण्टे इमरजेन्सी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website : www.khushlokhospital.com
Email : khushlokhospital@rediffmail.com

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लाटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।
BRACHYTHERAPY
24 Channel
PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन
FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसं आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें -
92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिए निःशुल्क सम्पर्क करें। आधुनिक जर्मन दवाईयाँ द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- घबराहट, छाती में दर्द या भारीपन, सांस फूलना, पैरों में सूजन, हाई ब्लडप्रेशर, हाई कोलेस्ट्रोल, डाइबिटीज (शुगर), सीने या पेट में जलन या दर्द, हार्ट अटैक, हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक ऑपरेशनों का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रैटिना एवं ग्लोकोमा की जाँच उपलब्ध
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास रोड, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

### काकोरी ट्रेन एक्शन पर इप्टा की गोष्ठी में लेखक सुधीर विद्यार्थी ने बांटे अनुभव

# क्रांतिकारियों का मकसद रुपये लूटना नहीं, बल्कि ब्रिटिश सरकार को चुनौती देना था

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** भारतीय जन नाट्य संघ 'इप्टा' की ओर से लोक निर्माण विभाग सभागार में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष की शुरुआत पर शुक्रवार को प्रदेश स्तरीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात क्रांतिकारी लेखक सुधीर विद्यार्थी ने कहा कि इतिहास व्यापक दृष्टि और स्पष्ट लक्ष्य से बनता है। गांधीजी के असहयोग आंदोलन की असमय वापसी के बाद देश के स्वतंत्रता आंदोलन में एक असंतोष का भाव पैदा हो गया, जिसको लेकर क्रांतिकारियो में छटपटाहट सी थी। काकोरी घटना इसी छटपटाहट की परिणति थी।



इप्टा की काकोरी ट्रेन एक्शन गोष्ठी को संबोधित करते क्रांतिकारी लेखक सुधीर विद्यार्थी।

सुधीर विद्यार्थी ने कहा कि काकोरी एक्शन एक ऐसी घटना थी, जिसका मकसद मात्र कुछ रुपये लूटना नहीं था, बल्कि यह ब्रिटिश सरकार को सीधी चुनौती देने का एक प्रयास भी था। इस साहसिक कार्रवाई ने ब्रिटिश सरकार की चूलें हिला दीं थीं। बताया कि पहले अशफाक उल्ला इसके विरोध में थे, लेकिन दल के बहुमत के आगे उन्हें बात माननी पड़ी। अशफाक और बिस्मिल की दोस्ती और साझी शहादत- साझी विरासत दुनिया में कौमी एकता की एक अनूठी मिसाल प्रस्तुत करती है। अध्यक्षता करते हुए कारागार अधीक्षक मिजाजी लाल ने कहा कि आज हम जिस खुली हवा में सांस ले रहे हैं, वह क्रांतिकारियों के बलिदान और संघर्ष का परिणाम है।

- गांधीजी के असहयोग आंदोलन की असमय वापसी के बाद उभरे असंतोष की परिणति था काकोरी कांड

इप्टा संरक्षक वरिष्ठ रंगकर्मी जरीफ मलिक आनंद, कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान ने भी विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक सक्सेना के संचालन में चले कार्यक्रम में सभी ने अमर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। संजय राठौर ने आभार व्यक्त किया। सहायक अभियंता सुरेंद्र कुमार राठौर, हंसराज विकल, मनीष मुनि, सैफ असलम खान, आरपीडी सोती, सुयश सिन्हा, महबूब इदरीसी, कविता भारत, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, कप्तान कर्णधार, शालू यादव, शिवओम चौहान, राजकुमार राठौर, राम रतन वर्मा आदि मौजूद रहे।

### अमर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लें नई पीढी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : जीएफ कॉलेज में शुक्रवार को बिस्मिल-अशफाक हिस्टॉरिकल सोसाइटी के तत्वावधान में काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर मोहसिन हसन खां ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना ब्रिटिश साम्राज्यवाद पर एक आर्थिक प्रहार था। आवश्यकता इस बात की है कि नई पीढ़ी अमर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लें और उन्हीं की तरह राष्ट्रप्रेम पैदा करें। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. तनवीर हुसैन ने काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना के महत्वपूर्ण तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फांसी के फंदे पर लटकने वाले शहीदों को हम सदैव अपने नायकों के रूप में याद करते रहेंगे। डॉ. समन जहरा ज़ैदी, डॉ. मोहम्मद ज़मा खां आदि ने भी विचार व्यक्त किए। डॉ. मंसूर अहमद सिद्दीकी के संचालन में चली संगोष्ठी में डॉ. मोहम्मद तुफैल खां, डॉ. रोशन सिंह, अजय गुप्ता, राम विभोर, मोनिका चावला, फिज़ा, चांदनी आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### वरुण अर्जुन फार्मेसी कॉलेज में किया पौधरोपण



**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में पर्यावरण को बेहतर करने के लिए पौधरोपण कराया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में एक वृक्ष मां के नाम मुहिम के तहत सभी ने एक-एक पौधा रोपित किया। जिससे पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त किया जा सके। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य प्रोफेसर प्रदीप सिंह ने की। जिसे शिक्षक मोहम्मद जुनेद, राजेंद्र गुप्ता, निशा राजपूत, प्रिया उपाध्याय, सुधाकर चौहान, गौरव सिंह, प्रबोध व विद्यार्थियों ने आगे बढ़ाया और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया।

### सिटी पार्क में तीज उत्सव की धूम



**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : सावन माह में होने वाले तीज उत्सव को महिलाओं ने सज धजकर पूजा-अर्चना कर धूमधाम से मनाया। शुक्रवार को महानगर के मोहल्ला लोदीपुर स्थित सिटी पार्क कॉलोनी में तीज की धूम रही। महिलाओं ने सावन के गीतों पर जमकर डांस किया। एक दूसरे को तीज की बधाई दी। इस दौरान अमृता पांडे, अमिता, मीनाक्षी कविता, सीमा, कमलेश, दीपांजलि, कल्पना, प्रीति, नीरू, ऋचा, वर्षा, दीप्ति, स्वेता, हिना, लालता, शिखा, प्रिया, लीना, पारुल, अर्शी, बीना आदि महिलाएं मौजूद रही।

### कंपोजिट विद्यालय पहुंचे एसडीएम, खामियों पर गुस्साए

**तिलहर, अमृत विचार** : जैतीपुर के कंपोजिट विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों का एसडीएम जीत सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए सुधार लाने के निर्देश दिए। शुक्रवार को जैतीपुर पहुंचे एसडीएम को दो आंगनबाड़ी केंद्र संचालित मिले। प्रथम आंगनबाड़ी केंद्र पर पंजीकृत 35 बच्चों में केवल बारह व द्वितीय केंद्र पर पंजीकरण 42 के सापेक्ष 8 बच्चे मौजूद मिले। जिस पर उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की फटकार लगाते हुए डोर टू डोर संपर्क कर बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए। कंपोजिट विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक 426 में 271 बच्चों की उपस्थिति मिली। एसडीएम ने बताया कि विद्यालय में 265 बच्चे बिना ड्रेस के मिले, जिस पर संबंधित अध्यापकों को अभिभावक अध्यापक मीटिंग कर बच्चों की उपस्थित संख्या बढ़ाने एवं सभी बच्चों को ड्रेस में विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया विद्यालय परिसर में छह कमरे जर्जर अवस्था में हैं। इसके निस्तारण के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

### मान्यता प्राप्त स्कूल संचालकों ने उठाई मानदेय की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : अशासकीय मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालय शिक्षक संघ ने मान्यता प्राप्त स्कूल संचालन में आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। संबंधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चित्रा निर्वाल को दिया गया। शुक्रवार को भेजे ज्ञापन में जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने कहा है कि प्रदेश में लगभग 50 हजार से ज्यादा मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 10 लाख से अधिक शिक्षित-प्रशिक्षित शिक्षक कार्यरत हैं। शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानजनक मानदेय प्रदान किया जाए। पूर्व की भांति त्रिभाषा ग्रांट, बेसिक मान्यता प्राप्त विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के प्रवेश पर यू-डाइस की बाध्यता को समाप्त और विभाग द्वारा प्रदत्त मान्यताओं को जो 5 वर्ष से अवधि से पूर्व की हैं, उन्हें स्वतः स्थाई मान्यता में परिवर्तित किया जाए। दस सूत्री मांगपत्र में इनके अलावा और भी मांगें शामिल की गई हैं, जिनमें माध्यमिक स्कूलों की समस्याएं भी शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में जिला प्रवक्ता डॉ. अमित गुप्ता, महासचिव राम सिंह, प्रदेश अध्यक्ष राजाराम यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, प्रतिपाल सिंह, प्रदीप मिश्रा आदि शामिल रहे।

### रंजिशन युवक को किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला तहवरगंज निवासी विकास ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मोहल्ले के रजत से विवाद हो गया था। तब से वह रंजिशन मानने लगा था। आरोप है कि शुक्रवार दोपहर रजत, दुर्गेश व सत्यम ने उसे पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी रजत को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया।

### वांछित महिला अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : कांट उप निरीक्षक भूपेंद्र कुमार ने बताया कि 16 जुलाई को चमेली निवासी रखिया बुजुर्ग थाना कांट ने आरोपी सत्यवती, उसके पति साधू व नोखे लाल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी सत्यवती को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

## एक नजर

### पालिका कर्मचारियों को लगाई फटकार

**तिलहर, अमृत विचार** : काकोरी कांड कार्यक्रम की सूचना नहीं देने से नाराज नगर पालिका अध्यक्ष हाजरा बेगम ने कर्मचारियों की जमकर फटकार लगाई। नगर पालिका प्रशासन द्वारा काकोरी कांड की शताब्दी पर नगर पालिका में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसके तहत सभी सभासदों को भी सूचना भेजी गई थी लेकिन कार्यक्रम की सूचना अध्यक्ष हाजरा बेगम को नहीं भेजी गई। नगर पालिका में कार्यक्रम होने व इसकी सूचना न दिए जाने को अध्यक्ष ने अपना अपमान समझा और उन्होंने नगर पालिका में पहुंचकर वहां मौजूद कर्मचारियों की जमकर फटकार लगाई। वहां मौजूद बड़े बाबू अयूब अली ने कहा कि त्रुटिवश उनका नाम लिखने से रह गया था, जिस पर उन्होंने कार्रवाई की चेतावनी दी। उधर, इस बाबत पूछे जाने पर ईओ कल्पना शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष को सूचना दी गई थी जबकि अध्यक्ष हाजरा बेगम ने किसी प्रकार की सूचना दिए जाने से पूरी तरह इनकार किया है।

### ई-लॉटरी: प्रतीक्षा सूची में कृषकों का चयन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाईजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ काप रेजिड्यू (सीआरएम) योजना के तहत कार्यक्रम किया गया। एडीएम वित्त डॉ. सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित ई-लॉटरी में कस्टम हायरिंग सेंटर (ग्रामीण उद्यमी) सामान्य जाति के लिए ददरौल के 16 आवेदकों में से लक्ष्य के अनुसार एक किसान हर्षप्रीत कौर का चयन किया गया। छिंदारा सिंह को प्रतीक्षा सूची में रखा गया। कस्टम हायरिंग सेंटर (ग्रामीण उद्यमी) अनुसूचित जाति के लिए बंडा के 15 आवेदकों में से लक्ष्य के अनुसार एक कंधई लाल का चयन किया गया। इसी तरह बब्लू का प्रतीक्षा सूची में चयन किया गया है। किसानों को उनके मोबाइल नंबर पर सूचना पोर्टल के माध्यम से दी गयी है। लक्ष्य की सीमा तक चयनित लाभार्थी की ओर से निर्धारित समयावधि में यंत्र क्रय न करने की दशा में अवशेष लक्ष्यों के सापेक्ष ई-लॉटरी से तैयार प्रतीक्षा सूची के क्रम में लाभार्थियों का चयन किया जाएगा।

### पैथोलॉजी संचालक सहित चार को नोटिस

**अल्हागंज।** डिप्टी सीएमओ ने शुक्रवार को कस्बे में चल रहे अवैध पैथोलॉजी सेंटरों और झोलाछाप की क्लीनिक पर छापा मारा। छापामारी कार्रवाई के दौरान एक झोलाछाप ने स्वयं को फार्मेसी वाला बताया जबकि उसकी दुकान पर कई मरीजों के दवाई के पर्चे मिले। पैथोलॉजी सेंटर संचालक भी खुद को किसी का असिस्टेंट बता रहे थे। जबकि एक मेडिकल स्टोर संचालक मरीज का इलाज करते मिला। डिप्टी सीएमओ डॉ. आसिफ खान ने बताया कि एक पैथोलॉजी सेंटर संचालक, दो मेडिकल स्टोर संचालक सहित चार को नोटिस दिया गया है।

# शहीदों के सम्मान में बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

### माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से प्रभातफेरी और रैली निकाली गई। छात्र-छात्राएं तिरंगा झंडे हाथों में लेकर भारत माता के जयकारे लगाते हुए देशभक्ति की अलख जगा रहे थे।

डीआईओएस हरिवंश कुमार और बीएसए दिव्या गुप्ता के नेतृत्व में निकली प्रभात फेरी और रैली में विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जीआईसी से शुरू हुई प्रभात फेरी और रैली खिरनीबाग चौराहा, थाना सदर बाजार चौराहा, टाउनहाल होते हुए शहीद उद्यान में विसर्जित हुई। यहां छात्र-छात्राओं ने अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी विद्यालय नगर, ददरौल, कंपोजिट विद्यालय अटसलिया, रोटी गोदाम, बहादुरगंज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, जीआईसी, सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज आदि के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। व्यवस्था में जीजीआईसी की प्रधानाचार्य सोनिया गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी नगर नगेंद्र कुमार, जिला गाइड कैप्टन दपिंदर कौर, स्काउट प्रशिक्षण कमिश्नर निकहत परवीन, रत्नेश शुक्ला, राजीव अग्रवाल, इमरान सईद खां आदि का योगदान रहा।


काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर प्रभातफेरी निकालते बेसिक स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार


रैली निकालते माध्यमिक कॉलेजों के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### लोगो बनाकर शहीदों को किया याद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : प्राथमिक विद्यालय तेरा में छात्रों ने काकोरी ट्रेन एक्शन का लोगो बनाकर आजादी के लिए प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को याद किया। इस दौरान भारत माता की जय के नारों से फिजा गूंज उठी। प्रधानाध्यापक सरताज अली ने काकोरी ट्रेन एक्शन और अमर शहीदों के बारे में बच्चों को जानकारी दी। दीपा पूनिया, आरफा, अयान, अमानत, अलफैज, जोया, सफवान, मिनटस, हिबा, जासमीन, जीनस, नूर फातिमा, अनम, जूली, मुस्कान, उमरा, रामनरायन, सारिका गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रभक्ति के नारों का उद्घोष किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई। छात्रों ने प्रभात फेरी निकाल राष्ट्रभक्ति के नारों का उद्घोष किया। प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय के नेतृत्व में निकाली गई प्रभात फेरी मोहल्ला रेती क्षेत्र में भ्रमण कराई गई। समापन पर प्रधानाचार्य ने काकोरी ट्रेन एक्शन के बारे में छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समापन पर बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक राकेश अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए, छात्रों में देशभक्ति की लय जगाई। कालेज अध्यक्ष रमेश चंद्र सक्सेना, उप प्रधानाचार्य वसंत कुमार त्रिवेदी, महेंद्र कुमार सिंह, वेद प्रकाश पटेल, योगेंद्र सिंह आदि ने भी विचार व्यक्त किए।



प्रभात फेरी निकालते पुवायां इंटर कॉलेज के छात्र।

### पुवायां इंटर कॉलेज के छात्रों ने निकाली रैली

**पुवायां।** पुवायां इंटर कॉलेज के छात्रों ने नगर में रैली निकाली और राष्ट्र भक्ति के नारों का उद्घोष किया। प्रभात फेरी विद्यालय से राजा मार्केट होते हुए मुख्य गलियों में निकाली गई। जिसका नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य जेपी मौर्या ने किया। प्रभात फेरी के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जेपी मौर्या ने काकोरी ट्रेन एक्शन का पूरा वृतांत छात्रों को सुनाया और काकोरी एक्शन में बलिदान हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के समापन के समय छात्रों की ओर से भारत माता की जय के नारे लगाए गए।



काकोरी एक्शन का लोगो बनाते तेरा स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

### जोशीले नारों से गूंज उठा क्षेत्र

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : काकोरी एक्शन दिवस की 100वीं वर्षगांठ पर हरि कौशल त्यागी पब्लिक स्कूल रोजा में तिरंगा रैली निकाली गई। बच्चे तिरंगे झंडे लिए बलिदानियों के जयघोष करते हुए खुशियां मना रहे थे। बिस्मिल, अशफाक रोशन, आजाद, लाहिड़ी अमर रहें के जोशीले नारों से क्षेत्र गूंज उठा। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर मालगोदाम, बलिया मोड़, रोजा अड्डा, स्टेशन कालोनी होते हुए वापस स्कूल परिसर में ही संपन्न हुई। शिक्षिकाओं ने रैली का नेतृत्व किया।


काकोरी एक्शन का लोगो बनाते तेरा स्कूल के बच्चे।

### लोगो बनाकर बच्चों ने शहीदों को किया याद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : प्राथमिक विद्यालय तेरा में छात्रों ने काकोरी ट्रेन एक्शन का लोगो बनाकर आजादी के लिए प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को याद किया। इस दौरान भारत माता की जय के नारों से फिजा गूंज उठी। प्रधानाध्यापक सरताज अली ने काकोरी ट्रेन एक्शन और अमर शहीदों के बारे में बच्चों को जानकारी दी। दीपा पूनिया, आरफा, अयान, अमानत, अलफैज, जोया, सफवान, मिनटस, हिबा, जासमीन, जीनस, नूर फातिमा, अनम, जूली, मुस्कान, उमरा, रामनरायन, सारिका गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### छात्रों को बताया काकोरी ट्रेन एक्शन का इतिहास

**पुवायां।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव मनाया गया। जिसमें विद्यालय के छात्रों ने प्रभात फेरी निकाली और राष्ट्र भक्ति के नारों का उद्घोष किया। प्रभात फेरी विद्यालय से राजा मार्केट तक निकाली गई, जिसका नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य सोमदेव मिश्र ने किया। प्रभात फेरी के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सोमदेव मिश्र ने काकोरी ट्रेन एक्शन का संपूर्ण वृतांत छात्रों को सुनाया और काकोरी एक्शन में बलिदान हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। समापन पर छात्रों ने भारत माता की जय के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह, आचार्य सुरेंद्र पाल, ज्ञानेंद्र सिंह, श्रीकृष्ण मिश्र, इंद्रजीत सिंह, सत्यपाल, मनोज मिश्रा, अजय पाल सिंह, राजकुमार, ओमपाल, अनूप अग्निहोत्री, सौरभ मिश्रा आदि रहे।

# अल्पसंख्यक विभाग ने किया शहीदों का स्मरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शहीद अशफाक उल्ला खां, पंडित रामप्रसाद बिस्मिल एवं ठाकुर रोशन सिंह के स्मृति स्थलों पर पुष्पांजलि व चादरपोशी की गई।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद के नेतृत्व में मदरसों के शिक्षक और छात्र-छात्राएं रैली के रूप में तिरंगा झंडे लहराते हुए एमनजई जलालनगर स्थित अमर शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार पर पहुंचे, वहां उनकी मजार पर चादरपोशी व गुलपोशी कर देश में शांति स्थापित रहने के लिए दुआ की गई। इस मौके पर अमर शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में पंडित रामप्रसाद बिस्मिल स्मारक पर भी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। स्मारक सेवादार डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन, आमिर खां, मो. साजिद, इमरान रजा नूरी, मो. निजामुद्दीन, अजीम बेग, बिलाल खां, मो. अनीस आदि मौजूद रहे।


अशफाक उल्ला खां की मजार पर चादरपोशी करते डीएमओ मो. खालिद एवं मदरसों के शिक्षक। ● अमृत विचार

- मदरसों के शिक्षकों के साथ महानायकों को दी श्रद्धांजलि

# जूनियर बालक कबड्डी में स्टेडियम विजेता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** जिला खेल कार्यालय की ओर से काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर शुक्रवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छह टीमों ने प्रतिभाग किया।

एनटीआई टीम ने दून इंटरनेशनल स्कूल को 17-6, जैतीपुर ने चकभिटारा को 22-11 से, स्टेडियम ने एनटीआई को 17-5 से ताज एकेडमी ने जैतीपुर को 17-6 से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में स्टेडियम ने ताज एकेडमी को 22-18 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।


जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता में एक-एक अंक के लिए भिड़ते खिलाड़ी।

- काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर जिला खेल कार्यालय का आयोजन

निर्णायक की भूमिका राहुल तोमर, सचिन प्रेमी, अनूप कुमार मिश्रा, सौरभ कुमार, वैभव सिंह, निधि यादव ने निभाई। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने आभार व्यक्त किया। सतेंद्र कुमार, अनुराग, राहुल उपाध्याय, शुभम सिंह, मुजाहिद अली, पंकज कुमार, शकील अहमद, शिव प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

आवश्यकता है
कम्प्यूटर आपरेटर/सुपरवाइजर की
योग्यता :- स्नातक
लैब टेक्निशियन
योग्यता :- जॉब प्रोफाइल के अनुसार
नोटः- स्थानीय व्यक्ति को वरीयता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर
एच.आर.ऑफिस कमरा नं. 102
मो.-7521001986

सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन वगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

Dr.M. Nadeem® (BUMS)

यूनानी चिकित्सक

Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दो का सैक्स पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोड़ों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोड़ों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इसलामियां मैदान के सामने, बरेली

9634499693 9837338306

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO 9001:2008 Trademark Certified Clinic

डॉ.आर.एस. सिंह

B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी

● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे

शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नशा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनाने एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांकः- 18 अगस्त 2024, रविवार 01 सितंबर 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463 7599211076

# ई-श्रमिक पोर्टल चालू कराने को श्रमिकों ने किया प्रदर्शन



जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट जाते असंगठित मजदूर यूनियन के पदाधिकारी व श्रमिक।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा
- श्रमिक विरोधी कानून में संशोधन कराने की मांग की

**अमृत विचार:** असंगठित मजदूर यूनियन के बैनर तले श्रमिकों ने विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को जुलूस निकाला। यूनियन पदाधिकारियों की अगुवाई में श्रमिक कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा।

पिछले छह माह से बंद पड़े ई-श्रमिक पोर्टल चालू कराने समेत विभिन्न मांगों को लेकर जिले के तमाम श्रमिक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट तिराहे पर एकत्र हुए। असंगठित मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों के नेतृत्व में श्रमिक हाथों में तिरंगा लेकर जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां श्रमिकों ने यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद की अगुवाई में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक अजीत परेश को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की संख्या करोड़ों में है, जो प्रदेश के विभिन्न उद्योगों एवं निर्माण क्षेत्रों में कार्यरत है।

श्रमिक सामाजिक सुरक्षा, जीवन सुरक्षा समेत मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहकर जीवन यापन कर रहे हैं। ज्ञापन में छह माह से बंद पड़े पोर्टल को सुचारू कराने, पंजीकृत श्रमिकों के लिए नई पेंशन योजना के नियम वापस लेने और पूर्व पेंशन योजना के नियम बहाल करने, सभी पात्र श्रमिकों को पांच हजार रुपये प्रति माह पेंशन देने, पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाने, लेवर अड्डों का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कराने, भवन एवं अन्य निर्माण के समय काम के दौरान दुर्घटना का शिकार हुए मिस्त्री-मजदूरों का बिल्डरों एवं मालिकों द्वारा पूरा उपचार कराने एवं पूरी मजदूरी दिलाने, मनरेगा के तहत साल में 300 दिन काम कराने, प्रतिदिन 600 रुपये मजदूरी दिलाने, घरेलू कामगारों एवं प्रवासी श्रमिकों के लिए सामाजिक एवं खाद्य सुरक्षा जैसे ठोस कानून बनाने, कार्य के घंटे बढ़ाने समेत सभी श्रमिक विरोधी कानूनों में संशोधन वापस लिए जाने की आदि की मांग की गई।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष जहीर अली, प्रदेश सचिव आफताब अहमद, प्रदेश संयुक्त मंत्री शांतीस्वरूप शर्मा, राधेश्याम गुप्ता, मतलूब अली, मोहम्मद गुलाम शाकिर, जगपाल, मोहम्मद शकील, सत्यपाल, सतीश कुमार, मोहम्मद शकील, राजन मिश्रा, वली हसन, प्रदीप कुमार, बालकराम आदि रहे।

## लक्ष्य को पूर्ण करें संकुल शिक्षक व खंड शिक्षा अधिकारी



**बीसलपुर।** बीआरसी सभागार में संकुल शिक्षकों की बैठक हुई, जिसमें निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति को लेकर आवश्यक जानकारियां दी गईं। खंड शिक्षा अधिकारी हर्षित शर्मा ने राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित परीक्षा के लिए अधिक से अधिक नामांकन कराने को कहा। उन्होंने कहा कि इंस्पायर अवार्ड में भी नामांकन कराएं। संकुल शिक्षकों को कक्षा पांच में पढ़ने वाले बच्चों का नवोदय विद्यालय में अधिक से अधिक फॉर्म भरवाने को कहा। इसी सत्र में सभी विद्यालयों को निपुण बनाने का आह्वान किया गया। बैठक का संचालन वरिष्ठ एआरपी मुईन अहमद खां ने किया। बैठक में एआर पी रामरतन लाल, दिवाकर वाजपेयी, देवेंद्र कुमार, दिनेश राव, सतेंद्र कुमार, अशरफ खां, संदीप कुमार, सौरभ सदन, हरीश कुमार रहे।

# जनता दर्शन में राज्यमंत्री ने सुनीं शिकायतें, निस्तारण के निर्देश



नेहरू इंटर कॉलेज में क्लास रूम का लोकार्पण करते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।

संवाददाता, मझोला

- नेहरू इंटर कॉलेज में क्लास रूम का लोकार्पण किया

**अमृत विचार:** जनता की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने शुक्रवार को कस्बे में जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। पूर्व चेयरमैन राम औतार अग्रवाल, जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल और पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने राज्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद राज्यमंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से ग्राम कैमोर और भद्सरा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिजली उपकेंद्र पर व्याप्त अनियमितताओं के विषय में अपनी शिकायत दर्ज कराई। इस पर राज्यमंत्री ने अधिशासी अभियंता विद्युत को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। ग्राम भरा पचपेड़ा और हरदासपुर के ग्रामीणों ने रोड और आवास संबंधी अपनी समस्याओं को रखा। इन पर संबंधित विभागों को समस्याओं का निस्तारण करने के लिए कहा गया। इनके अलावा ग्राम बहरुआ, भूड़ा, दियूरनिया, भरा पचपेड़ा, उडरा समेत कई ग्रामों के लोगों ने आकर अपनी समस्याओं को रखा। जहां सभी की समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। इधर, विधायक निधि से नेहरू इंटर कॉलेज मझोला में निर्मित दो कक्षों का निर्माण करने के बाद विद्यालय की ओर से राज्यमंत्री का स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया। राज्यमंत्री ने कक्षाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि गुरु इस धरा पर साक्षात भगवान का स्वरूप होते हैं, जो हमें इस संसार में अच्छा जीवन यापन करने योग्य बनाते हैं। उन्हें गर्व है कि उन्होंने इसी नेहरू इंटर कॉलेज में अध्ययन किया। आज उसी विद्यालय में उनको मुख्य अतिथि के रूप में आने का अवसर मिला।

इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक ज्योति बंधन व प्रधानाचार्य शोभा वर्मा ने आभार जताया। इसके बाद राष्ट्रीय स्वयं सेवक के नगर कार्यवाह रंजीत सरकार की माता के निधन पर उनके घर पहुंचे। जहां शोक संवेदना व्यक्त की।

# भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

**सुश्रुत क्लीनिक**
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



**डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)**
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



**डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)**
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

**गुदा रोगों के लक्षण**
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

**समय**
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
**रविवार**
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


पार्क उत्थान योजना में प्रदेश की छह नगर पालिकाओं में शामिल पीलीभीत के लिए शासन ने जारी किया बजट

# 1.5 करोड़ से संवरेगा नेहरू पार्क, मिलेंगी मॉर्निंग वॉक समेत कई सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** दशकों पहले शहरवासियों के मनोरंजन और घूमने फिरने को बनाए नेहरू पार्क को उत्थना योजना के तहत संवारा जाएगा। इसके लिए शासन ने प्रदेश की छह नगरपालिकाओं में शामिल पीलीभीत के लिए डेढ़ करोड़ रुपये का बजट भेजा है। टेंडर प्रक्रिया पूरी कर जल्द निर्माण शुरू कराने की तैयारी है। पालिका का दावा है कि पार्क का उच्चीकरण होने के बाद शहरवासियों को मार्निंग वॉक समेत कई सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

टनकपुर हाईवे पर मरौरी ब्लॉक कार्यालय के सामने नेहरू ऊर्जा उद्यान (नेहरु पार्क ) है। इसमें एक सरोवर बना हुआ है। जिसमें बच्चों को वोटिंग कराई जाती थी। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते पार्क बदहाल होता चला गया। बीते सालों में इस पार्क ने धरना स्थल का रूप ले लिया। फिर करीब चार साल पहले पार्क का नगरपालिका की ओर से कायाकल्प कराया गया था। इसके बाद नगरपालिका ने अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए पार्क को ठेके पर दे दिया। इससे पालिका को आय हुई। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगरपालिका ने 4.50 लाख रुपये ठेका दिया था। लेकिन ठेकेदार ने आमदनी न होने का हवाला देते हुए ठेका सरेंडर कर दिया है। इधर, शासन की ओर से पार्क उत्थान योजना के तहत जिले में पार्क बनवाने का प्रस्ताव पास किया था। इस पर पालिका ने नेहरू पार्क का जीर्णोद्धार कराने के लिए इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया। जोकि स्वीकृत हो गया है। शासन की ओर से इस पार्क के लिए डेढ़ करोड़ का बजट आवंटित किया गया है। बजट मिलने के बाद नगर पालिका की ओर से यहां काम शुरू कराने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। टेंडर किसी बाहर की फर्म को दिया गया है। नगरपालिका के अनुसार यह काम अगस्त में ही चालू करा दिया जाएगा। पार्क उच्चीकरण में यहां पर नए झूले, ओपन जिम, पाथवे, लाइट, गार्डन आदि तैयार किया जाएगा। जहां शहरवासी अपने परिवार के साथ मार्निंग वॉक के अलावा बच्चों के साथ मस्ती भी कर सकते हैं।



शहर में स्थित नेहरू पार्क का मुख्य द्वार।

### पार्क में रेस्टोरेंट की होगी सुविधा

नेहरु पार्क में पाथवे, लाइट के अलावा सरोवर में अब वोटिंग नहीं होने दी जाएगी। इसलिए वहां बने सरोवर को तोड़ा जा रहा है। वहां पाथवे और हट बनाई जाएगी। साथ ही नई बेंच लगाई जाएंगी। रेस्टोरेंट भी तैयार किया जाएगा। जहां लोग अपने दोस्त और परिवार के साथ आकर समय बिता सकेंगे। इसलिए पुराने रेस्टोरेंट को तोड़ा जाएगा। इसके अलावा नेहरु पार्क का मुख्य द्वार भी बदला जाएगा। जिससे नए लुक में तैयार किया जाएगा। इसका डिजाइन भी तैयार कर लिया गया है।

> पार्क उत्थान योजना के तहत नेहरू पार्क का उच्चीकरण कराया जा रहा है। शासन की ओर से इस योजना के तहत प्रदेश में सिर्फ छह नगर पालिका और नगर निगम को यह बजट दिया गया है। इसमें पीलीभीत को भी शामिल किया गया है। पार्क में ओपन जिम और मॉर्निंग वॉक के लिए पाथवे में भी तैयार कराया जा रहा है। इस माह ही काम शुरु करा दिया जाएगा। **- डॉ. आस्था अग्रवाल** चेयरमैन, नगरपालिका पीलीभीत

# यह कैसा मेडिकल कॉलेज...स्टोर में रखीं हेपेटाईटिस की दवा, फिर भी मरीजों को नहीं मिल पा रहा इलाज

## संयुक्त चिकित्सालय होने के दौरान मिल रही थी सुविधा, अब रेफर किए जा रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बदलते खानपान और जीवनशैली की वजह से लोग हेपेटाइटिस की चपेट में आ रहे हैं, लेकिन जिले के सरकारी अस्पताल में हेपेटाइटिस का इलाज उपलब्ध नहीं है। इसके चलते मरीजों को निजी अस्पताल में रुपये खर्च करना पड़ रहे हैं। जबकि मेडिकल कॉलेज में हेपेटाइटिस की दवाएं भी उपलब्ध हैं। बावजूद मरीजों को इलाज के नाम पर चेकअप के बाद रेफर करने का खेल चल रहा है। सीएमएस का तर्क है कि हेपेटाइटिस की दवाएं तो है, लेकिन इलाज और दवा वितरण की अनुमति अभी तक नहीं मिली है। इसलिए यह सुविधा ठप है। आदेश मिलने पर ही हेपेटाइटिस का इलाज शुरु हो सकेगा।

आजादी के कई दशक बीतने के बाद भी सरकारी अस्पताल में इस बीमारी से संबंधित विभाग और उपचार उपलब्ध नहीं है। जबकि दशकों पहले बने जिले के संयुक्त चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज का दर्जा मिल चुका है। बताया जाता है कि संयुक्त चिकित्सालय होने के दौरान मरीजों को इलाज और दवा दोनों ही मुहैया हो रहे थे। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. रमाकांत सागर मरीजों को इलाज कर रहे थे, जो अब मेडिकल कॉलेज के सीएमएस बन चुके हैं। उस दौरान मेडिसिन में हेपेटाइटिस ए, बी, सी और डी का इलाज किया जाता है। हेपेटाइटिस ए से ग्रस्त मरीजों की संख्या सबसे अधिक होती है। एक महीने में औसतन 50 से अधिक मरीज हेपेटाइटिस ए और बी के आते थे। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद लोगों को लगा था कि उन्हें और बेहतर सुविधा मिलेगी। मगर ऐसा अभी फिलहाल नहीं हो सका है। बीमारियों के लिए अलग-अलग डॉक्टर और डिपॉर्टमेंट तो बने लेकिन सुविधाओं का अकाल है। अब एमडी मेडिसन और जरनल फिजीशियन डॉक्टर मौजूद है। ओपीडी में बैठने वाले मेडिसन विभाग के डॉक्टर्स के अनुसार के अनुसार प्रतिदिन दो से चार मरीज आते है। दवा होने के बाद भी मरीजों को वापस किया जा रहा है।


मेडिकल कॉलेज में दवा काउंटर पर लगी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

- **मेडिकल कॉलेज की मान्यता मिलने के बाद कई सुविधाओं का अभाव मरीज हो रहे परेशान**

> हेपेटाइटिस का इलाज पहले होता था। इसकी पूर्व में प्रशिक्षण भी दिया गया था। दवाओं की उपलब्धता बनी हुई है। मगर, आदेश न मिलने के चलते अभी दवा वितरण और इलाज शुरु नहीं हो सका है। इसको लेकर उच्चधिकारियों से वार्ता की जाएगी। **- डॉ. रमाकांत सागर,** सीएमएस मेडिकल कॉलेज

### न्यूरो सर्जन तैनात, जांच के लिए एमआरआई मशीन नहीं

मेडिकल कॉलेज में भले ही न्यूरो सर्जन की तैनाती कर दी गई हो। मगर, मेडिकल कॉलेज में न्यूरो से जुड़ी बीमारियों का इलाज करने के लिए सबसे आवश्यक जांच होती है एमआरआई। जोकि मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध नहीं है। ऐसे में मरीजों को निजी लैब में होने वाली जांच का बोझ उठाना पड़ रहा है। एमआरआई की सुविधा करीब सात हजार रुपये की होती है। इसके अलावा सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड में भी सिर्फ नॉर्मल जांचें कराई जा रही है। अतिरिक्त जांचें बाहर करना पड़ती है। मेडिकल कॉलेज में एकोकार्डियोग्राम अल्ट्रासाउंड, कैरोटिड अल्ट्रासाउंड आदि की सुविधा नहीं है।

### हेपेटाइटिस के लक्षण

हर समय थकावट महसूस करना। जोड़ों में दर्द होना, बुखार होना, भूख का कम लगना, पेट में दर्द रहना। इसके अलावा आंखों में पीलापन है या पेशाब का रंग पीला आ रहा है तो जल्द से जल्द डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

### ऐसे करें बचाव

- खाने से पहले हाथ अच्छी तरह धोएं
- फल और सब्जी को धोकर खाएं।
- साफ सफाई का ख्याल रखें।
- टीका लगवाकर इस बीमारी से बच सकते हैं।

### रोड जाम करने पर 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** बीती 19 जुलाई को धर्मेंद्र कुमार पुत्र बेचेलाल की बाइक सांड से टकराने मौत हो गई थी। उनकी पत्नी घायल हुई थीं। इस पर परिवार वालों ने गांव के बाहर हाईवे पर शव रखकर जाम लगाया था। इस दौरान यातायात प्रभावित हुआ था। पुलिस ने जांच के दौरान जाम लगाने वालों की शिनाख्त की। एसआई रामकिशोर वर्मा की ओर से मृतक धर्मेंद्र के साले संतोष कुमार निवासी बेहटी बिलसंडा, मिथिलेश, काली चरन, पीतम राम, हरीश, धर्मेंद्र, सोहनलाल, शिवम, लाल बहादुर, रेनू, उषा, लक्ष्मी आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पासपोर्ट में मेरे पुत्र का नाम भूलवश विहान सक्सेना दर्ज हो गया है जबकि उसका वास्तविक नाम आर्यश सक्सेना है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी उसका नाम आर्यश सक्सेना ही दर्ज है। भविष्य में मेरे पुत्र को आर्यश सक्सेना के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **आशीष सक्सेना पुत्र सुशील कुमार वीर निवासी- फ्लैट वि 1, 4th फ्लोर, नन्दी हाइटस अपार्टमेंट, नैनीताल रोड, नियर सूर्य बैंक्वेट हॉल, श्रीनाथपुरम् नगर, जिला बरेली।**

**NOTICE**
I, Hari Singh S/o Saudagar Singh R/o Vill. Pipriya Majhra, Tehsil Puranpur Distt. Pilibhit U.P. India. Declare that Ranjit Singh Currently live in Italy Dob. 16-06-1999 is unmarried and if he marriage there will be no problem for his family you can get married, wherever you want.

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मोनू कुमार को गलत चाल चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **नरेश कुमार पुत्र मलखान निवासी चन्द्र मंडी नगर, डेलापीर, बरेली।**

**सूचना**
सूचित है कि सम्भव व सम्भव कुमार दोनों मेरे ही नाम है। भविष्य में मुझे सम्भव कुमार के नाम से ही जाना पहचाना जाए। **सम्भव कुमार पुत्र रोहित कुमार A2/2, जाटवपुरा, प्रेम नगर, बरेली।**


## स्टेयरिंग फेल होने पर ट्रैक्टर-ट्राली डिवाइडर से टकराई, 12 लोग घायल

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** गंगाजल लेने कछला घाट जा रहे कांवड़ियों के ट्रैक्टर का रास्ते में अचानक स्टेयरिंग फेल हो गया। इससे अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली बरेली में चौबारी के पास डिवाइडर में जा घुसी। इससे ट्रैक्टर-ट्राली में सवार एक दर्जन से अधिक कांवड़िया घायल हो गए।

बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खकूमा के 95 कावंड़ियों का जत्था ट्रैक्टर-ट्राली में गुरुवार शाम कछला से गंगाजल लेने के लिए रवाना हुआ। ट्रॉली में डीजे रखा था। उसी ट्रॉली में कांवड़िया सवार थे। ट्रैक्टर वीरपाल चला रहा था। तभी बरेली में चौबारी पुल के पास ट्रैक्टर का पावर स्टेयरिंग अचानक फेल हो गया।

चालक ने ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसा। इसमें अमन, सुनील, अरविंद, अखिल, संजीव, अमित समेत 12 से अधिक कांवड़िया घायल हो गए। हादसे की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों को ट्रैक्टर ट्रॉली से निकलाकर अस्पताल भेज दिया गया। इस हादसे में ट्रैक्टर ट्रॉली बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।


दुर्घटना में क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर-ट्राली को क्रेन से हटाया गया।

- **कछला घाट जाते समय बरेली बदायूं रोड पर चौबारी के पास हुआ हादसा**

## सुबह नौ बजे तक लटका रहा स्कूल में ताला, बच्चे करते रहे गुरुजी का इंतजार

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** अधिकारियों की सख्ती के बावजूद सीमावर्ती इलाके में परिषदीय विद्यालय समय पर नहीं खुल रहे हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद भी शिक्षकों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

शुक्रवार को गांव कल्यानपुर ताल्लुक करेली स्थित जूनियर हाई स्कूल के गेट पर सुबह नौ बजे तक ताला लटका देखा गया। बच्चे गेट पर खड़े होकर शिक्षकों के आने का इंतजार कर रहे हें। इसका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

बिलसंडा ब्लॉक के गांव कल्यानपुर ताल्लुक करेली में उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित है। इस स्कूल में कार्यरत शिक्षक अपनी मनमानी पर उतारू हैं। शुक्रवार को इस स्कूल का एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें बच्चे नो बजे तक स्कूल के गेट पर खड़े शिक्षकों का इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। मगर गेट का ताला नहीं खुल सका। जबकि विद्यालय खुलने का समय सुबह 8 बजे है। बच्चों ने बताया कि हर रोज इसी तरह शिक्षकों के विलंब से आने की वजह से उन्हें घंटों गेट पर खड़े रहना पड़ता है। इधर, गांव निवासी अवनीश यादव ने विलंब से स्कूल खुलने के मामले में विभागीय अधिकारियों से शिकायत किए जाने की बात कही है।

- **ग्रामीणों ने बंद स्कूल का फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल किया**
- **बिलसंडा ब्लॉक के गांव कल्याणपुर ताल्लुके करेली के उच्च प्राथमिक विद्यालय का मामला**


स्कूल के गेट पर लटका ताला और वहां शिक्षकों के इंतजार में खड़ीं छात्राएं।


**विश्वास डायग्नोस्टिक सेंटर**
बुखारा मोड़ (लालफाटक रोड), बरेली एवं
**अनुकूल डायग्नोस्टिक सेंटर**
बिशारतगंज, आंवला (बरेली)
हमारे यहां पर फीमेल रिसेप्शन स्टॉफ, लैब सैंपल कलैक्शन स्टाफ, फीमेल कम्प्यूटर ऑपरेटर की वैकेन्सी उपलब्ध हैं। सैलरी 5 से 20 हजार तक योग्यतानुसार
आज ही सम्पर्क करें।
9695554511, 8618670974

**आवश्यकता है**
सहायक प्रशासनिक अधिकारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
कम्प्यूटर हाईवेयर, नेटवर्किंग एवं सी.सी.टीवी. मेंटेनेंस हेतु
लैब टैक्नीशियन
अनुभवी व्यक्ति की
वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
**बरेली संस्करण** **स्मृतियाँ शेष**
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

**साइज व रेट**
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


## डकरिया में ग्रामीण के घर घुसा मगरमच्छ, रेस्क्यू कर निकाला

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** पिछले महीने आई बाढ़ से नदियां उफनाने पर मगरमच्छ खेतों में होकर तालाबों में पहुंच गए हैं, जिससे लोग दहशत में हैं। बृहस्पतिवार रात एक मगरमच्छ गांव ढकरिया एक घर में पहुंच गया। वन विभाग कर्मियों व पुलिस देर रात रेस्क्यू कर मगरमच्छ को निकाला।

गांव ढकरिया के समीप से खदनिया खारजा नाला गुजर रहा है, जो बरसात के दिनों में नदी का रूप ले लेता है। बताते हैं कि इस नाले का पानी निगोही क्षेत्र में जाकर खन्नौत नदी में मिलता है। बृहस्पतिवार देर शाम मगरमच्छ कुंड से बाहर निकलकर गांव के सर्वेश कुमार के घर में जा पहुंचा। घर में मौजूद लोगों ने मगरमच्छ देखा तो घबरा गए। रात में ही वन विभाग एवं पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके बाद मौके पर आए वनकर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को देर रात रेस्क्यू कर लिया। उधर मगरमच्छ के रेस्क्यू होने के बाद घर वालों ने राहत की सांस ली।

उधर नगर स्थित भाजपा के मंडल अध्यक्ष विक्रम गंगवार के आवास के समीप स्थित तालाब में भी एक मगरमच्छ के नदी से आ जाने से मोहल्ले में दहशत का माहौल है। उन्होंने बताया कि तालाब में मगरमच्छ के होने की सूचना वन कर्मियों को दे दी गई है लेकिन अभी तक कोई भी वनकर्मी मगरमच्छ को रेस्क्यू करने के लिए नहीं आया।

- **घंटो दहशत में रहे ग्रामीण, रेस्क्यू के बाद ली राहत की सांस**

# वादे से मुकर रही केंद्र सरकार, पर किसानों के कदम पीछे नहीं हटेंगे

## भाकियू नेताओं ने शहर में ट्रैक्टर मार्च निकाला, कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया, चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में किसानों ने शुक्रवार को शहर में तिरंगा ट्रैक्टर मार्च निकाला। इस दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस मुस्तैद रही। ट्रैक्टर मार्च में शामिल किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचने पर जोरदार नारेबाजी की और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम वित्त को सौंपा।

भाकियू के राष्ट्रीय आह्वान पर तमाम कार्यकर्ता एवं किसान शुक्रवार को मंडी समिति स्थित कृषक विश्राम गृह में एकत्र हुए। जहां से भाकियू के मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलो के नेतृत्व में तिरंगा ट्रैक्टर मार्च निकला गया। इसमें शामिल ट्रैक्टर व अन्य वाहनों पर सवार कार्यकर्ता एवं किसान नारेबाजी करते ओवरब्रिज से होते हुए छतरी चौराहा, गौहनिया चौराहा, नकटादाना, कलेक्ट्रेट तिराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे।

कलेक्ट्रेट में आयोजित सभा में जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार एमएसपी कानून बनाने में आनाकानी कर रही है और अपने किए गए वादे से मुकर रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट भी लागू नहीं की जा रही है। इससे किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक भाकियू का आंदोलन जारी रहेगा। अब किसानों के कदम पीछे नहीं हटेंगे। मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलो ने कहा कि देश एवं प्रदेश की सरकार किसानों के साथ खिलवाड़ कर रही है। किसानों के हितों के लिए अब आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। ट्रैक्टर मार्च को लेकर सुरक्षा के लिहाज सभी चौराहों एवं मार्ग पर पुलिस तैनात रही।



तिरंगा ट्रैक्टर मार्च के साथ ज्ञापन देने जाते भाकियू पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● कलेक्ट्रेट पहुंचने पर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा

### ट्रैक्टर मार्च में ये रहे शामिल

ट्रैक्टर मार्च में प्रदेश उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव स्वराज सिंह, युवा जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह, जिला महामंत्री नेमचंद वर्मा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष नरेश मिश्रा, गुरजीत सिंह, वीरपाल राजपूत, जयवीर लाल, कंधई लाल, नागेंद्र कुशवाहा, विनोद कुमार भारती, दशरथ सिंह, योगेश सक्सेना, अशोक सक्सेना, श्रीकृष्ण, धर्मपाल वर्मा, हरप्रसाद, लालाराम, पूरनलाल आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं किसान शामिल रहे।



मार्च निकालने के दौरान ट्रैक्टर पर सवार किसान नेता। ● अमृत विचार

### ज्ञापन में ये रखीं प्रमुख मांगें

तिरंगा ट्रैक्टर मार्च में शामिल कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने मंडल अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष की अगुवाई में प्रधानमंत्री को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन एडीएम वित्त ऋतु पूनिया को सौंपा। ज्ञापन में एमएसपी गारंटी कानून लागू कराने, स्वामीनाथ आयोग की रिपोर्ट को लागू करने, किसान आयोग का गठन करने, गन्ने का दाम 400 रुपये प्रति क्विंटल करने एवं बकाया भुगतान के लिए डिजिटल व्यवस्था लागू करने, मुफ्त बिजली से वंचित राज्यों में मुफ्त बिजली देने, प्रदेश में ट्यूबवैलों पर बिजली मीटर न लगाने, ग्राम पंचायतों में सरकारी जमीनों पर छुट्टा पशुओं के लिए अस्थाई पशु शालाओं का निर्माण कराने, छोटे किसानों के लिए अलग से योजना बनाने एवं उन्हें ब्याज मुक्त कृषि ऋण दिलाने, प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के बाढ़ प्रभावित जिलों में सर्वे कराकर तत्काल फसलों, भू कटान आदि का मुआवजा दिलाने, किसानों के नाम पर उद्योगों को दी जा रही सब्सिडी सीधे किसानों को देने आदि की मांग की गई।

## एक नजर

### शिव भक्तों का जत्था गंगाजल लेने रवाना

**दियोरिया कला।** ग्राम पंचायत के गांव महेशपुर से शिव भक्तों का एक जत्था भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए कछला गंगा घाट से गंगाजल लेने के लिए रवाना हुआ। जोकि कछला गंगा घाट से गंगाजल लेकर छोटी काशी के रूप में विख्यात गोला गोकर्णनाथ में भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ियों को टेहरी मैरिज लॉन के पास उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर बाबा हरिदास, राजेन्द्र पाल, कुंभकर्ण, रामसेवक, रजनीश, नरेश कुमार, छोटे लाल, विजयपाल, अंश, गौरव, प्रियांशु, नीरज मौजूद रहे।

### उमाशंकर व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष मनोनीत



**बिलसंडा।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष अरविंद अवस्थी की संस्तुति पर संगठन चेयरमैन विक्रम नरेश जायसवाल की सहमति से सराफा व्यापारी उमाशंकर उर्फ बबलू वर्मा को नगर उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर जिलाध्यक्ष जनाब अफरोज जिलानी, विकेश जायसवाल, राजीश गुप्ता, धीरज जायसवाल सुधीर सक्सेना एडवोकेट आदि भी बधाई दी है।

### क्षतिग्रस्त पोल से हादसे का खतरा, ज्ञापन दिया

**पूरनपुर।** शुक्रवार को राष्ट्रीय योगी सेना के कार्यकर्ता डिवीजन कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधिशासी अभियंता प्रशांत गुप्ता को सौंपे ज्ञापन में कहा कि कायस्थान के वार्ड न. दो में लोहे का क्षतिग्रस्त अनुपयोगी पोल लगा हुआ है। इसके गिरने से हादसे की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा वार्ड नंबर छह में काफी समय से बिजली केबल जमीन पर पड़ी है। शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं की गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि हादसा होने पर विभाग को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

### घटिया घाट को धूमधाम से रवाना हुए कांवड़िया

**पूरनपुर।** शुक्रवार को सेहरामऊ गांव से कांवड़ियों का एक जत्था गंगाजल लेने के लिए फर्रुखाबाद के लिए रवाना हुआ। कांविड़ए घटिया घाट से जल भरकर गोलागोर्कण नाथ में भगवान शिव का अभिषेक करेंगे। जत्थे को गांव के लोगों ने तिलक वंदन कर विदा किया। कावंड़ियों ने जयकारे लगाते हुए यात्रा शुरु की। इस दौरान भानू प्रताप, अमित, रोहित, मोहित, ज्ञान प्रताप, सुनीत सहित दर्जनों लोग जत्थे में शामिल हैं।

# शरणार्थियों के साथ जिहादियों की घुसपैठ रोकी जाए

**पूरनपुर, अमृत विचार:** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ महावीर दुर्गा सेना ने ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया कि शरणार्थियों के साथ जिहादी में भी भारत आने का प्रयास कर रहे हैं। उन पर सख्ती करने की मांग की गई। शुक्रवार को महावीर सेना और दुर्गा सेना ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इसमें कहा गया कि बांग्लादेश में शेख हसीना का तख्ता पलटने के बाद हिंदू परिवारों पर हमले तेज हो गए है। उनके घर और धार्मिक स्थलों को तोड़ा जा रहा है। इसको लेकर संगठनों में रोष में है। ज्ञापन में हिंदुओं पर अत्याचार को रोकने और उनकी रक्षा करने की मांग की गई। इसके अलावा देश में शरणार्थियों की आड़ में सीमा में घुसपैठ करने वाले जेहादियों पर सख्ती बरतने की मांग की गई। तोड़े गए धार्मिक स्थलों का पुर्ननिर्माण कराने की मांग की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष रुम सिंह यादव, सजीव अग्रवाल, लक्ष्मण प्रसाद प्रजापति, सोनू पांडे, राजपाल वर्मा, सरनजीत कुमार और अनुज कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डॉ. प्रशांत गुप्ता व भारती बने बेस्ट कपल

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन का 19वां अधिष्ठापन समारोह शुक्रवार को भव्य रूप से मनाया गया। सचिव डॉ. प्रशांत गुप्ता ने वर्ष भर में कराए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने इसकी सराहना की। नए अध्यक्ष ने आगामी दिनों में कराए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया। समारोह में डॉ. प्रशांत गुप्ता और भारती गुप्ता को बेस्ट कपल का खिताब मिला।

इस दौरान वेस्ट रोटरी मेंबर दीपक अग्रवाल, बेस्ट रोटरी कल्पना गुप्ता, बेस्ट प्रोग्राम डायरेक्टर संदीप गुप्ता बन्नू, बेस्ट प्रोग्राम डायरेक्टर पवन गुप्ता, उभरता सितारा कपल अनूप गुप्ता अंजली गुप्ता, उभरता सितारा मेंबर संजीव गुप्ता, दूसरे वार्ता सितारा मेंबर अमरजीत सिंह को चुना गया। इस दौरान मथुरा से आने डिस्ट्रिक गर्वनर नीरव निमेष अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। वैक्सीन समय से लगने पर इससे बचा जा सकता है। इस अध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष हर्ष गुप्ता को कॉलर एवं चार्टर प्रदान किया। संस्थापक अध्यक्ष डा. दिनेश कुमार गुप्ता ने नए अध्यक्ष को पिन लगाकर पदभार ग्रहण कराया। डा. प्रशांत गुप्ता ने नवनिर्वाचित सचिव राजेश रस्तोगी को कार्यभार ग्रहण कराया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष हर्ष गुप्ता ने बताया कि वह अपने कार्यकाल में गरीब कन्याओं का विवाह, होली मेला, ब्लड डोनेशन कैंप सहित कई कार्य कराएंगे। उन्होंने क्लब में शामिल नए सदस्य डा. राजेश अग्रवाल, राहुल श्रीवास्तव, संदीप अग्रवाल, विपिन गोपाल और डिंपल का स्वागत किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने नए सदस्यों को सदस्यता ग्रहण कराई गई। नए रोटरेक्ट क्लब की स्थापना की गई। इसके नए अध्यक्ष डा. मोहक होरा सचिव अंकुर अग्रवाल और कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ गुप्ता को बनाया गया। डिस्टिक सेक्रेटरी रोटरेक्ट एसपीएस संधू डिस्टिक सेक्रेट्री सोनल अग्रवाल ने संबोधित किया।



रोटरी क्लब ग्रीन के अधिष्ठापन समारोह में कई कार्यक्रम आयोजित। ● अमृत विचार

● रोटरी क्लब ने मनाया अधिष्ठापन समारोह, युवाओं के रोटरेक्ट संगठन का गठन किया

# अखिल भारतीय किसान महासभा ने सौंपा ज्ञापन

**पूरनपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को अखिल भारतीय किसान महासभा के दर्जनों कार्यकर्ता तहसील परिसर पहुंचे। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला को सौंपा। ज्ञापन कहा गया कि जंगल और जमीन आदि प्राकृतिक संसाधनों को कंपनियों को सौंपने की नीति पर रोक लगाकर सरकार से उनके संरक्षण कराने की मांग की गई। इसके अलावा राष्ट्रीय किसान आयोग का गठन करने की मांग की गई। एमएसपी गारंटी कानून बनाने, बिजली कानून 2021 को रद्द कर किसानों को तीन सौ यूनिट बिजली निशुल्क देने, गरीबों को आवास दिलाने आदि की मांगें रखी गईं। कराने की भी मांग की गई। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव अफरोज आलम, देवी दयाल, सईद खां आदि लोग मौजूद रहे।

# नहरोसा से सौ मीटर दूर रह गई शारदा, सता रहा कटान का डर

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** शारदा नदी का कटान तेज हो गया है। नदी लगातार आबादी की ओर बढ़ रही है। इसको लेकर ग्रामीण परेशान है। उन्होंने बचाव कार्य के लिए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने एसडीएम से नदी के प्रकोप से बचाने की मांग की।

गत दिनों शारदा नदी में आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। ग्रामीणों के घरों के अलावा कई एकड़ फसल जमीन निगल गई। बाढ़ का प्रभाव कम होने पर नदी ने कटान तेज कर दिया है। चंदिया हजारा के अलावा नहरोसा गांव के पास शारदा तेजी के साथ कटान कर रही है। इसको लेकर ग्रामीण भयभीत हैं। नहरोसा गांव से शारदा नदी महज सौ मीटर की दूरी पर बह रही है। ग्रामीणों की कई एकड़ जमीन नदी में समा चुकी है। लगातार नदी का कटान तेज हो रहा है। आबादी की ओर नदी के बढ़ने से लोगों की धड़कनें बढ़ती जा रही हैं। शुक्रवार को कई ग्रामीण नदी किनारे पहुंचे और कटान देखा। उन्होंने बचाव कार्य कराने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नदी आबादी की ओर बढ़ती जा रही है, और बचाव के कोई इंतजाम नहीं किए गए। ग्रामीणों ने मौके पर ही फोन पर एसडीएम से वार्ता की और कटान से बचाव कार्य कराने की मांग की।

प्रदर्शन करने वालों प्रधान सलाउद्दीन, पप्पू, रऊफ, कलीमुद्दीन, हसमुद्दीन, राशिद, जावेद, शान मोहम्मद और राजू आदि मौजूद रहे।



बचाव कार्यों की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

● ग्रामीणों ने बचाव कार्य की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

# कुमार तनय महिला संगठन ने मनाई हरियाली तीज



हरियाली तीज मनातीं संगठन की महिलाएं। ● अमृत विचार

**पूरनपुर, अमृत विचार:** कुमार तनय महिला संगठन ने तीज पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान पारंपरिक तीज गीत और नृत्य किया गया। संगठन की अध्यक्ष ऋचा गुप्ता ने तीज के महत्व और इससे जुड़े रीति रिवाजों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तीज महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह पर्व जीवन में सुख समृद्धि और खुशहाली लाता है। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजधज कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। मिठाई खिलाकर महिलाओं ने एक दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। यहां अध्यक्ष ऋचा गुप्ता, रीना गुप्ता, नूतन गुप्ता, राधा, स्मिता, अंजलि, श्वेता, पायल, श्रद्धा, शोभना, छवि और पारुल आदि मौजूद रहीं।

# वैदिक गुप्ता हेड ब्वाय और जिया मिश्रा चुनी गईं हेड गर्ल

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** नगर के नेशनल पब्लिक स्कूल में हाउस के वार्षिक चुनाव में वैदिक गुप्ता को हेड ब्वाय और जिया मिश्रा को हेड गर्ल चुना गया। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने पद शपथ ली।

नेशनल पब्लिक स्कूल में हाउस के चुनाव में हिमालय हाउस के लिए अविका जायसवाल कैप्टन और अथर्व गुप्ता को वाइस कैप्टन, कनक गुप्ता एवं हृदयेश सक्सेना वॉलिंटियर चुना गया। अरावली हाउस के लिए खुशी पोरवाल को कैप्टन और तेजस को वाइस कैप्टन तथा प्रतिभा भारती और सत्यम गुप्ता को वालंटियर चुना गया। शिवालिक हाउस के लिए खुशप्रीत कौर को कैप्टन रुद्र जायसवाल को वाइस कैप्टन तथा ख्वाहिश जायसवाल और राघव गुप्ता को वॉलिंटियर चुना गया । नीलगिरी हाउस के लिए मानवी गुप्ता को कैप्टन और वंश को वाइस कैप्टन और नवदीप कौर और अभय सागर को वालंटियर चुना गया। इसके अलावा इंशा नाज़, रोशनी वर्मा, आरव गुप्ता तथा रजब वाहिदी को डिसिप्लिन इंचार्ज चुना गया। सभी नए पदाधिकारियों हाउस इंचार्ज आशुतोष मिश्र ने शपथ दिलाई गई। सभी पदाधिकारियों को प्रबंध निदेशक एम रेहान ने सभी को बधाई दी। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य दुष्यंत शर्मा, सचिन त्रिपाठी, मनोज शर्मा, अनीस अहमद, रूबी अग्रवाल, मानसी, पुष्पा सक्सेना, शिवानी, रुबीना, आदित्य, अनामिका, दीक्षा आदि मौजूद रहे।



चुने गए स्कूल के नए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### दंगल में पहलवानों ने खूब आजमाए दांव-पेंच



**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव अमरैया कलां में नागपंचमी पर्व पर मेला का आयोजन किया गया। इस मौके पर दंगल प्रतियोगिता हुई। इसमें दूर दराज के पहलवानों ने पहुंचकर दांव-पेंच दिखाए। अमरैया कलां के हरिबाबू ने महादिया के दिनेश कुमार, अमरैया कलां के अनुज शर्मा ने लोहरपुरी के करन, अमरैया कलां के गौरव ने तकिया दीनापुर के अर्पित, अमरैया कलां के अनिकेत ने महादिया के आकाश, अमरैया कलां के सनी ने खमरिया पट्टी के दिव्यांश को हराया। दंगल में प्रेमपाल राजपूत, रामशरन यादव, राजन कुशवाहा, शिवम कुशवाहा, अरविंद भारती, वीरू राजपूत, दयाराम, सरनाम सिंह आदि मौजूद रहे।

### रोजगार मेले में 96 युवाओं को मिली नौकरी



**बरखेड़ा।** कस्बे के गांव नरायनपुर में स्थित आदेश आईटीआई में शुक्रवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें कुल 167 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों के द्वारा 96 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में जिला रोजगार सहायता अधिकारी व संस्थान के प्रधानाचार्य के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान रोजगार मेले के समापन पर जिला सेवायोजन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला और आदेश आईटीआई के सचिव व प्रधानाचार्य के द्वारा सभी कंपनियों से आए भर्ती अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। मेले में अनुदेशक मोहनलाल, नरेंद्र सिंह, आदेश आईटीआई के सचिव अरविंद गंगवार, प्रधानाचार्य निमित्त शर्मा, बीटीसी विभागाध्यक्ष अश्विनी भटनागर का विशेष योगदान रहा।

### धार्मिक स्थल में चोरी होने से लोगों में आक्रोश

**पूरनपुर।** कोतवाली रोड पर स्थित ब्रह्मदेव स्थल पर रोजाना लोग पूजा अर्चना करते हैं। गुरुवार रात स्थत पर लगी मोटर और ताबें की नागमूर्ति चारी हो गई। चोर ने पास में लगे गोलक को भी तोड़ने का प्रयास किया। आहठ होने पर वह अपनी मंशा में सफल नहीं हो सका। शुक्रवार सुबह नागपंचमी पर्व पर जब लोग ब्रह्मदेव स्थल पर पूजा करने के लिए पहुंचे तो उन्हें घटना के बारे में पता चला। जानकारी लगते ही मनोज गुप्ता सोना, अनूप गुप्ता सहित कई लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस को सूचना देते हुए घटना पर नाराजगी व्यक्त की।

# कृषि यंत्र लेने वाले दो किसानों का ई-लॉटरी से हुआ चयन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** सीआरएम योजना के तहत अनुदान पर कृषि यंत्र लेने वाले दो किसानों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया। जबकि दो किसानों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। ई-लॉटरी प्रक्रिया डीएम की मौजूदगी में संपन्न हुई।

प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेजिड्यू योजना (सीआरएम) के तहत अनुदान पर सुपर सीडर एवं कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए जनपद के 23 किसानों ने ऑनलाइन बुकिंग कराई थी। किसानों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाना था। इधर शुक्रवार को गांधी सभागार में डीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ई-लॉटरी प्रक्रिया शुरू की गई। इसमें 23 किसानों के सापेक्ष 20 किसानों ने हिस्सा लिया।

डीएम द्वारा गठित समिति एवं किसानों की मौजूदगी में ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। सुपर सीडर के लिए बिलसंडा ब्लॉक के किसान जुगेंद्र सिंह का चयन किया गया, जबकि राजेंद्र सिंह को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए मरौरी ब्लॉक के किसान पूरन सिंह एवं प्रतीक्षा सूची में मलकीत सिंह का चयन हुआ। ई-लॉटरी प्रक्रिया के दौरान उप कृषि निदेशक नरेंद्र पाल, जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव समेत कृषि वैज्ञानिक, अग्रणी जिला प्रबंधक आदि मौजूद रहे। उप निदेशक कृषि ने बताया कि ई-लॉटरी में चयनित किसानों कृषि यंत्र की खरीदारी के लिए एक माह का समय दिया गया है।



गांधी सभागार में ई-लॉटरी प्रक्रिया के दौरान मौजूद डीएम और किसान।

● गांधी सभागार में डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई प्रक्रिया

# दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में चार लोग घायल

**दियोरिया कला, अमृत विचार:** दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा खरदहाई गांव के पास हुआ। यहां के रहने वाले सुनील कुमार पुत्र नरेश चंद्र बाइक से पकड़िया गांव से अपने घर लौट रहे थे। इधर, गोपालपुर गांव के रहने वाले रामरतन पुत्र सोवरन लाल बाइक से अपनी बेटी नेहा और बेटे शनि के साथ अपने गांव आ रहे थे। खरदहाई चौराहा के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि एक बाइक के परखच्चे उड़ गए। दोनों बाइकों पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी 112 और थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।


# पवित्र मन रखने वालों को होती है शिव की प्राप्ति

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** शिंवुआ के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन शुक्रवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

कथावाचक आचार्य भगवान शरण ने कहा कि जिसके मन में छल कपट होता है वो कभी शिव को प्राप्त नहीं कर सकता। जिसका मन पवित्र है, वहीं शिव का वास होता है। मन में जो मैल रखते हैं, छल कपट रखते हैं। उसे कभी शिव की प्राप्ति कभी नहीं होती है।

उन्होंने कहा कि शिव की भक्ति निष्काम होती हैं, जो कामनाएं लेकर जाता है। उस कामना को पूर्ण शिव अवश्य करते है। मन में छल कपट हो तो कोई कामना पूर्ण नहीं होती। उन्होंने कहा कि मन में बैर रखने से मन खराब हो जाता है। मन तो चंचल है, इसको जितना पवित्र रखोगे उतना ही ईश्वर आपके करीब रहेगा। इसलिए अपने मन पर काबू रखकर शिव भक्ति करें और उसका जो फल प्राप्त होगा, वह आपके सामने होगा। उन्होंने कहा कि शिव को प्राप्त करने के लिए मां पार्वती का तप यह बताता है कि शिव को पाना और शिव मय हो जाने में क्या फर्क है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। व्यवस्था में सुमित गुप्ता, रामेंद्र गोस्वामी, प्रधान राजेश अवस्थी, संजू सिंह, प्रदीप चौहान, संजय अवस्थी, बब्बू अवस्थी, शैलेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान महेंद्र पाल रहे।



कथावाचक आचार्य भगवान शरण।

# काकोरी के शहीदों की याद में निकाली शहीद स्मृति यात्रा, श्रद्धांजलि अर्पित

## कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित

**काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


हरी झंडी दिखाकर शहीद स्मृति यात्रा को रवाना करते डीएम संजय कुमार सिंह व अन्य। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** काकोरी ट्रेन एक्शन के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह मनाया गया। इस अवसर पर काकोरी के शहीदों की याद में शहीद स्मृति यात्रा निकाली गई। शहीद दामोदर दास पार्क में जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार व अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया। इसके अलावा जिले के कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शहीदों को नमन किया गया। शहर के गैस चौराहा स्थित शहीद दामोदर दास पार्क से शुरू हुई शहीद स्मृति यात्रा को डीएम संजय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में साइकिल सवार स्वयंसेवक और विद्यार्थी हाथों में काकोरी कांड से जुड़े स्लोगन लिखी पट्टिकाएं लेकर चल रहे थे। स्मृति यात्रा सुनगढ़ी तिराहा से होते हुए ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में पहुंचकर समाप्त हो गई। यहां डीआईओएस अचल कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों को काकोरी ट्रेन एक्शन कांड के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने कहा कि हमें यह आजादी महान क्रांतिकारियों के बलिदान से मिली है। हमें उनके आदर्श पर चलकर देश को एक नई दिशा देना है।

इसके बाद गैस चौराहा स्थित शहीद दामोदर दास पार्क में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, डीएम संजय कुमार सिंह, सीडीओ केके सिंह, एडीएम ऋतु पूनिया आदि ने शहीदों को श्रद्वा सुमन अर्पित किए। यहां तिरंगा के रंग वाले 100 गुब्बारे उड़ाकर देशभक्ति का संदेश दिया गया।

गांधी सभागार में लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस दौरान काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, नगर पालिका चेयरमैन आस्था अग्रवाल आदि ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने पौधरोपण भी किया। इस दौरान कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।


शहीदों को पुष्प अर्पित करते बरखेड़ा विधायक व अन्य।

स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने कार्यक्रम आरंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि काकोरी कांड स्वतंत्रता संग्राम में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। सतत प्रयासों एवं बलिदानों से मिली आजादी को हमें बनाए रखना है। इसके लिए देश में प्रत्येक नागरिक को आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रगति के लिए प्रयास रहना होगा। प्राचार्य डॉ. इल्यास अहमद ने काकोरी ट्रेन घटना के बारे में बताया। इस मौके पर डॉ. अतुल कुमार, जय शिव शंकर, शाहिद खान, डॉ. कृष्णा शर्मा, संगीता गंगवार, अंग्रेज कौर, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे। गजरौला स्थित सत्यवती टंडन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में भाषण प्रतियोगिता हुई। इससे पूर्व विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने शहीद राम प्रसाद बिस्मिल के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें नमन किया। भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें जगजीत सिंह ने प्रथम, लक्ष्य गुप्ता ने द्वितीय एवं निशांत शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। संचालन शिक्षक त्रिमोहन सिंह यादव ने किया।


शहीद दामोदर दास पार्क में गुब्बारे छोड़ते जनप्रतिनिधि व अधिकारी।


पौधरोपण के दौरान मौजूद जनप्रतिनिधि व अधिकारी। • अमृत विचार

# नोजगी पब्लिक स्कूल ने गांधी स्टेडियम को हराकर जीता फाइनल

संवाददाता, पीलीभीत

- सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता आरंभ कराई
- राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया

**अमृत विचार:** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के तहत शुक्रवार को गांधी स्टेडियम में जिलास्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने प्रतियोगिता आरंभ कराई। एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह और डीआईओएस अचल कुमार मिश्र ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता में छह टीमों ने भाग लिया।

पहला मैच लिटिल एंजिल एवं ज्ञान इंटरनेशनल के बीच खेला गया। जिसमे लिटिल एंजिल टीम ने 53-33 से मैच जीत लिया। नोजगी पब्लिक स्कूल ने बीसलपुर टीम को 52-22 से पराजित किया। तीसरा मैच गांधी स्टेडियम और लिटिल एंजिल स्कूल के मध्य खेला गया। इसमें गांधी स्टेडियम टीम ने 43-34 से जीत हासिल की। चौथे मैच में नोजगी पब्लिक स्कूल की टीम ने डायमंड क्लब 20-09 से पराजित कर मैच जीता। प्रतियोगिता का फाइनल मैच गांधी स्टेडियम और नोजगी पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। जिसमे नोजगी पब्लिक स्कूल ने गांधी स्टेडियम टीम को 29-24 से हराकर फाइनल मैच जीत लिया। समापन पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।इस मौके पर ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, विजय सिंह गंगवार, मनोज मिश्रा, देवेंद्र सिंह चौहान, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अनिल महेंद्रू, जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष कपिल देव सिंह, जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष दिनेश तिवारी आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह की देखरेख में संपन्न हुई।


गांधी स्टेडियम में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते सिटी मजिस्ट्रेट। • अमृत विचार


कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं ज्ञान एवं लिटिल एंजिल्स स्कूल की टीमें।

## घुंघचिहाई में बच्चों ने रैली निकाली

**घुंघचिहाई।** काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नरायनपुर ताल्लुके घुंघचिहाई के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों एवं अध्यापकों ने प्रभात फेरी निकाली। यह रैली गांव में घूमने के बाद पुनः विद्यालय पहुंचकर समाप्त हो गई। रैली के शामिल बच्चे हाथों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के पोस्टर लेकर नारे लगाते चल रहे थे। रैली में प्रधानाध्यापक सत्यनारायण यादव, अनिल कुमार प्रबल, प्रमोद कुमार, अर्चना देवी आदि मौजूद रहे। इसके अलावा अन्य स्कूलों में रैली निकाली गई।

## शहीदों की याद में किया पौधारोपण

**बिलसंडा।** काकोरी कांड के 100 वर्ष पूरे होने पर नगर एवं क्षेत्र में कई जगहों पर शहीदों को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। गांधी स्मारक सुंदर लाल इंटर कालेज में प्रबंधक पंकज जायसवाल, प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र राय, पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल, सुमित जायसवाल, रामाधार मिश्रा आदि ने कानेज परिसर में फलदार पौधे रोपित किए। उमा देवी पब्लिक स्कूल, हैप्पी ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक मोहम्मद रेहान, नीरज गुप्ता, विक्रम नरेश जायसवाल, सतनाम सिंह, प्रधानाचार्य असीम जौहरी, डॉ. गौरव शुक्ला, सौरभ शुक्ला, अवध नरेश जायसवाल ने पौधरोपण किया।गांव परेवा तुर्राह स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर में प्रधान धर्मेंद्र गंगवार, राजेश कुमार एवं शिक्षकों ने पौधारोपण किया। यहां प्रधानाध्यापक वीरेंद्र गंगवार, सत्येंद्र गंगवार, रामपाल गंगवार समेत कई लोग मौजूद रहे। बमरोली स्थित एक पेट्रोल पंप पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश जायसवाल, बंटू जायसवाल, राजीव गुप्ता,अंकित जायसवाल आदि ने पौधरोपण किया।



## काकोरी के शहीदों की याद में स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित

अमृत विचार, दियोरियाकला। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह पर स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय अकोड़ा नौगमियां एवं कंपोजिट विद्यालय मधवापुर के बच्चों द्वारा अलग-अलग प्रभात फेरी निकाली गई। इंचार्ज अध्यापिका जसोदा देवी ने काकोरी कांड के बारे में बताया। इस मौके पर सहायक अध्यापक धनंजय कुमार, शिक्षामित्र मुनेंद्र कुमार , मीना देवी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## रैली निकाल शहीदों को किया याद

**पूरनपुर।** स्कूलों में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भगवंतापुर के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को प्रभात फेरी निकाली। रैली के माध्यम से काकोरी ट्रेन एक्शन के बारे जानकारी दी गई। रैली में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सूर्य प्रकाश गंगवार, प्रधान सतीश गिरि, शिक्षक मुकेश बाबू, वैशाली दीक्षित, अर्चना कुमारी आदि मौजूद रहे। प्राथमिक विद्यालय खाता में काकोरी शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गांव में रैली निकाली गई। रैली में विजयलक्ष्मी, राधाकृष्ण कुशवाहा, पारुल, राजेश्वरी, पूनम आदि शामिल रहीं।




**सूचना**

सूचित किया जाता है कि फर्म - फर्म- मैसर्स अहम इण्टरप्राईजेज, मोहल्ला परा, फरीदपुर, बरेली यू.पी. 243503 (पंजीकरण संख्या : BAR / 0002874) फर्म में 04 साझेदार मुलायम सिंह, अनोखेलाल, सुख लाल, मोहम्मद यासीन थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 09.08.2024 को फर्म में दो नये साझेदार विजय कुमार एवं पूनम लता शामिल किये गये हैं तथा फर्म से तीन साझेदार अनोखेलाल, सुख लाल, मोहम्मद यासीन स्वेच्छा से दिनांक 09.08.2024 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है, साझेदार का फर्म /साझेदारों पर या फर्म का साझेदार पर कोई लेन-देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 03 साझेदार मुलायम सिंह, विजय कुमार, पूनम लता हैं। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है । एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकातयें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी हैं ।

मुलायम सिंह साझेदार
मैसर्स अहम इण्टरप्राईजेज, बरेली उ0प्र0

## सार-संक्षेप

### पत्रकार वैभव शुक्ला की माता का निधत



**पीलीभीत, अमृत विचार :** दैनिक अमृत विचार के जिला प्रभारी वैभव शुक्ला की मां सुनीता शुक्ला का शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वह 62 वर्ष की थीं, और लंबे समय से बीमारियों से पीड़ित थीं। उनके निधन की जानकारी मिलते ने पर तमाम पत्रकार, व्यापारी, जनप्रतिनिधि और अधिकारी शोक संवेदना व्यक्त करने वैभव के घर पहुंचे। प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं गई। शोक संवेदना व्यक्त वालों पत्रकार संदीप सिंह, जिला संयुक्त बार संगठन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र, उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन अनिल महेंद्रु, अधिवक्ता महेंद्र मिश्रा, प्रखर मिश्रा, तारिक कुरैशी, केशव अग्रवाल, अमिताभ अग्निहोत्री, सौरभ दीक्षित, शुभम, प्रियांशु सक्सेना, सुनील यादव, सौरभ सिंह, मनोज शर्मा, नितिन समेत तमाम लोग शामिल रहे। उधर, अमृत विचार के बरेली कार्यालय में शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति की कामना की गई।

### सीएमओ ने बिलहरा गांव का जायजा लिया

**बिलसंडा ,अमृत विचार :** गांवों संक्रामक रोगों के पांव पसारने से चहुंओर कोहराम मचा है। गांव बिलहरा में शुक्रवार को सीएमओ ने गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें हर संभव स्वास्थ्य लाभ दिलाने का वादा किया।पिछले वर्ष गांव बिलाड़ा में संक्रामक रोगों की चपेट में आने से 10 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष यहां संक्रामक रोग नियंत्रण में है। स्वास्थ्य टीम द्वारा की गई ब्लड सैंपलिंग में सिर्फ दो लोगों के मलेरिया पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई। यह अलग बात है कि कई लोगों के बुखार से पीड़ित हैं। गत वर्ष बड़े पैमाने पर हुई मौतों की घटना से सजग स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह गांव पर नजर रखे हुए हैं। गांव में स्वास्थ्य टीम कैंप कर न केवल दवाओं का वितरण कर रही हैं, बल्कि समय-समय पर ब्लड सैंपलिंग लेकर जांच भी कर रही है। शुक्रवार को सीएमओ डॉ. आलोक कुमार शर्मा ने गांव पहुंचकर डोर टू डोर मरीजों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। अभी सिर्फ दो लोग के बुखार से पीड़ित हैं, जिन्हें दवाएं दी गईं। साफ-सफाई पर विशेष जोर देने को कहा गया।

### जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने दी जान

**घुंघचिहाई।** जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत हो गई। इसको लेकर परिवार में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने गुरुवार की देर शाम अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। जमीन पर बेहोशी की हालत में देख परिवार वाले उसे उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत के परिवार में कोहराम मच गया।

### पंखा ठीक करते वक्त करंट लगने से युवक की मौत

**पीलीभीत,अमृत विचार :** घर में पंखा सही कर रहे युवक को बिजली का करंट लग गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थाना अमरिया क्षेत्र के गांव जिठनियां निवासी 25 वर्षीय राजेंद्र पुत्र होरी लाल गुरुवार रात घर ने अंदर कमरे में छत पर लगे पंखे को सही कर रहा था। तभी अचानक से बिजली आ जाने से उसको करंट लग गया। उसकी चीख सुनकर परिजन अंदर पहुंचे तो देखा कि राजेंद्र बिजली के तारों से चिपका हुआ था। परिवार के लोग उसको आनन फानन में अमरिया सीएचसी लाए। जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसको मृत घोषित कर दिया।

# दुष्कर्म पीड़िता ने बच्ची को दिया जन्म

बदायूं कार्यालय

- 15 दिसंबर 2023 को तीन आरोपियों ने किशोरी से किया था दुष्कर्म

**अमृत विचार :** सामूहिक दुष्कर्म की शिकार किशोरी ने शुक्रवार को एक बच्ची को जन्म दिया। किशोरी के पिता ने 29 जुलाई को तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दो आरोपियों को जेल भेज दिया, तीसरे की तलाश कर रही है।

थाना इस्लामनगर क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ 15 दिसंबर 2023 को तीन आरोपियों ने दुष्कर्म किया था। डर और शर्म की वजह से किशोरी ने परिजनों को नहीं बताया। कुछ महीने बाद किशोरी का पेट बढ़ने लगा। परिवार की महिलाओं ने पता किया तो उसके गर्भवती होने की जानकारी हुई। फिर तो परिवारीजनों के होश उड़ गए। बेटी भी बेहाल हो गई। उसने बताया कि 15 दिसंबर को घेर में पशुओं को चारा डालने गई थी। वहां गांव के निवासी गुड्डू, मनोहर और गुड्डू के फुफेरे भाई सतीश ने उसके साथ दुष्कर्म किया। सतीश संभल के थाना चंदौसी क्षेत्र के गांव पथरा का रहने वाला है। किशोरी के पिता ने 29 जुलाई 2024 को पुलिस को तहरीर दी जिस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की। सतीश और गुड्डू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि मनोहर फरार है। शुक्रवार देर शाम किशोरी को प्रसव पीड़ा होने लगी। परिजन उसे पास के अस्पताल लेकर गए जहां किशोरी ने प्री मेच्योर बच्ची को जन्म दिया। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है, तीसरे की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# टॉफी दिलाने के बहाने किशोरी से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**जहानाबाद,अमृत विचार:** थाना जहानाबाद क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 12 वर्षीय पुत्री पास के गांव में दवा लेने के लिए आठ अगस्त को शाम पांच बजे जा रही थी। इस दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम सैजना निवासी रमाकांत पुत्र शिव सिंह ने अपनी दुकान के अंदर किशोरी को टॉफी देने के बहाने बुलाया। किशोरी के टाफी मांगने पर आरोपी युवक ने उसका हाथ पकड़कर दुकान के अंदर खींच लिया। उसके साथ अश्लील हरकत की। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। किशोरी रोती हुई अपने घर पहुंची और उसने पूरी बात अपनी मां को बताई। वह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ शिकायत करने आरोपी के यहां पहुंची तो आरोपी गाली गलौज करते हुए अभद्रता करने लगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर संजीव शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

**सम्मन मुद्दालय**
**न्यायालय अपर नगर मजिस्ट्रेट जनपद बरेली।**
**कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या T202212130105225**
**धारा 116 U.P.R.C. 2006**

श्रीराम बनाम सोनपाल आदि मुद्दाय बनाम सोनपाल, प्रेमपाल, अशोक पाल, महेश पाल, नरेश पाल, वीरपाल पुत्रगण स्व. बद्री, श्रीमती माया देवी पत्नी स्व. बद्री, राहुल कुमार पुत्र स्व. वीरपाल सिंह, कुमारी अलका पुत्री स्व. वीरपाल सिंह, श्रीमती रानी पत्नी स्व. वीरपाल सिंह समस्त निवासी ग्राम क्यारा परगना बरेली तहसील व जिला बरेली गांव सभा ग्राम क्यारा मुस्तकिल/ एतहमाली परगना बरेली तहसील व जिला बरेली द्वारा ग्राम प्रधान/चेयरमैन देहा प्रतिवादीगण

चूंकि मुसम्मी श्रीराम ने आपके नाम एक नालिश वास्ते बंटवारा के दायर किया है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 12.08.2024 असालतन या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा बखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा।

आज बतारीख 09.08.2024 मेरे दस्तखत मोहर अदालत से जारी किया गया।

अपर नगर मजिस्ट्रेट (प्रथम)
(बरेली)

# सिगरेट पीने को लेकर विवाद होने पर युवक को पीटा

- सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मदीना में हुइर वारवात

**पीलीभीत अमृत विचार :** सिगरेट पीने के मामूली से विवाद में कुछ लोगों ने एक युवक को पीट दिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मदीना शाह निवासी आदेश यादव पुत्र ओमकार यादव गुरुवार रात दस बजे अपने घर के बाहर टहल रहा था। इस दौरान दूसरे समुदाय के लोगों ने उसको घेर कर पिटाई कर दी। इसकी जानकारी होने पर आदेश पक्ष के काफी लोग एकत्र हो गए।इधर दूसरे पक्ष के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए। किसी ने घटनाक्रम की सूचना पुलिस को दी। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नरेश त्यागी भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत किया। जानकारी करने पर पता चला कि एक दिन पूर्व अनस अंसारी पुत्र कमरुल हसन निवासी मोहल्ला खैरुल्लाह शाह दूसरे समुदाय के घरों की ओर खड़ा होकर सिगरेट पी रहा था। जिस पर आदेश पक्ष के लोगों ने एतराज जताया था इस समय अनस और उसके साथियों ने आदेश को देख लेने की धमकी दी थी। गुरुवार रात मौका पाकर उक्त लोगों ने आदेश को घेर कर उसकी पिटाई कर दी। पुलिस इस मामले में आदेश यादव,अनस अंसारी और उसके भाई जाहिद को लेकर कोतवाली आ गई। जानकारी होने पर हिंदू जागरण मंच के युवा विंग के जिला अध्यक्ष आशीष लोधी भी अपनी टीम के साथ कोतवाली पहुंच गए और घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर फोर्स तैनात कर दिया गया है।

## मध्यप्रदेश में मजदूरी कर रहे युवक की ट्रेन से कटकर मौत।

**बीसलपुर :** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में रहकर मजदूरी कर रहे एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही परिवार वाले रतलाम के लिए रवाना हो गए। नगर के मोहल्ला ग्यासपुर निवासी रईस खान का पुत्र शोएब खान अपने घर से रोजी-रोटी कमाने के उद्देश्य से मजदूरी करने के लिए गुजरात चला गया। कुछ दिन उसने गुजरात में मजदूरी की और फिर वहां से वह मध्य प्रदेश के जनपद रतलाम में पहुंच गया। वहां पहुंचने के बाद वह मजदूरी करने लगा। इससे सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था। गुरुवार को वह ट्रेन से कहीं जा रहा था। इसी दौरान शोएब खान 18 वर्ष ट्रेन के नीचे आ गया और उसकी ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना परिवार वालों को मिली तो घर में कोहराम मच गया और उसके परिवार के लोग उसके शव को लेने के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज को रवाना हो गए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत शकरस, ब्लाक बहेड़ी, बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो व आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शकरस की वार्षिक कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-2025 में मनरेगा, ग्राम निधि व SLWM आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार वर्णित कार्यो के लिए निर्माण सामग्री जिसमें ईट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इण्टरलॉक ईट, सरिया, हैण्डपम्प रिबोर सामग्री हयूम पाइप, रोड़ा, टाइल्स, पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, प्रचार-प्रसार सामग्री, सीसीटीवी कैमरा आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है जिसकी सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 12.08.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है । जिसे 12.08.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा । बिना किसी अग्रिम सूचना के निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म में सामग्री अनुमन्य दरों में क्रय हेतु स्वतंत्र होगी ।

अनीस अहमद (ग्राम प्रधान)
सुशील कुमार गंगवार (सचिव)

**प्राथमिक विद्यालय परा II न.क्षे. फरीदपुर बरेली**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक सं. एस.एस.ए./निर्माण 1634-46/2024-25 दिनांक 27.07.2024 के अनुपालन में प्रा. वि. परा II के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 13.08.2024 दिन मंगलवार को प्रात: 10 बजे विद्यालय प्रांगण में की जाएगी। आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी न होने की स्थिति में नीलामी पुन: 16.08.2024 दिन शुक्रवार को प्रात: 10 बजे की जायेगी शर्त यह है कि विद्यालय की बाउंड्रीवाल से सटी दीवार 8 फुट की जैसी की तैसी छोड़ी जायेगी। बोली से पूर्व बोलीकर्ता को अपना आधार कार्ड एवं 6500/- जमानत राशि के रूप में जमा करने होंगे। बोलीकर्ता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिनांक को प्रात: 10 बजे से 10:30 बजे तक होगा। नीलामी की शर्ते विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

छाया- अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति, प्रा. वि. परा II न.क्षे. फरीदपुर
सुनील मोहन जौहरी- सचिव, विद्यालय प्रबंध समिति, प्रा. वि. परा II न.क्षे. फरीदपुर, मो. 8279962941

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली से श्रीमती हीराकली पत्नी श्री तेजपाल निवासी ग्राम पुरैनिया पोस्ट डडिया नगला तहसील बहेड़ी जिला बरेली एक किता प्लाट तादादी 161.47 वर्गमी. जो खसरा नं. 523मि. में से वाकै बिहारमान नगला आशुतोष नगर पर. तह. व जिला बरेली जिसकी चौहद्दी पूरब में मकान कुलदीप सिंघल, पश्चिम में प्लाट अनिल अग्रवाल, उत्तर में रास्ता 15 फिट चौड़ा व दक्षिण में प्लाट रामवीर सिंह यादव है को बंधक रखकर गृह निर्माण हेतु मेरे मुवक्किल से लोन ले रही है श्रीमती हीराकली ने उक्त सम्पत्ति द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 19.07.2024 को श्रीमान स.र. बरेली में बही सं. 1 जिल्द 15675 के पृष्ठ 283 से 300 तक क्रमांक 11433 पर हुई है इकरारी श्रीमती मन्जू जैन से बशक्ल आराजी क्रय की थी।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा श्रीमती हीराकली के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा ।

दिनांक : 09.08.2024

मुनीश कुमार सक्सेना
चैम्बर नं. 27, न्यू बिल्डिंग
बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली।
सूचीबद्ध अधिवक्ता
हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. बरेली।
मो.नं. 9997389012

उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये।
पय:पानं भुजंगानां केवलं विषवर्द्धनम्॥

मूर्खों को दिया हुआ उपदेश उनके क्रोध को बढ़ाता ही है शांत नहीं करता, जिस प्रकार सांपों को पिलाया हुआ दुध हमेशा उनका विष ही बढ़ाता है।

## संपादकीय

# आभासी न्यायालय

देश की अदालतों का बोझ कम करने के लिए आभासी न्यायालय बहुत उपयोगी हैं और न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, पक्षकारों और नए प्रशिक्षुओं सहित सभी के लिए फायदेमंद हैं। ये अदालतें नई पीढ़ी को कानून का अध्ययन करने और देश की न्यायिक प्रणाली को अपनी बहुमूल्य बुद्धिमत्ता देने के लिए भी प्रोत्साहित करेंगी। वर्तमान में आभासी न्यायालय केवल ट्रैफिक चालान संबंधित मामलों को संभाल रहे हैं, जिससे न केवल मुकदमेबाजी की लागत कम हुई है, बल्कि ट्रैफिक चालान मामलों के निवारण की प्रक्रिया भी सरल हुई है। विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि वर्तमान में 28 आभासी न्यायालयों से ट्रैफिक चालान मामलों के निवारण की प्रक्रिया सरल हुई है। वास्तव में यह अवधारणा न्यायालय के संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करने और वादियों को विवादों को निपटाने के लिए एक प्रभावी मार्ग प्रदान करने के लिए तैयार की गई है। आभासी न्यायालय या ई-न्यायालय ऐसी अवधारणा है जिसका उद्देश्य न्यायालय में वादियों या वकीलों की उपस्थिति को समाप्त करना और मामले का ऑनलाइन निर्णय करना है। आभासी न्यायालय द्वारा 5.26 करोड़ से अधिक मामलों का प्रबंधन किया गया है और 56 लाख से अधिक मामलों में 30 जून तक 579.40 करोड़ रुपये से अधिक का ऑनलाइन जुर्माना वसूला गया है। आभासी न्यायालय परियोजना के अंतर्गत, एक मजबूत डिजिटल बुनियादी व्यवस्था बनाने के लिए संबंधित उच्च न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र के तहत अतिरिक्त 1150 आभासी न्यायालयों की स्थापना का प्रावधान है। वर्ष 2020 में कोरोना वायरस महामारी के मद्देनज़र, सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 142 के तहत अपनी पूर्ण शक्ति का प्रयोग करते हुए देश भर के सभी न्यायालयों को न्यायिक कार्यवाही के लिए वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग का व्यापक रूप से उपयोग करने का निर्देश दिया था।

आभासी न्यायालय एक आभासी इलेक्ट्रानिक प्लेटफार्म से एक न्यायाधीश द्वारा प्रशासित हो सकता है जिसकी अधिकारिता संपूर्ण राज्य तक हो सकती है और जो लगातार 24 घंटे कार्य कर सकता है। वार्ता और संगोष्ठियों के माध्यम से आभासी-न्यायालय के बारे में जागरूकता पैदा कर सुविधाओं के संबंध में जानकारी देने में मदद मिल सकती है और आभासी-न्यायालय आसानी से न्याय की सुविधा प्रदान कर सकते हैं। आभासी न्यायालय में संचालन संबंधी कुछ चुनौतियां भी हैं। खराब कनेक्टिविटी, प्रतिध्वनि और अन्य व्यवधानों के कारण सुनवाई के दौरान तकनीकी रुकावटें देखी गई हैं। हैकिंग और साइबर सुरक्षा प्रौद्योगिकी के स्तर पर साइबर सुरक्षा भी एक बड़ी चिंता होगी। ऐसे में न्यायिक प्रणाली के लिए एक नया मंच विकसित करते समय डेटा गोपनीयता और डेटा सुरक्षा चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता है।

# स्वतंत्रता आंदोलन के प्रवाह का महत्वपूर्ण मोड़



डॉ. नवीन गुप्ता
सेवानिवृत्त प्रोफेसर
बरेली

वास्तव में इन क्रांतिकारियों ने काकोरी घटनाक्रम को अंजाम देकर यह साबित कर दिया कि भारत में ब्रिटिश हुकूमत अब और ज्यादा दिन तक नहीं टिक सकेगी। इस घटनाक्रम के बाद सिर्फ 22 साल के अंतराल में आजादी के लिए छिड़ी यह जंग निर्णायक साबित हुई और अंततः इन क्रांतिकारियों का संकल्प और सपना साकार हुआ।

भारतीय इतिहास में काकोरी घटनाक्रम क्रांतिकारी आंदोलन की ऐसी ऐतिहासिक महत्वपूर्ण घटना है, जिसने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के प्रवाह को ही मोड़ दिया था। 9 अगस्त, 1925 को हुए इस ऐतिहासिक घटनाक्रम ने जनपद शाहजहांपुर की विशेष भूमिका रही, क्योंकि इस घटनाक्रम के प्रमुख सूत्रधार पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खां तीनों का संबंध शाहजहांपुर जनपद से ही था, जो क्रांतिकारियों की जन्मस्थली और कर्मस्थली बनी। जब 9 अगस्त 1925 को 8 डाउन पैसेंजर ट्रेन को लखनऊ से कुछ दूर पहले काकोरी स्टेशन पर रोककर सरकारी खजाना लूट लिया गया और क्रांतिकारियों ने उसका उपयोग हथियार खरीदने और अन्य क्रांतिकारी गतिविधियों के संचालन में कर लिया तो सारे क्रांतिकारी लगभग निश्चिंत से हो गए थे।

ऐसे समय में मेरठ में स्थित रामानुज वैश्य अनाथालय इन क्रांतिकारियों की कर्मस्थली बना, क्योंकि इनको मेरठ सबसे सुरक्षित स्थान के रूप में दिखाई पड़ा और क्रांतिकारी विष्णु शरण दुबलिश ने इन सभी को क्रांतिकारी गतिविधियों को संचालित करने के लिए रामानुज वैश्य अनाथालय में स्थित अपने आवास पर आश्रय दिया। 13 सितंबर ,1925 को वैश्य रामानुज अनाथालय में बुलाई गई बैठक में पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, राजेंद्र लाहिड़ी, शचींद्रनाथ बख्शी समेत प्रमुख क्रांतिकारियों को बुलाया गया था,जिसकी सूचना पंडित राम प्रसाद बिस्मिल ने अपने छद्म नाम रुद्र से दी थी। वैश्य अनाथालय में बुलाई गई बैठक का उद्देश्य काकोरी घटनाक्रम के उपरांत हुए कार्यों की समीक्षा तथा आगामी योजना की रूपरेखा तय करना था। इस बैठक को सब इंस्पेक्टर ब्रह्मा सिंह एवं पेरु सिंह ने स्वयं देखा था। मगर दोनों ही पुलिस अधिकारी स्थिति को भाप नहीं सके। उधर 9 अगस्त 1925 को 8 डाउन पैसेंजर से लूटे गए इस खजाने की खबर अखबारों की सुर्खियां बनी और यह घटनाक्रम एक तरह से ब्रितानियां हुकूमत को खुली चुनौती थी। लिहाजा सरकार पूरी तरह से सक्रिय हो गई।

सरकार ने मिस्टर हार्टन की अध्यक्षता में विशेष पुलिस शाखा को जांच सौंपी जिसे इस ट्रेन डकैती में लूटे गए तीन नोट शाहजहांपुर में मिले। बस यहीं से इस घटनाक्रम की कड़ियां जुड़ती चली




### काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष

गईं और जीआईसी शाहजहांपुर के छात्र इंद्र भूषण मित्र के घर से बरामद बिस्मिल के क्रांतिकारी दल संबंधी दस्तावेजों के आधार पर जांच कमेटी ने 13 सितंबर को मेरठ के रामानुज अनाथालय में होने वाली बैठक की जानकारी जुटाई थी। इस बैठक में बिस्मिल ने दल की केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों तथा जिला संगठन के विशिष्ट कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया था। क्रांतिकारियों के छद्म नाम रखे गए, जिनका विवरण योगेश चंद्र चटर्जी ने दिया है। रामप्रसाद बिस्मिल को छद्म नाम आनंद प्रकाश, रूद्र, राम परमहंस, मास्टर महाशय,महंत तथा राजेंद्र लाहिड़ी को निताई, निताई चंद, निताई मामा, चारू, जुगल किशोर दीक्षित,मथुरा प्रसाद जवाहरलाल बाजपेई और केपी श्रीवास्तव के नाम से जाना जाता था। जबकि अशफाकउल्लाह खां को, कुंवरजी, मन्ताना ,बारी ,कृष्ण आदि नाम दिए गए। चंद्रशेखर आजाद को क्विक सिल्वर का नाम दिया गया था। क्रांतिकारी मन्मथ नाथ गुप्त को नवाब तथा नवाब साहब,योगेश चंद्र चटर्जी को राय, प्रफुल्ल चंद्र राय, महाशय और मुकुंदी लाल को महाराज का नाम दिया गया था। रामकृष्ण खत्री को नरेंद्र, गंगाराम ,गोविंद प्रकाश, बनवारीलाल को तारा सिंह रामांदा सिंह, शचिंद्र नाथ बख्शी को बद्री कन्हैयालाल, बागची नाम से जाना गया। जबकि बरेली के सेठ दामोदर स्वरूप को लालाजी, जी .सी. कर को चौधरी तथा इंद्र भूषण मित्र को गोवर्ड नाम दिया गया था।

8 सितंबर 1925 को फरार घोषित अशफाक उल्ला खां को दिल्ली में उनके दगाबाज पठान दोस्त की मुखबिरी से गिरफ्तार किया गया जबकि 26 सितंबर 1925 को इस घटनाक्रम में क्रांतिकारी मन्मथ नाथ गुप्ता को बनारस से, राम प्रसाद बिस्मिल को उनके शाहजहांपुर स्थित आवास से, प्रेम किशन खन्ना, इंद्र भूषण मित्र, हरगोविंद,बनारसीलाल और ठाकुर रोशन सिंह को गिरफ्तार किया गया।

राजेंद्र लाहिड़ी के यहां भी गिरफ्तारी के लिए दबिश पड़ी मगर वह बम बनाने की ट्रेनिंग देने के लिए कोलकाता गए हुए थे। राजकुमार सिन्हा को बीएचयू परिसर से उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। जहां से दो राइफलें भी मिली। रामकृष्ण खत्री को पुणे से, भूपेंद्र नाथ सान्याल को इलाहाबाद से और विष्णु शरण दुवलिश को मेरठ से गिरफ्तार किया गया। जबकि शिवचरण लाल को मथुरा से, बनवारीलाल को रायबरेली से और मुकुंदीलाल को बनारस से गिरफ्तार किया गया। यद्यपि अशफाक उल्लाह फरार हो चुके थे,मगर 8 सितंबर को दिल्ली में सैयद फरीद अहमद ने उनको गिरफ्तार करा दिया। अशफाक रूस जाने का विचार कर रहे थे,किंतु इन क्रांतिकारियों की गिरफ्तारी के लिए 5000 रुपए का इनाम घोषित हो चुका था, जिसके कारण इस पठान मित्र ने ईनाम के लालच में अशफाक उल्ला को गिरफ्तार करा दिया। काकोरी अभियोग में 43 क्रांतिकारी गिरफ्तार किए गए। इस केस का किंग बनाम रामप्रसाद बिस्मिल एवं अन्य के नाम से विचारण शुरू हुआ। अभियोग स्पेशल मजिस्ट्रेट सैयद ऐनुद्दीन की अदालत में पेश हुआ, जिसमें जगतनाराण मुल्ला सरकारी वकील थे। जबकि क्रांतिकारियों के बचाव में हरकरन मिश्रा, मोहनलाल, चंद्रभानु गुप्ता और कृपा शंकर हजेला ने पैरवी की।

स्पेशल मजिस्ट्रेट सैयद ऐनुद्दीन ने यह मुकदमा सेशन कोर्ट को काफी समय बाद भेजा, जिसमें कुल 21 अभियुक्तों को सेशन के सुपुर्द किया गया और 21 मई 1926 को सेशन जज हैमिल्टन की अदालत में मुकदमा शुरू हो गया। 6 अप्रैल,1927 को लखनऊ में सिनेमा हॉल रिंग थिएटर को इस सुनवाई के लिए किराए पर लिया गया। 6 अप्रैल,1927 को सेशन कोर्ट ने अपना फैसला दिया,जो 115 पृष्ठों में था। इस फैसले में राम प्रसाद बिस्मिल, राजेंद्र लाहिड़ी को प्रथम दो धाराओं, 121 अ, 121 बी के अंतर्गत काला पानी तथा 396 के अंतर्गत फांसी की सजा दी गई। रोशन सिंह को प्रथम दो धाराओं में 5-5 वर्ष के कठोर कारावास तथा तीसरी में फांसी की सजा दी गई,जो बमरौली में हुई डकैती से संबंधित थी। इसी प्रकार अभियुक्त कारावास हुआ। सभी अभियुक्तों की फांसी की सजा अवध कोर्ट के अनुमोदन के बाद तथा अपील के लिए 7 दिन का समय निर्धारित किया गया था। तमाम प्रयासों के बाद इन सभी क्रांतिकारियों के मुकदमों पर फैसला हुआ। इस फैसले के अनुसार 22 अगस्त,1927 को अपील निस्तारित कर दी गई, जिसमें बिस्मिल, राजेंद्र लाहिड़ी, रोशन सिंह तथा अशफाक उल्ला की सजाएं कायम रहीं। राजेंद्र लाहिड़ी को 19 दिसंबर,1927 को गोंडा जेल में फांसी दी जाने की तिथि निर्धारित होने के बावजूद 17 दिसंबर को ही 2 दिन पहले फांसी दे दी गई। राम प्रसाद बिस्मिल को 19 दिसंबर, 1927 को गोरखपुर जेल में फांसी दी गई। उनके अंतिम शब्द थे, "मैं ब्रिटिश साम्राज्य का भारत से विनाश चाहता हूं"। अशफाक उल्ला खां को फैजाबाद जेल में फांसी दी गई,फांसी के वक्त उनके हाथ में कुरान और गीता थी। उनके अंतिम शब्द थे कि "मेरे हाथ इंसानी खून से कभी नहीं रंगे, मेरे ऊपर लगे सभी इल्जाम गलत हैं और इस सबका हिसाब और इंसाफ खुदा के यहां होगा"।

ठाकुर रोशन सिंह को इलाहाबाद जेल में फांसी दी गई। वह हंसते-हंसते वंदेमातरम गाते हुए शहीद हो गए। बनारस से प्रकाशित अखबार आज ने इन क्रांतिकारियों की फांसी की सजा पर जनता की असहाय स्थिति पर खेद व्यक्त किया था। ब्रिटिश सरकार की नजर में काकोरी ट्रेन लूट का घटनाक्रम सिर्फ एक अपराधी घटना नहीं थी, बल्कि सम्राट के विरुद्ध सशस्त्र क्रांति की घोषणा था, जिसका उद्देश्य भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ फेंकना था।

वास्तव में इन क्रांतिकारियों ने काकोरी घटनाक्रम को अंजाम देकर यह साबित कर दिया कि भारत में ब्रिटिश हुकूमत अब और ज्यादा दिन तक नहीं टिक सकेगी। इस घटनाक्रम के बाद सिर्फ 22 साल के अंतराल में आजादी के लिए छिड़ी यह जंग निर्णायक साबित हुई और अंततः इन क्रांतिकारियों का संकल्प और सपना साकार हुआ। काकोरी घटनाक्रम से संबद्ध क्रांतिकारियों के दिलों में बस एक ही जज्बा था कि दासता में जकड़ी भारत मां आखिर कैसे स्वतंत्र होगी? इन अमर क्रांतिकारियों के लिए स्वराष्ट्रधर्म और स्वराज से बढ़कर कुछ नहीं था,जिसका मूल्य अपने बलिदानों से चुकाया।

## व्यग्य

# मुहावरों में सांप

हमारी एक मित्र से बात होने लगी। मित्र सांपों के विशेषज्ञ हैं। वह बोले, "उम्र के इस पड़ाव पर हमें सांपों की पहचान करनी तो आ गई है,लेकिन इंसानों की नहीं।" हमने कहा, "आप ठीक कह रहे हैं,यहां लोग सांप से ज्यादा जहरीले हैं और गिरगिट से ज्यादा रंग बदलते हैं। उन्हें कैसे पहचाना जाए और यहां आस्तीन के सांप भी रहते हैं,उनसे बचकर रहिएगा।"



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

वह बोले, "आप ठीक कह रहे हैं,यहां हर ओर सांप घूमते रहते हैं। जब मैं नौकरी में था तो मेरी कार्यकुशलता और अधिकारियों की दृष्टि में मेरा मान देखकर अनेक लोगों के सीने पर सांप लोटते रहते थे।" हम बोले, "हां, ऐसा ही है! यहां अनेक दो मुंहें सांप भी होते हैं,वह कब किस मुंह से काट लें, कहा नहीं जा सकता है।" वह बोले,"आप ठीक कह रहे हैं, मैंने अपने जीवन में अनेक लोगों की मदद की,लेकिन उन्होंने हमें ही डसा। मुझे क्या मालूम था कि मैं सांपों को दूध पिला रहा हूं।" हम बोले,"आप अपना जलवा ऐसा रखिए कि जिधर से भी निकल जाएं, विरोधियों को सांप सूंघ जाए। वह बोले,"हम तो अपना काम करते रहते हैं, हमें किसी से कोई अंतर नहीं पड़ता है, अब सांप निकल जाने पर लोग लकीर पीटते रहें तो मुझे क्या फर्क पड़ता है।" हमने कहा, "ठीक कहा आपने! हमें काम ऐसे ही करना चाहिए कि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे।"

वह बोले, "हम तो ऐसा ही करते हैं। हमने जीवनभर हाथों पर सांप खिलाए हैं। हम तो लोगों की नस-नस पहचानते हैं।" हमने कहा,"यहां ऐसी-ऐसी टेढ़ी चाल चलने वाले लोग मिलते हैं कि सांप भी शर्मा जाए।" वह बोले,"ठीक कहा आपने,लेकिन सांप भी अपने बिल में तो सीधा ही जाता है,यहां तो लोग अपने घर में भी टेढ़ापन दिखा देते हैं।" अभी बात और चलती, लेकिन तभी एक ओर से शोर उठा "सांप-सांप!" और हमारे मित्र उधर ही लपक लिए,शायद किसी जहरीले सांप के जहर के दांत तोड़ने के लिए। फिर हम भी अपने रोगियों में उलझ गए।

# कालजयी वकील की याद में अदालतों की हालत



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता , छ.ग.

सुप्रीम कोर्ट के कहने के बावजूद देश में सड़कें तो क्या सरकारी दफ्तरों में कोई सिगरेट पीना नहीं छोड़ रहा है। न ही गंगा समेत देश की नदियों में प्रदूषण रुक रहा है। न ही सामान्य नागरिक संहिता रची जा रही है। न ही देश गरीब बच्चों की अच्छे स्कूलों में शिक्षा मिलने की कोई जुगत बन पाई है। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अपने सरकारी निवास में अपने बच्चों की कंस्ट्रक्शन कंपनी के पंजीबद्ध कार्यालय बताए जाने के आरोप से बच नहीं पाए हैं।

भारतीय संसद और न्यायपालिका अंग्रेजी संस्थाओं की प्रतिकृतियां हैं। ब्रिटेन में बरायनाम लिखित संविधान है,क्योंकि वह परंपरा का वंशधर है। भारतीय संविधान में हमारे पुरखों की आत्मा नहीं बोलती। वह भारत की धरती में रोपा गया अंग्रेजी तेवर है,जिसमें कोशिश की गई है कि वह कहीं कहीं हिंदुस्तानी नस्ल का भी दिखे। उसमें अंग्रेजों के ज्यादा शैतान वंशज अमेरिकियों के न्यायिक ज्ञान की छौंक लगाई गई है। उसे संविधान की पांडित्यपूर्ण भाषा में मूल अधिकार कहते हैं। इन मूल अधिकारों को पाने के लिए अंग्रेजी प्रणाली की कुछ याचिकाएं उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में भी लगाई जा सकती हैं।

छोटे से देश इंग्लैंड की यह ढकोसला पद्धति भारतीय संविधान की सबसे कारगर प्रणाली के रूप में लिख तो दी गई। इस देश के करोड़ों गरीब उच्च न्यायालय तक ही महंगी न्याय व्यवस्था के कारण नहीं पहुंच पाते। सुप्रीम कोर्ट जाना तो देश के मध्य वर्ग तक के व्यक्ति के लिए असंभव है। सुप्रीम कोर्ट के बड़े वकील इतनी फीस लेते हैं कि उनकी कमाई देश के किसी उद्योगपति से ज्यादा होती है। पांडित्यपूर्ण शैली में न्याय पाने की महंगी कोशिशों को पैरवी करना कहा जाता है। एक बड़बोले आदेश को जो लागू ही नहीं हो पाता-न्याय का फतवा कहकर अखबारों और चैनलों की सुर्खियों में प्रचारित किया जाता है।

सुप्रीम कोर्ट के कहने के बावजूद देश में सड़कें तो क्या सरकारी दफ्तरों में कोई सिगरेट पीना नहीं छोड़ रहा है। न ही गंगा समेत देश की नदियों में प्रदूषण रुक रहा है। न ही सामान्य नागरिक संहिता रची जा रही है। न ही देश गरीब बच्चों की अच्छे स्कूलों में शिक्षा मिलने की कोई जुगत बन पाई है। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अपने सरकारी निवास में अपने बच्चों की कंस्ट्रक्शन कंपनी के पंजीबद्ध कार्यालय बताए जाने के आरोप से बच नहीं पाए हैं। न ही देश में ऐसा कोई कानून बन पाया है कि इस देश के मंत्रिगण, शीर्ष न्यायाधीश और नौकरशाह वैश्विक तथा देशी धनाढ्य कंपनियों के बड़े शेयर होल्डर नहीं बनें।

अंग्रेज सिखा गए कि न्यायाधीश कैसे भी निर्णय करें उनके विरुद्ध कोई मुकदमा नहीं चल सकता। न्यायाधीश खुलेआम घूस ले रहे हैं। कर्नाटक के मुख्य न्यायाधीश का मामला तो न्यायपालिका पर कलंक है। फिर भी बेशर्मी और कुर्सी का गहरा रिश्ता है। उच्च न्यायालय में कई संदिग्ध चरित्र के न्यायाधीश हैं। वरिष्ठ होने पर भी सुप्रीम कोर्ट का कॉलेजियम उन्हें तरक्की देकर सुप्रीम कोर्ट में प्रोन्नत नहीं कर रहा है। इसके बावजूद वे अपनी न्यायप्रियता,नैतिकता और न्यायिक ज्ञान की डींगें मारते हुए पक्षकारों और वकीलों को तबाह किए हुए है। गांधीजी ने वकीलों को व्यवस्था का दलाल कहा था। क्या आज यह सच नहीं है? यही कटाक्ष उन्होंने न्यायाधीशों के लिए किया था। उच्च न्यायालयों में अंग्रेजी बोलने का संवैधानिक आदेश भारतीय जनजीवन और न्यायाधीशों की जुबान में लड़खड़ा रहा है। कई न्यायाधीश समझते तक नहीं कि ऑल इंग्लैंड रिपोर्टर तथा प्रिवी कौंसिल और सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों में अंग्रेज अपनी भाषा में क्या जुमले बांच रहा है,जिसका अनुवाद भारतीय न्याय कहा जा रहा है। यह बात उस बैरिस्टर ने लिखी थी,जिसने अपने छात्र जीवन में जस्टिनियन का रोमन लॉ पढ़ने के लिए लैटिन भाषा सीखी थी। अंग्रेज में जो अच्छी बातें हैं वह गांधी रखना चाहते थे। संविधान और कानून के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, अपनी परंपराओं को सहेजता उनका सामाजिक संस्कार जो शहर लंदन से लेकर शेक्सपियर के पुश्तैनी घर और आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय तक दिखाई देता है। आधुनिक सभ्यता के विरुद्ध चुनिंदा अंग्रेज विद्वानों की समझ जिनसे प्रेरित होकर गांधी ने 'हिन्द स्वराज' लिखी थी। यह अंग्रेज थे जिन्होंने संस्कृत के पुराने वैभव का पूरी दुनिया में प्रचार किया। उन्होंने अंग्रेजी नामक भाषा दी है। अपनी राजनीतिक बदनीयती के चलते हिन्दी को वह तबाह तो कर रही है, लेकिन अपनी मातृभाषा के प्रति प्रतिबद्धता का गुण उनमें कूट-कूटकर भरा है। गांधी अंग्रेज के गुणों के ग्राहक थे। इसलिए 'भारत छोड़ो' का उनका अर्थ अंग्रेज देह नहीं अंग्रेज आत्मा को छोड़ देने का था। गोरे अंग्रेज चले गए,लेकिन उनके काले दुर्गुण वे गेहुंए भारतीयों को उत्तराधिकार में सौंप गए।

## सोशल फोरम

# गोल्ड के लिए चमत्कार की उम्मीद

बचपन से अखबार पढ़ने का शौक था। थोड़े और बड़े (आठवीं में) होने पर क्रिकेट सम्राट, इंडिया टुडे पढ़ने लगा था। अखबार में सबसे पहले खेल वाला पन्ना पढ़ता था। हर चार साल में ओलंपिक आते थे।

ओलंपिक के कुछ महीने पहले देश में एक दो हीरो पैदा होते थे,जो गॉड गिफ्टेड टैलेंट के साथ अपनी मेहनत से राष्ट्रीय,दक्षिण एशियाई (सार्क), कॉमनवेल्थ खेल कभी-कभी एशियाई खेलों में पदक जीत खबरों की सुर्खियों में छाए होते थे। एक माहौल बनता था कि इस बार ये ओलंपिक में कोई न कोई पदक ले आएगा/आएगी। भले ही उनका प्रदर्शन ओलंपिक फाइनल में क्वालिफाइंग लेवल का भी नहीं होता,लेकिन हम लोग चमत्कार की पूरी उम्मीद लगाए रहते।



इकबाल अहमद


लिम्बा राम,बहादुर प्रसाद, जसपाल राणा, लियेंडर पेस, रमेश कृष्णन इत्यादि इत्यादि कितने नाम हैं,जो अब भूल चुके हैं। सब अपनी मेहनत और कुदरती हुनर से वहां तक गए जहां तक उनकी आखिरी सीमा थी,लेकिन मेडल बस ऐसे ही मिलते,जैसे आज मिल रहे हैं। छुटफुट न कि बंच में। अक्सर बिना मेडल के भी हमारा सबसे बड़ा दल वापस आ जाता,जिसमें खिलाड़ी से ज्यादा अधिकारी होते थे। जिनका एक ही मकसद होता था, सरकारी पैसे से विदेश यात्रा और शॉपिंग। खिलाड़ियों को जरूरी हरबा-हथियार भी नहीं मिलता था। बीस-पचीस साल बाद भी कहानी वैसी ही है। एक सौ चालीस करोड़ आबादी का देश एक गोल्ड के लिए चमत्कार की उम्मीद आज भी करता है। एक शर्म का एहसास है,जो जाता नहीं,जब उनकी झोली के सैकड़ों पदक देखता हूं,जिनसे मुकाबला करने का दावा हम करते हैं। हम अपना आयुर्वेद, अपना खाना, अपना सोना, जागना सब कुछ उनसे श्रेष्ठ बताते आए हैं। फिर भी एक गोल्ड, सिर्फ एक गोल्ड के लिए ऊपर वाले की ओर देख प्लीज बोलते रहते हैं।

डेढ़ अरब की आबादी में से सौ डेढ़ सौ खिलाड़ी खोजकर उन्हें तैयार नहीं कर सकते कि उनका काम सिर्फ और सिर्फ ओलंपिक में गोल्ड लाना हो। बाकी रोजी रोटी की चिंता सरकार पर छोड़ दें। क्या दुनिया से जाते-जाते ऐसा होता देखने का सौभाग्य हमारी पीढ़ी को मिलेगा। **-फेसबुक वॉल से**

# लोक संस्कृति में नाग तत्व

कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत की लोक संस्कृति में नाग तत्व बहुत व्यापक है। कश्मीर में बालादित्य से गोनंदवंश की समाप्ति और कर्कोटक नागवंश की स्थापना हुई। कश्मीर की जनसंख्या में नागों का बाहुल्य था। कश्मीर में नाग तीर्थ हैं। जलाशयों के साथ नाग शब्द जुड़ा हुआ है,जैसे-अनंतनाग। नागबोधि और नागार्जुन जैसे नाम मिलते हैं। बुद्ध के पश्चात् जब भारतवर्ष में बौद्ध धर्म का प्रचार हुआ तो कश्मीर में सर्वप्रथम नाग ही इसके अनुयायी हुए। कुछ विद्वान तो पाणिनि को गांधार के नागवंश से जोड़ते हैं। (धर्मयुग 10 अगस्त 1969)

ब्रज भूमि के चारो और नागों की बस्तियां थीं। लोकजीवन ने अनेक जटिल विधि-विधान, अनुष्ठान तथा विश्वासों और मिथकों को जोड़कर अपने जिस जातीय इतिहास को अपनी मौखिक परंपरा में जीवित रखा है,उसका महत्व नागराजाओं, नागकन्याओं और नागदेवताओं की उन मूर्तियों से तनिक भी कम नहीं,जो मथुरा के राजकीय संग्रहालय में सुरक्षित रखी हैं। नाग, यक्ष, दानव और असुर जैसी प्राचीन जातियों से गोपालक जातियों और क्षत्रिय कुलों के साथ जो संघर्ष हुआ तथा सांस्कृतिक अंतर्भुक्ति हुई,उनकी याद इन लोक गाथाओं में छिपी हुई है। मथुरा में नागटीला है। ब्रजमंडल के विभिन्न स्थलों से नाग मूर्तियां प्राप्त हुई हैं,सौख की खुदाई में वासुकिनाग की भव्यप्रतिमा प्राप्त हुई थी। मथुरा में नागफनों से युक्त जो मूर्तियां मिली हैं,इन्हें बलराम की मूर्ति माना जाता है। बलराम के रूप में प्रच्छन्न रूप में किसी समय ब्रज में नाग पूजा का प्रचलन था।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर



कोटवन में शेषशायी मंदिर है। हरियाणा में सफीदों का संबंध सर्प दमन की कहानी से बताया जाता है। खांडव वन में नागजाति का निवास था,जनमेजय ने हरियाणा के सफीदों नामक स्थान पर नागयज्ञ किया था। राजस्थान में गोगाजी नागों के देवता के रूप में पूजे जाते हैं। राजस्थान के देवता वीर कल्लाजी (चार हाथों वाले देवता) शेषनाग का अवतार माने जाते हैं। बातां दी फुलवारी (विजयदान देथा) में सर्प और नाग से संबंधित राजस्थान की शताधिक लोककथाएं संकलित हैं। कुमाऊं में नाकुरी, राऊं में बैनी नाग, फैनी नाग, कालीनाग, धौली नाग, करकोटक, पिंगलनाग, खरहरी नाग और अठगुली नाग,नागद्यौं, पद्मद्यौं आदि स्थानों पर नागसंस्कृति के अवशेष हैं। बाला-भानिज, बलराम-कृष्णा, रितुरैण गोरिथना, अर्जुन वासुदंता तथा रामौलों की गाथाओं में नागों के उल्लेख हैं। हिमाचल में नागकथाएं प्रचलित रही हैं। जैसे कुल्लू में भोटती देवी और वासुकि नाग से अन्य नाग उत्पन्न हुए। एक कन्या द्वारा अट्ठारह नाग पैदा होने की कथा भी है। किन्नौर में भी नाग उत्पत्ति कथा है। चंबा और कांगड़ा में नाग मंदिर हैं। पंजाब जालंधर में सोढल देवता को शेष नाग का अवतार माना जाता है। चड्ढा कुल की एक महिला जोहड़ में कपड़े धोने आई थी, उनका बालक सोढ़ी यहां डूब गया। उसने मां को दर्शन दिए और सर्प देवता का रूप ग्रहण कर लिया।

बंगाल में गंगा-दशहरा के दिन मनसा देवी की पूजा होती है,मनसा मंगल गाथा गाई जाती है। मनसा देवी की पूजा के बाद फिर नागपूजा होती है। लोक मान्यता है कि पंचमी के दिन घर के आंगन में नागफनी की शाखा पर मनसा देवी की पूजा करने से विष का भय नहीं रह जाता। ताराशंकर वन्द्योपाध्याय की नागकन्या की कहानी बंगाल में प्रचलित लोककहानी का ही रूप है,जिसमें गंगा के किनारे हिजलविल में मनसा मैया के बसेरा बांधने का प्रसंग है। (धर्मयुग 25 फरवरी 1979) बंगाल की संथाल जाति गोखुरा नाग को देवता मानती है।

प्राचीन काल में तमिलनाडु में नागों की पूजा प्रचलित थी। वहां नागपूजा के देवस्थल अभी भी हैं,नायर नाग के वंशज माने जाते हैं। नायरों द्वारा नागपूजा की जाती है। वे सांप के बिल से सुनहरी मिट्टी लाते हैं। चेन्नई के समीप नागपट्टम है,कहा जाता है कि यह प्राचीनकाल में नाग लोगों की राजधानी थी। नागरकोइल में नाग अम्मणि का मंदिर है,नागमलै आदि स्थान भी नागों के प्रति आदर के सूचक हैं। नागस्वामी, नागार्जुन, नागप्पन, नायनथिनम्, नागलिंगम्, नागनाथन्, नागम्मल, नागलक्ष्मी आदि नाम नाग संस्कृति से जुड़े हुए हैं। तमिलनाडु में पीपल की छाया में नाग-स्थल होते हैं,वहां सांपों की बांबियों में दूध,फल-फूल चढ़ाने और कर्पूर-आरती के बाद स्त्रियां प्रार्थना गीत भी गाती हैं।

इतिहासविदों का कहना है कि आंध्र लोग नाग जाति से संबंधित थे। हैदराबाद के नाग मंदिर अत्यधिक प्रसिद्ध है। मैसूर में दीमक के टीले पूजे जाते हैं,समझा जाता है कि यहां सर्प का वास होता है। केरल में पुराने समय में सर्पपूजा की प्रथा थी, पुल्लवर नामक जाति में सर्प-पूजा के गीत प्रचलित थे। नायर-परिवार में सर्प-नाग पूजा होती है। महाराष्ट्र के नागपुर का उल्लेख महाभारत में है। सतारा जिले के बत्तिस शिरालागांव में नाग मंदिर हैं। (डॉ. पुरुषोत्तम जयकृष्ण : भारत में नाग-सर्प पूजा : धर्मयुग 19 अगस्त 1969) गोवा में श्री नागेश हैं,गोवा के आदिवासी नाग की पूजा करते थे।

वर्तमान में अनेक जाति और जनजातियों के लोग अपने आपको नागों के वंशज कहते हैं- कइयों के गोत्र चिह्न नाग आधारित हैं। मध्य प्रदेश के मुआसी जनजाति के लोग (कोरकू) अपने को नाग पूर्वजों का वंशज मानते हैं। (जनसत्ता 30 जुलाई 1995) उड़ीसा में कार्तिक की चतुर्थी तिथि को पिंगल नाग की पूजा की जाती है। छत्तीसगढ़ लोक संस्कृति में नागतत्व भी विद्यमान है। मध्य प्रदेश के मुआसी (कोरकूः करकोटक की शाखा) तथा नागवंशी अपने को सर्प-पूर्वजों के वंशज मानते हैं। राष्ट्रीय संग्रहालय में नागराजाओं, नागकन्याओं तथा नाग-देवताओं की मूर्तियां सुरक्षित है।

# बैंकों में बढ़ते पर्सनल लोन

हाल ही में बैंकों में पर्सनल लोन लेने का रिवाज तेजी से बढ़ा है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने पर्सनल लोन में हुई वृद्धि का हवाला दिया है। उन्होंने पर्सनल लोन के सट्टेबाजी के उपयोग के जोखिम पर जोर दिया है और इन प्रथाओं की पुनः समीक्षा करने का आग्रह भी किया है। बैंकों में पर्सनल लोन लेना अब बहुत आसान हो गया है। एक समय में बैंक पर्सनल लोन देने में बड़ी एतियात बरतते थे, लेकिन अब तमाम बैंक पर्सनल लोन देने में मददगार बने हुए है। वर्तमान में 10.49 प्रतिशत प्रति वर्ष की शुरुआती ब्याज दर पर पर्सनल लोन उपलब्ध है। हालांकि कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक इससे कम ब्याज दरों पर भी पर्सनल लोन दे सकते हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आवेदक को कितनी ब्याज दर पर पर्सनल लोन मिलेगा ये उसके क्रेडिट स्कोर, मासिक आय, जॉब प्रोफाइल, जैसे कारकों पर निर्भर करता है। इसलिए जो लोग बेस्ट पर्सनल लोन ऑफर प्राप्त करना चाहते हैं,उन्हें जितना हो सके,उतने बैंक/लोन संस्थानों के पर्सनल लोन ऑफर की तुलना करनी चाहिए। पर्सनल लोन की बढ़ती मांग को देखते हुए कुछ बैंक तो मोबाइल एप पर लोन प्रोसेस कर रहे हैं तो कुछ शर्तें पूरी होने के बाद पांच और 10 मिनट में पर्सनल लोन देने का वायदा भी कर रहे हैं। आए दिन इसके विज्ञापन देखने को मिल रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर द्वारा मौद्रिक नीति समिति की हाल की मीटिंग में पर्सनल लोन देते समय सावधानी बरतने और उपयोग प्रयोजनों पर निगाह रखने और समीक्षा करने और उपचारात्मक कारवाई करने का निर्देश भी दिया गया है,जो सर्वथा उपयुक्त भी है।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर आत्याचार के विरोध में सड़क पर उतारे साधु-संत

# चेतावनी : बंग्लादेश में अत्याचार नहीं रुका तो रोहिंग्या को नहीं रहने देंगे

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** बांग्लादेश में तोड़े जा रहे हिंदू मठ-मंदिर और हिंदुओं के नरसंहार के विरोध में शुक्रवार को अयोध्या के साधु संत, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतर के प्रदर्शन किया।

जमकर नारेबाजी करते हुए अयोध्या के राम पथ पर लगभग दो किलोमीटर श्रीराम अस्पताल से लता चौक तक हिंदुओं को जागरूक होने का संदेश दिया। वहीं चेतावनी दी कि यदि हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार नहीं रुकेगा तो फिर हिंदुस्तान में भी रोहिंग्या मुसलमान को नहीं रहने देंगे।

बावन मंदिर के महंत वैदेही बल्लभ शरण ने कहा कि बांग्लादेश में हमारे मुख्य मंदिर को तोड़ा जा रहा है। अत्याचार हो रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर हिंदुओं को मारेंगे तो भारत में रहने वाले रोहंगिया मुसलमान को भी भगाएंगे।

अब ओम शांति नहीं ओम क्रांति का समय है। हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास ने कहा कि बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में अयोध्या के साधु संतों ने मार्च निकाला है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के बहन-बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। मठ-मंदिर तोड़े जा रहे हैं। दिगंबर अखाड़ा निर्मोही अखाड़ा और निर्वाणी अखाड़ा तीनों एक साथ में है। देश के अन्य साधु संत से भी अपील हैं कि अब सड़क पर आए और मुंह तोड़ जवाब दें। राम कचहरी आश्रम के महंत शशिकांत दास ने कहा कि हम सावधान करना चाहते हैं बांग्लादेश को।

हमारे देश में जो रोहिंग्या है जो बांग्लादेशी हैं। उनके साथ भी ऐसा ही बर्ताव किया जाएगा। राम मंदिर के पूजन पद्धति के प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार मंदिरों को मार गिराया जाना और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन हो रहा है।



अयोध्या में बांग्लादेश के हालात को लेकर प्रदर्शन करते साधु संत। ● अमृत विचार

# हाईवे किनारे खड़े कंटेनर में घुसी डीसीएम, पांच की मौत

## डीसीएम की केबिन में फंसे, पुलिस ने लोगों की मदद से निकाला बाहर

संवाददाता, गुरसहायगंज/कन्नौज

● कानपुर-अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा



**अमृत विचार:** शुक्रवार की भोर पहर कानपुर-अलीगढ़ नेशनल हाईवे किनारे खड़े कंटेनर में पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम घुस गई। इससे डीसीएम की केबिन में सवार चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। एक घायल को पुलिस ने हाईवे की एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। इससे पहले पुलिस व स्थानीय लोगों को डीसीएम में फंसे घायल व मृतकों के शव निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

शुक्रवार सुबह लगभग 6.30 बजे डीजल खत्म होने के कारण चालक ने कंटेनर को हाईवे स्थित ग्राम जुनैदपुर के सामने खड़ा कर दिया था। कंटेनर लेदर लादकर कोलकाता की ओर जा रहा था। तभी कुछ देर बाद तेज गति से आ रही डीसीएम कंटेनर में पीछे से जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि डीसीएम के केबिन में सवार जौनपुर मछलीशहर निवासी विपिन कुमार (32), अमेठी के रमई निवासी सोनू शर्मा (23), अमेठी शाहगढ़ पुरे बरियार बिसेन दुलापर कला निवासी प्रशांत सिंह (22) व अमेठी के थाना जगदीशपुर सरेसर निवासी संतोष कुमार (28) और जौनपुर मछलीशहर मझुरा माटरी निवासी पवन कुमार (30) बुरी तरह से फंस गए। सूचना पर पहुंचे सीओ सदर कमलेश कुमार, कोतवाल आलोक कुमार दुबे, मझपुर्वा चौकी प्रभारी श्याम पाल सिंह ने ग्रामीणों व पुलिस कर्मियों की मदद से केबिन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। तब तक विपिन कुमार, सोनू शर्मा, प्रशांत सिंह, संतोष कुमार की मौत हो चुकी थी, जबकि पवन कुमार बुरी तरह से घायल था। पुलिस ने पवन को हाईवे की एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान पवन ने भी दम तोड़ दिया।

## नाबालिग से दुराचार के आरोपी को 7 साल 6 माह की सजा

**लखनऊ,अमृत विचार:** नाबालिग के साथ दुराचार करने की आरोपी संभल जिले के रहने वाले आरोपी रामेश्वर को पाक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद कमरुज्जमा खान ने 7 वर्ष 6 माह के कठोर कारावास एवं 26 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

मामले की रिपोर्ट पीड़िता के पिता द्वारा 7 अप्रैल 2017 को इंदिरा नगर थाने में दर्ज कराई गई थी। थाने में दी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि 5 अप्रैल 2017 को वादी अपनी पत्नी का साथ विंध्याचल देवी के दर्शन करने के लिए गया था तथा घर पर उसकी बड़ी पुत्री एवं तीन छोटे बच्चे थे। कहा गया है कि दर्शन के लिए जाते समय दोनों ने अपने पड़ोसी हरदयाल की पत्नी इंद्रेश से कहा था कि वह बच्चों की देखरेख करें। आरोप यह भी है कि रात करीब 12:00 बजे हरदयाल एवं उसका साला रामेश्वर दोनों ने इंद्रेश एवं पीड़िता को कमरे से बाहर बुलाया। और पीड़िता के साथ जबरन दुराचार किया।

## फार्मेसी पेपर लीक मामले में तीन अधिकारी सहित चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

● मामलें में आठ आरोपी पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

**अमृत विचार:** सीतापुर में फार्मेसी की परीक्षा लीक मामले में पुलिस ने तीन टीसीएस अधिकारी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिले की एसओजी टीम इनसे पूछताछ कर रही है।

सीतापुर के केपी सिंह मेमोरियल इंस्टीट्यूट में बीती 15-16 जुलाई को फार्मेसी की परीक्षा आयोजित की गयी थी। परीक्षा के पहले दिन ही पेपर लीक हो गया। जिसको लेकर जिले के तालगांव थाना में पुलिस ने अभियोग दर्ज करते हुए कुछ आरोपियों को जेल भेजा। इस मामले की जांच जिले की एसओजी टीम कर रही थी। शुक्रवार सुबह पुलिस ने शहर के नेपालापुर-बिजवार मार्ग पर स्थित ओवरब्रिज के नीचे से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। एसपी चक्रेश मिश्रा के मुताबिक, भागने की फिराक में पकड़े गए आरोपियों की पहचान टाटा कंसल्टेंसी (टीसीएस) के तीन अधिकारी उत्कर्ष मिश्रा, अंकित श्रीवास्तव और गौरव राजवंशी के रूप में हुई है। केपी सिंह मेमोरियल इंस्टीट्यूट में कार्यरत कर्मी अमित मिश्रा भी गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए चारों आरोपी कोतवाली नगर क्षेत्र के निवासी हैं। इनसे पूछताछ की जा रही है। आरोपियों के कब्जे से परीक्षा लीक कराने के दौरान इस्तेमाल मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद हुआ है।

### मास्टर माइंड ने दो माह पूर्व बनाई थी योजना

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने मास्टर माइंड की तलाश में लखनऊ में डेरा जमा लिया है। सूत्रों की मानें तो असली मास्टर माइंड ने पेपर को लीक करने के लिए दो माह पहले ही योजना बनाई थी। इसको लेकर लखनऊ और कानपुर से जुड़े फर्जीवाड़ा करने वाले शातिरों को बुलाया था। एक बैठक भी सीतापुर में हुई। वहीं वारदात ब्लू प्रिंट तैयार किया गया।

## सार-संक्षेप

### बिजनौर में 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते यूपी ग्रामीण बैंक के प्रबंधक समेत दो लोग गिरफ्तार

**लखनऊ,अमृत विचार :** सीबीआई की टीम ने शुक्रवार को यूपी ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक समेत दो को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोच लिया। सीबीआई की टीम ने यह कार्रवाई बिजनौर जिले के कोटकादर में की। बिजनौर जनपद के नगीना स्थित कोटकादर हाजी मोहम्मदपुर निवासी सचिन ने सीबीआई कार्यालय में 7 अगस्त को शिकायत की थी। इसमें आरोप लगाया कि यूपी ग्रामीण बैंक कोटकादर के शाखा प्रबंधक प्रयांशु त्यागी ने सोलर आटा चक्की लगाने के लोन पास करने के लिए 60 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। यह रिश्वत एक दलाल के जरिये मांगी गई थी। जानकारी होने पर सीबीआई ने गुरुवार 8 अगस्त को शाखा प्रबंधक पर एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद सीबीआई गाजियाबाद की टीम ने जाल बिछाकर शनिवार को टीम ने दलाल और शाखा प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया।

### बिजली कंपनियों में आयोग से भर्ती पर उठाए सवाल

**लखनऊ,अमृत विचार :** प्रदेश की बिजली कंपनियों और पावर कॉरपोरेशन द्वारा समूह ख व ग की भर्ती यूपीपीएससी व अधीनस्थ चयन आयोग से कराने पर उपभोक्ता परिषद ने सवाल उठाया है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली निगमों के कार्मिक की भर्ती विद्युत सेवा आयोग कंडीशन ऑफ सर्विस रेगुलेशन 1978 के तहत होती है। बिजली कंपनियां ऑटोनॉमस श्रेणी में आती हैं। वर्तमान में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 3 करोड 45 लाख उसके सापेक्ष बडे पैमाने पर नए पद बनाने व लगातार भर्ती अभियान चलाने की जरूरत है। ऐसे में यूपीपीएससी से परीक्षा कराने में लंबा समय लगेगा।

### चार आईपीएस अधिकारियों का तबादला

**लखनऊ,अमृत विचार :** प्रदेश में एक बार फिर पुलिस विभाग में फेरबदल किया गया है। शासन ने चार आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। एसपी केशव कुमार व राम नयन सिंह को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। महेंद्र पाल सिंह को एसपी क्राइम व शिवाजी को एसपी तकनीकी सेवाएं के पद पर नियुक्त किया गया है। पुलिस विभाग में जल्द अन्य अधिकारियों के भी तबादले की तैयारी है। पीपीएस संवर्ग के बीते दिनों पदोन्नति पाए अधिकारियों को भी जल्द अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनाती दी जाएगी।

### भाजपा ने उपचुनाव को लेकर कसी कमर

**लखनऊ,अमृत विचार :** मुख्यमंत्री समेत भाजपा के शीर्ष नेता शनिवार से 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में जीत दर्ज करने के लिए मैदान में उतरने जा रहे हैं। भाजपा 10 में से 9 सीटें खुद लड़ने की तैयारी में है, मीरपुर सीट रालोद को दे सकती है। इसबार इन अयोध्या की मिल्कीपुर और अंबेडकरनगर की कटेहरी विधानसभा सीट पर कमल का फूल खिलाने का जिम्मा खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभाली है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य फूलपुर व मझवां, ब्रजेश पाठक सीसामऊ व करहल, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी मीरापुर व कुंदरकी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह खैर व गाजियाबाद में प्रतिष्ठा दांव पर है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मझवा और फूलपुर में कार्यकर्ताओं मं जोश भरेंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी करहल और शीशामऊ क्षेत में जाकर जीत की रणनीति बनाएंगे।

### धमकी देने के मामले में सपा विधायक को मिली राहत

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग अलीगढ़-कानपुर क्षेत्र चौड़ीकरण परियोजना में बाधा उत्पन्न करने, धमकी देने के मामले में सीआरपीसी की धारा 239 के तहत निचली अदालत में डिस्चार्ज आवेदन दाखिल करने का निर्देश देते हुए उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 504, 506 के तहत कानपुर नगर के बिठूर थाने में दर्ज मामले को निस्तारित कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने याची अमिताभ बाजपेयी द्वारा सीआरपीसी की धारा 482 के तहत दाखिल आवेदन पर सुनवाई करते हुए पारित किया है।

## तालाब में डूबकर दो भाइयों की मौत

**सुलतानपुर, एजेंसी:** जिले में शुक्रवार को नाग पंचमी के मौके पर पैर फिसलने से तालाब में गिरे दो सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के बनके गांव में मेला लगा हुआ था। गांव के सोहन यादव के दो पुत्र आंशिक यादव (12) व अंश यादव (आठ) भी तालाब पर पहुंच गये। अंश का तालाब के किनारे पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में गिर गया, जिसके बाद बड़े भाई ने पानी में छलांग लगा दी। दोनों भाइयों को तैरना नहीं आता था, जिस कारण वे पानी में डूब गए।

## प्रदेश में 15 हजार से ज्यादा राजनीतिक नियुक्तियां लटकीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● बैठक के बाद भी नहीं बन पा रही निगम, बोर्ड, आयोग व नगर निकायों के लिए नामों पर सहमति

**अमृत विचार:** प्रदेश में 15 हजार से ज्यादा राजनीतिक नियुक्तियां लटकीं पड़ी हैं। आस लगाए बैठे भाजपा व संघ कार्यकर्ताओं को ढाई साल से सरकार और संगठन की गुटबाजी के झटके लग रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद संगठन ने हाईकमान तक इस मुद्दे को लेकर दबाव बनाया, तो हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोर कमेटी की बैठक में मिले प्रस्तावों पर हरी झंडी देने कवायद शुरू की है, लेकिन मानकों पर कई नाम खरे नहीं उतर रहे हैं। लोकसभा चुनाव से पहले कई पदों का लालच देकर सपा-बसपा व कांग्रेस के तमाम दिग्गज नेताओं समेत कई सेवानिवृत्त अधिकारी और जिलों के निगमों-निकायों व बोर्डों से जुड़े लोगों को 70 हजार समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल कराया गया। बाद में नामों का प्रस्ताव करने में सबसे आगे रहे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के बीच खींचतान शुरू हो गई। इस दौरान संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह ने संघ की ओर से तमाम नाम सुझाए। जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरी तरह तटस्थ हैं, उन्होंने किसी के नाम पर हरी झंडी नहीं दी है। इसी बात को लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन से जोड़कर हाईकमान को मुख्यमंत्री के खिलाफ करने की खूब कोशिशें भी हुईं। सरकार से बड़ा संगठन..जैसे बयान और उनकी बैठकों का बहिष्कार करके ताकत दिखाई गई।

### यहां होनी है राजनीतिक नियुक्तियां

उप्र राज्य अनुसूचित जाति आयोग, उप्र राज्य महिला आयोग, उप्र राज्य अति पिछड़ी जाति आयोग, उप्र पर्यटन निगम, उप्र पिछड़ा वर्ग एवं विकास निगम, उप्र अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति वित्त विकास निगम, राज्य हथरघा निगम, राज्य वस्त्र निगम, पूर्व सैनिक कल्याण निगम, उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उप्र किन्नर विकास बोर्ड, उप्र राज्य युवा कल्याण परिषद, उप्र पुरोहित संघ, ललित कला अकादमी, उप्र हिंदी संस्थान, उप्र सिंधी अकादमी, उप्र पंजाबी अकादमी, जिला से लेकर राज्य उपभोक्ता फोरम, श्रम विभाग से जुड़ी संस्थाओं में नियुक्तियां होनी है। साथ ही राज्य की सैंकड़ों सहकारी संस्थाओं का गठन आदि होना है।

## सड़क चौड़ीकरण को पेड़ों की कटाई पर रोक

● इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विपक्षियों से जवाब-तलब किया

**विधि संवाददाता,प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयाग में प्रस्तावित कुंभ मेले के लिए सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे सड़क किनारे के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर रोक लगाते हुए विपक्षियों से जवाब-तलब किया है।

कोर्ट ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को वीडियो कान्फ्रेंसिंग या व्यक्तिगत रूप से सुनवाई में शामिल होने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता तथा न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने आनंद मालवीय व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। याचिका पर अगली सुनवाई आगामी 20 अगस्त को सुनिश्चित की गई है। पिछली सुनवाई में विपक्षी ने कोर्ट को आश्वासन दिया था कि जितने पेड़ काटे जाएंगे, उससे 10 गुना अधिक पेड़ लगाए जाएंगे। याची के अधिवक्ता ने बहस के दौरान कोर्ट को बताया कि सड़क किनारे खड़े पेड़ रिहायशी लोगों की लाइफ लाइन है।

स्मार्ट सिटी परियोजना में सरकार पेड़ों की कटाई कर रही है, लेकिन नए पेड़ नहीं लगाए जा रहे हैं। मुख्य रूप से प्रयागराज के सीवाई चिंतामणि रोड एवं गोविंदपुर में भारी संख्या में पेड़ काटे जा रहे हैं। कोर्ट द्वारा पारित पूर्व आदेश के अनुपालन पर एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में गठित कमेटी मनमानी कर रही है। इसकी संस्तुति पर जिलाधिकारी प्रयागराज ने 1341 पेड़ काटे जाने की अनुमति दी है।

## रिश्वत के आरोप में इंस्पेक्टर और 5 दरोगा निलंबित किए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** शहर में वसूलीबाज पत्रकारों के बाद अब भ्रष्ट पुलिस कर्मियों पर भी कानून का चाबुक चलना शुरू हो गया है। रिश्वतखोरी की शिकायत मिलने पर जांच के बाद पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को 8 पुलिस कर्मियों के निलंबन के बाद शुक्रवार को शिवराजपुर इंस्पेक्टर शिवशंकर पाल, बिठूर में तैनात सब इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार बैसला, बिल्हौर थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर राजपाल सिंह को निलंबित कर दिया गया। यातायात विभाग में तैनात सब इंस्पेक्टर सतेंद्र पाल सिंह, सब इंस्पेक्टर पालेंद्र चौहान, कांस्टेबल अनुपम और आरक्षी चालक कुलदीप पर भी निलंबन की कार्रवाई की गई।

## वर्ग पहेली-157

**बाएं से दाएं**

1. रह-रह कर, किसी समय, किसी अवसर पर, कुछ समयांतराल पर।
2. कंजूस, कृपण।
5. न्यायाधीश 1. न्यायालय या अधिकरण संबंधी 2. न्यायालय या अधिकरण के आदेश से होने वाला।
7. आघात करने या ठोंकने से होने वाला ठक शब्द।
8. स्वयं, आप, मैं।

**ऊपर से नीचे**

3. जो ख़ूब मज़ाक करता हो, हंसोड़, विनोदप्रिय।
4. 1. तारों से भरा 2. तारा, नक्षत्र 3. एक चिह्न (3) जो पाद-टिप्पणी के संकेत आदि में किसी शब्द की कोई विशेषता सूचित करने के लिए लगाया जाता है 4. आंख की पुतली 5. नौका 6. एक मंत्र 7. एक पौराणिक दैत्य जो इंद्र का शत्रु था 8. एक उपनिषद।
5. 1. कांपा हुआ, थरथराया हुआ 2. हिला हुआ 3. भयभीत, डरा हुआ।
6. काठ की तरह शुष्क हृदयवाला, निष्ठुर, निर्मम।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 2 | 3 |
| ■ | ■ | ■ | 4 | ■ | |
| 5 | | 6 | | | |
| | ■ | 7 | | ■ | |
| | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | | ■ | 8 | |

### वर्ग पहेली -156 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 दं | ■ | 2 फ़े | ■ | ■ |
| 3 रे | डि | ए | श | न | ■ |
| ■ | का | ■ | ने | ■ | 4 इ |
| 5 श | ■ | ■ | 6 ब | न | ना |
| 7 ह | ड़ि | य | ल | ■ | म |
| व | ■ | ■ | ■ | 8 गुं | ■ |
| 9 त | ट | क | ■ | ची | ■ |

## सुडोकू -70

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 5 | | | |
| | | 1 | | 9 | | | 6 | |
| | | 7 | 1 | | 6 | 5 | 4 | 8 |
| | | 6 | 3 | | | | 5 | |
| | | 9 | 2 | | 7 | 4 | | |
| | 1 | | | | 8 | 7 | | |
| 3 | 5 | 8 | 9 | | 1 | 2 | | |
| | 7 | | | 2 | | 1 | | |
| | | | 8 | | 4 | | | |

### सुडोकू -69 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 8 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 9 | 4 | 1 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 |
| 4 | 1 | 9 | 5 | 2 | 8 | 6 | 7 | 3 |
| 5 | 3 | 8 | 9 | 6 | 7 | 1 | 4 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अगस्त शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी पूर्ण रात्रि तक।

**मेष:** आज समाज में आपका रुतबा बढ़ेगा। प्रेमी जन की भावनाओं का सम्मान करें। अनुभवी लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। आपकी आर्थिक स्थिति काफी बेहतरीन रहने वाली है। नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

**वृष:** आज दुर्व्यसनों से बचने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। शाम के समय रुके हुए सरकारी मामले हल होने की संभावना बन रही है। ब्याज में उधार धन देने वालों को बड़ा नुकसान हो सकता है।

**मिथुन:** आज दूसरों के साथ दिखावा करने से आपके काम बिगड़ सकते हैं। बच्चों को अपने माता-पिता के प्रति सेवा भाव रखना चाहिए। परिजनों का सहयोग लेना न भूलें। उच्च शिक्षा में परेशानी का अनुभव कर सकते हैं।

**कर्क:** आज संपत्ति के मामलों में जल्दबाजी में निर्णय न लें। छात्रों को किसी विषय को समझने में कठिनाई अनुभूत होगी। आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। दिनचर्या थोड़ी अनियमित रहने की संभावना है। बड़े भाई-बहन आपकी काफी मदद करेंगे।

**सिंह:** आज आपके सपने साकार हो सकते हैं। बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। अपना पूरा ध्यान अपने काम पर लगायें। सीनियर्स आपको अच्छा सहयोग देंगे। मन में किसी तरह की दुविधा दूर होगी। सगे संबंधियों का घर पर आगमन हो सकता है।

**कन्या:** आज आप जिन कार्यों को सरल समझ रहे थे वो आपको परेशान कर सकते हैं। अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर कम हो सकता है। इसीलिए आपको अपने प्रदर्शन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा।

**तुला:** आज दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं। निर्धारित लक्ष्यों को समय से पहले पूर्ण कर लेंगे। व्यवसाय में आपको अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। घर में कोई धामिक आयोजन हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज मीडिया से जुड़े लोगों को थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के शुरुआती भाग में करना सुखद होगा। अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव कर सकते हैं। अनावश्यक और कम जरूरी कार्यों में आपका समय बर्बाद हो सकता है।


**धनु:** आज स्वास्थ्य समस्या की परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। बच्चे ऑनलाइन गतिविधियों में काफी व्यस्त रहेंगे। प्रभावशाली लोगों से आपके संबंध मजबूत होंगे। अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए काम करेंगे। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**मकर:** आज आपकी प्रबंधन क्षमता की प्रशंसा होगी। अपना गुस्सा बच्चों पर निकालने से बचें। सोशल मीडिया के माध्यम से आपको व्यापार बढ़ाने के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**कुंभ:** आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। नया व्यापार शुरू करने के योग बन रहे हैं। दूसरों से आगे निकलने के लिए काफी मेहनत करेंगे। आप स्वयं को काफी तरोताजा महसूस करेंगे। पारिवारिक जिम्मेदारियां आपके ऊपर बढ़ सकती हैं।

**मीन:** आज बदलते हुए मौसम को लेकर सावधान रहें। स्वभाव में अपरिपक्वता के कारण आपका प्रभाव कमजोर होगा। महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। मित्रों के साथ अनबन होने की आशंका है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा पूर्ण रात्रि तक।

## आज की फिल्में

B4U Movies
मेला — सुबह : 11.07
लोहा — शाम : 04.24

&pictures
खिलाड़ी 786 — सुबह : 11.00
जनहित में जारी — रात : 08.00

Sony Pix
वेनम — सुबह : 11.11
मॉन्स्टर हंटर — रात : 09.00

Zee Cinema
कोई ...मिल गया — सुबह : 10.11
किसी का भाई किसी की जान — रात : 08.00

Colors Cineplex
वेनम — दोपहर : 12.00
हनु-मान — रात : 08.00

### आज की सुपरहिट फिल्म


जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

भाभी जी- भैया एक अच्छी चप्पल दिखाओ
दुकानदार- दिखाता हूं, भाभी जी
दुकानदार- ये वाली अच्छी है।
भाभी जी-नहीं
दस चप्पल दिखाने के बाद दुकानदार- मैंने आपको दुकान की एक-एक चप्पल दिखा दी अब तो एक भी बाकी नहीं है।
भाभी - वो सामने वाले डिब्बे में क्या है?
दुकानदार हाथ जोड़ते हुए- भाभी जी, रहम करें थोड़ा, उसमें मेरा लंच है।

पति- परसों मेरी बीवी कुएं में गिर गई, बहुत चोट लगी, बहुत चिल्ला रही थी।
डॉक्टर- अब तबियत कैसी है?
पति- अब ठीक है,कल से कुएं से आवाज नहीं आई।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 79,705.91 | 24,367.50 |
| गिरावट | 819.69 | 250.50 |
| प्रतिशत में | 1.04 | 1.04 |

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2060, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1955, फॉर्चुन ली. 1570, जय जवान 1495, सचिन 1520, सूरज 1520, अवसर 1645, राग गोल्ड 1600, गृहणी ली 1510, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1640, चक्र टिन 1875, ब्लू 1630, आशीर्वाद मस्टर्ड 1880, स्वास्तिक 2030 । किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19200, जीरा 32500, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल-( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन ___मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10700, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 7950, दाल चना 8550, लाल हिंदुस्तान 8650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9200, चना अकोला 8400, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12900, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 15000, अरहर कोरा मोटा 15400, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16600 । चीनी-डालमियां 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4080, बहेड़ी 4100 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड ( पक्के जेवर) | 72000 |
| गोल्ड ( गिन्नी जेवर) | 71000 |
| सिल्वर ( पक्की) | 820 ( अनुमानित) |

# सेंसेक्स 820 अंक चढ़ा, निफ्टी भी लाभ में

## वैश्विक स्तर पर तेजी, रिलायंस और इन्फोसिस के शेयरों में लिवाली से बाजार चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 820 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 819.69 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,705.91 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान एक समय 1,098.02 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 लाभ में जबकि दो नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 250.50 अंक यानी 1.04 प्रतिशत उछलकर



- सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 लाभ में जबकि दो नुकसान में रहे
- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 2,626.73 करोड़ के शेयर बेचे

24,367.50 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका में बेरोजगारी दावों के सकारात्मक आंकड़ों से मंदी की आशंका दूर हुई है। इससे बाजार पर अच्छा असर पड़ा है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। वहीं कोटक महिंद्रा बैंक और मारुति के शेयर नुकसान में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में सकारात्मक रुख रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को लाभ में रहे थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गुरुवार को 2,626.73 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79.18 डॉलर प्रति बैरल रहा। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 581.79 अंक टूटा था, जबकि एनएसई निफ्टी में 180.50 अंक का नुकसान रहा था।

### मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयरों में भी आया उछाल

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि बाजार में मजबूती आनी शुरू हो गयी है। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक संकेत से सेंसेक्स व निफ्टी एक प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए। मझोली कंपनियों के शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई मिडकैप 1.21 प्रतिशत प्रतिशत उछला जबकि छोटी कंपनियों के शेयरों से संबंधित स्मॉलकैप सूचकांक 0.79 प्रतिशत मजबूत हुआ। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स 1,276.04 अंक यानी 1.57 प्रतिशत नीचे आया जबकि निफ्टी 350.2 अंक यानी 1.41 प्रतिशत टूटा है।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश प्रवाह 9% घटकर 37,113 करोड़ पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश प्रवाह जुलाई में मासिक आधार पर 9% घटकर 37,113 करोड़ रुपये रहा है। बड़ी, लघु एवं मझोली कंपनियों से जुड़े शेयरों में निवेश में कमी से कुल प्रवाह कम रहा। गिरावट के बावजूद जुलाई में शुद्ध रूप से निवेश प्रवाह का आंकड़ा किसी एक महीने में दूसरा सर्वाधिक है। जून में निवेश प्रवाह 40,608 करोड़ रुपये था।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के अनुसार यह 41वां महीना है जब इक्विटी फंड में शुद्ध रूप से निवेश प्रवाह बढ़ा है। एसआईपी यानी व्यवस्थिति निवेश योजना से मासिक योगदान जुलाई में बढ़कर अबतक के सर्वाधिक 23,332 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो इससे पिछले माह में 21,262 करोड़ रुपये था। एएमएफआई के



- बड़ी, लघु एवं मझोली कंपनियों से जुड़े शेयरों में निवेश में कमी से कुल प्रवाह कम रहा

मुख्य कार्यपालक अधिकारी वेंकट चालसानी ने कहा कि यह खुदरा निवेशकों के बीच बढ़ते वित्तीय अनुशासन को दर्शाता है। इससे उन्हें समय के साथ व्यवस्थित रूप से अच्छा-खासा कोष बनाने में मदद मिलती है। कुल मिलाकर म्यूचुअल फंड उद्योग में समीक्षाधीन महीने में 1.9 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ, जबकि जून में 43,637 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। यह प्रवाह इक्विटी के साथ-साथ बॉण्ड योजनाओं में निवेश के जरिये हुआ।

### म्यूचुअल फंड में दबाव का करें परीक्षणः सेबी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड उद्योग से सक्रियता से दबाव परीक्षण करने को कहा है। यह वित्तीय क्षेत्र में जोखिम प्रबंधन के लिए प्रमुख तत्व है। सेबी के सदस्य अनंत नारायण गोपालकृष्णन ने कहा कि नियामक का दबाव परीक्षण विशेष रूप से छोटी एवं मझोली इक्विटी योजनाओं में नकदी जोखिमों का आकलन व प्रबंधन करने पर बल देता है। म्यूचुअल फंड पर कार्यक्रम में गोपालकृष्णन ने न केवल व्यक्तिगत योजनाओं या फंड हाउस के लिए बल्कि पूरे म्यूचुअल फंड परिदृश्य के लिए दबाव परीक्षण के महत्व को रेखांकित किया। गोपालकृष्णन ने कहा कि समग्र संयुक्त म्यूचुअल फंड परिदृश्य के लिए दबाव परीक्षण का मॉडल तैयार करना महत्वपूर्ण है।

# बीएसएनएल का 4जी, 5जी उपयुक्त ओवर द एयर, यूनवर्सल सिम जल्द

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- मोबाइल नंबर के साथ भौगोलिक प्रतिबंधों के बिना बदल सकेंगे सिम

बीएसएनएल 4 और 5जी उपयुक्त ओवर-द-एयर (ओटीए) और यूनिवर्सल सिम (यूएसआईएम) मंच जल्द पेश करेगा। ग्राहक मोबाइल नंबर चुनने के साथ भौगोलिक प्रतिबंधों के बिना सिम बदल सकेंगे।

ओटीए उपकरण को परीक्षण उपकरण से जोड़ने की विधि है। बीएसएनएल ने कहा कि पायरो होल्डिंग्स के सहयोग से विकसित इस मंच का उद्घाटन चंडीगढ़ में किया गया। इसमें त्रिची में आपदा रिकवरी साइट भी शामिल है। बीएसएनएल ने शुक्रवार को कहा कि 4जी और 5जी उपयुक्त मंच ग्राहकों को बेहतर कनेक्टिविटी और सेवा गुणवत्ता प्रदान करने को तैयार है। कंपनी देश में 4जी नेटवर्क शुरू कर रही है। बीएसएनएल 4जी और 5जी के लिए नेटवर्क को बेहतर कर रही है। डिजिटल अंतर को पाटने और ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में नागरिकों को सशक्त बनाने तथा अत्याधुनिक दूरसंचार सेवाओं तक समान रूप से पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में बीएसएनएल के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# ओडिशा नेफेड के माध्यम से उत्तर प्रदेश से खरीदेगा आलू

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने आलू की कमी दूर करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) के माध्यम से उत्तर प्रदेश से आलू खरीदने का निर्णय लिया है। खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण मंत्री केसी पात्रा ने कहा कि उपभोक्ताओं को 30 रुपये प्रति किलो आलू उपलब्ध कराने का निर्णय हुआ है। व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश से आलू खरीदने से यह कहते हुए इनकार कर दिया है कि वहां जिस किस्म का आलू उपलब्ध है उसे राज्य के लोग पसंद नहीं करते हैं।

# जर्मनी का इस्पात मानक भारत के लिए चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- निर्यात घटकर 2023-24 में 21.8 अरब डॉलर रहा
- आयात 37% बढ़कर 23.7 अरब डॉलर हुआ
- वैश्विक बाजार कम कार्बन वाले उत्पादों की मांग

जर्मनी के प्रस्तावित निम्न उत्सर्जन इस्पात मानक (एलईएसएस) से भारतीय उद्योग के लिए नई चुनौतियां उत्पन्न होने की आशंका है, जो पहले से कम निर्यात, अधिक आयात और यूरोप के कार्बन कर से जूझ रहा है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, भारत का इस्पात निर्यात 2021-22 में 31.7 अरब डॉलर से 31.2% घटकर 2023-24 में 21.8 अरब डॉलर रह गया है। आयात 37% बढ़कर 17.3 अरब डॉलर से 23.7 अरब डॉलर हो गया है, जिससे भारत



आयातक बन गया है। भारतीय उद्योग जर्मनी के नए मानक का पालन करने के लिए बाध्य नहीं है, लेकिन इसकी अनदेखी से नुकसान हो सकता है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि वैश्विक बाजार कम कार्बन वाले उत्पादों की मांग कर रहे हैं। एलईएसएस से तालमेल नहीं बैठाने वाले उत्पादकों को कठिनाई हो सकती है।

### पांच श्रेणियों में वर्गीकृत है जर्मनी का इस्पात

एलईएसएस स्वेच्छिक लेबलिंग कार्यक्रम है जो पूर्व-उत्पादन और चरणों के दौरान उत्सर्जित सीओ2 के आधार पर इस्पात को वर्गीकृत करता है। एलईएसएस को जर्मन स्टील फेडरेशन (डब्ल्यूवी स्टाहल) और संघीय आर्थिक एवं जलवायु संरक्षण मंत्रालय (बीएमडब्ल्यूके) ने विकसित किया है। इसे 2024 के अंत में पेश होना है। एलईएसएस इस्पात उत्पादों को उनके कार्बन और स्क्रैप सामग्री के आधार पर पांच श्रेणियों में वर्गीकृत करता है। अल्ट्रा-लो एमिशन क्लास ए से लेकर हाई एमिशन क्लास ई तक हैं। श्रेणी ए में सबसे कम सीओ2 उत्सर्जन होता है, जबकि ई में सबसे अधिक, बी, सी और डी इनके बीच में आते हैं। संस्थान ने कहा कि यह भारत के लिए चुनौतियां खड़ी कर सकता है, क्योंकि उनके अधिकतर इस्पात को निम्न तीन श्रेणी (सी, डी और ई) में वर्गीकृत होने की आशंका है।



## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आईईडी बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में शुक्रवार को एक विस्फोटक आईईडी बरामद हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) को 'प्रेशर कुकर' में लगाकर दक्षिण कश्मीर जिले के बलासु परिगाम मार्ग पर रख दिया गया था। बम निरोधक दस्ते ने आईईडी को निष्क्रिय कर दिया। इससे किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

### कबाड़ी की दुकान पर मिले बम के खोल

**बैतूल।** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में शुक्रवार को एक कबाड़ी की दुकान पर 12 से 15 बम के खोल मिलने के बाद बम निरोधक दस्ते और भारतीय वायुसेना की टीम को बुलाया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, बरामद बमों में से कुछ के सक्रिय होने का संदेह है। एएसपी कमला जोशी ने बताया कि 12 से 15 खोल बरामद हुए हैं, जिनमें से कुछ निष्क्रिय और कुछ के सक्रिय होने का संदेह है।

### पूजा खेडकर के पिता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**पुणे।** पुलिस ने आईएएस की पूर्व ट्रेनी अधिकारी पूजा खेडकर के पिता दिलीप खेडकर के खिलाफ पुणे में लोक सेवक को धमकाने और उनके काम में बाधा डालने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बताया कि पुणे जिलाधिकारी कार्यालय के एक तहसीलदार स्तर के अधिकारी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर यहां बंडगार्डन पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# लोकसभा में 35 गैर सरकारी विधेयक पेश

## आईटी उद्योग के विनियमन और विकास को बढ़ाने के लिए आयोग की स्थापना वाले निजी विधेयक पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में शुक्रवार को 35 गैर सरकारी विधेयक पेश हुए जिनमें शामिल सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के विनियमन और विकास को बढ़ाने के लिए आयोग की स्थापना वाले निजी विधेयक पर चर्चा शुरू हुई। सदन में अपराह्न 3.30 बजे के बाद का समय गैर-सरकारी कामकाज के लिए होता है।

सदन में आरएसपी सदस्य एनके प्रेमचंद्रन ने मनरेगा में संशोधन, पेशेवर पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाओं से संबंधित आईयूएमएल सदस्य के नवासिकानी का निजी विधेयक शामिल रहा। शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बारणे का स्कूलों में सैन्य प्रशिक्षण, भाजपा सांसद स्मिता उदय वाघ का स्कूलों में संस्कृत

- सदन में मनरेगा में संशोधन, स्कूलों में सैन्य प्रशिक्षण व संस्कृत के शिक्षण, युवा आयोग के गठन का विधेयक हुआ पेश

भाषा के शिक्षण और राष्ट्रीय युवा आयोग के गठन और जैविक खेती को बढ़ावा देने से संबंधित भाजपा सदस्य राजकुमार चाहर का गैर-सरकारी विधेयक शामिल रहा। द्रमुक सांसद सीएन अन्नादुरई द्वारा प्रस्तुत सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के विनियमन और विकास के लिए आयोग विधेयक, 2024 पर सदन में चर्चा शुरू हुई। अन्नादुरई ने कहा कि भारत में आईटी उद्योग की संभावनाएं हैं और उक्त आयोग राज्यों में सामाजिक आर्थिक विकास के लिए काम करेगा। उक्त निजी विधेयक पर भाजपा के निशिकांत दुबे ने चर्चा की शुरुआत की। चर्चा अधूरी रही।

### बैंककारी संशोधन विधेयक पर लोकसभा में हुई चर्चा

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में बैंककारी विधियां (संशोधन) विधेयक पेश किया, जिसके तहत बैंक खाताधारक द्वारा नॉमिनी व्यक्तियों की संख्या एक से बढ़ाकर चार करने का प्रावधान है। इसका विरोध करते हुए कांग्रेस के मनीष तिवारी ने कहा कि सहकारी समितियों और सहकारी बैंकों से जुड़े कानूनों में संशोधन का अधिकार राज्यों को है। उन्होंने इस संबंध में विधायी अधिकारों को लेकर अस्पष्टता की भी बात कही। आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन ने कहा कि सरकार एक साथ चार कानूनों में संशोधन का प्रयास कर रही है और यह सदन की परंपराओं के खिलाफ है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बहु सहकारी बैंक से जुड़े कानून में पहले भी इस सदन के माध्यम से संशोधन हो चुका है और इससे छोटे खाताधारकों को राहत मिली है। हम चार विधेयक भी ला सकते थे लेकिन जब एक समान तरह के कामकाज से जुड़े कानून हैं तो हम एक संशोधन विधेयक ला रहे हैं। बैंकिंग विनियमन अधिनियम और सहकारी बैंकों के बीच एक संबंध है और कोई भी संशोधन इसी रास्ते से लाना होगा।

### रेलवे बोर्ड को पूर्ण अधिकार देने वाला विधेयक पेश

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में रेल (संशोधन) विधेयक पेश किया और कहा कि इसके माध्यम से रेलवे बोर्ड को पूर्ण अधिकार मिलेंगे। इस विधेयक का विरोध करते हुए टीएमसी के सौगत राय ने कहा कि रेल मंत्री को ऐसे गैरजरूरी विधेयक लाने के बजाय रेल दुर्घटनाएं रोकने पर ध्यान देना चाहिए।

# सीएए के तहत लोगों के लिए जरूरी दस्तावेजों पर स्पष्टीकरण जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा- केंद्र या राज्य सरकार या भारत में अर्ध-न्यायिक निकाय से जारी कोई भी दस्तावेज स्वीकार्य होगा

केंद्र ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत जारी नियमों का दायरा बढ़ा दिया है जिसके जरिये अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान से प्रताड़ित होकर आने वाले अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता दी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने घोषणा की कि केंद्र या राज्य सरकार या भारत में अर्ध-न्यायिक निकाय द्वारा जारी किया कोई भी दस्तावेज स्वीकार्य होगा, जो यह साबित करता हो कि माता-पिता, दादा-दादी या परदादा-परदादी में से कोई भी इन तीनों देशों में से किसी एक के नागरिक हैं या रहे हैं।

गृह मंत्रालय का यह स्पष्टीकरण तब आया जब नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 के तहत भारतीय नागरिकता चाहने वाले कई आवेदकों को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के एक विशेष खंड के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के पहले के खंड में कहा गया है कि कोई भी दस्तावेज जो दर्शाता हो कि आवेदक के माता-पिता या दादा-दादी या परदादा-परदादी में से कोई भी तीन देशों यानी अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान में से किसी एक का नागरिक हैं या रहे हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि यह स्पष्ट किया जा सकता है कि अनुसूची-1ए के क्रम संख्या 8 के तहत दस्तावेजों में केंद्र/राज्य/भारत में किसी न्यायिक या अर्ध न्यायिक निकाय से जारी दस्तावेज जैसे भूमि रिकॉर्ड, न्यायिक आदेश आदि शामिल हो सकते हैं, जो यह दर्शाते हैं कि आवेदक या उसके माता-पिता या दादा-दादी या परदादा-परदादी अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान के नागरिक थे।

## न्यायालयों में हिंदी के अलावा क्षेत्रीय भाषाओं का उपयोग नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि न्यायालय में क्षेत्रीय भाषाओं के इस्तेमाल को लेकर कैबिनेट को प्रस्ताव मिले थे, लेकिन उन्हें मुख्य न्यायाधीश ने स्वीकार नहीं किया। इसलिए फिलहाल हिंदी के अलावा अन्य भाषाओं का कोर्ट में इस्तेमाल नहीं हो रहा है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि किसी भी राज्य में वहां की राज्यपाल की सिफारिश पर राष्ट्रपति की सहमति से स्थानीय भाषा का प्रयोग हो सकता है। इस क्रम में हिंदी का प्रयोग अधिकृत किया हुआ है और सभी राज्यों में इसका प्रयोग किया जा सकता है।

कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि केंद्र के बाद तमिलनाडु, गुजरात, बांग्ला तमिल तथा छत्तीसगढ़ी में वहां की भाषाओं के न्यायालय में स्थानीय भाषाओं के इस्तेमाल को लेकर प्रस्ताव कैबिनेट को प्राप्त हुए थे, लेकिन इसे मुख्य न्यायाधीश ने स्वीकार नहीं किया था।

## मथुरा शाही ईदगाह मस्जिद परिसर के सर्वे पर रोक बढ़ी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश के क्रियान्वयन पर रोक नवंबर तक बढ़ा दी, जिसमें मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर की कोर्ट की निगरानी में सर्वे की अनुमति दी गई थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने हाईकोर्ट के 14 दिसंबर, 2023 के आदेश पर शीर्ष अदालत द्वारा 16 जनवरी को लगाई रोक को जारी रखने का आदेश दिया। हाईकोर्ट ने ईदगाह परिसर की कोर्ट की निगरानी में सर्वे की अनुमति और निगरानी को आयुक्त की नियुक्ति पर सहमति व्यक्त की थी।

# मोबाइल ढूंढ़ने के लिए छात्राओं के कपड़े उतरवाने पर मप्र हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**इंदौर, एजेंसी**

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने इंदौर के सरकारी विद्यालय में मोबाइल ढूंढने के लिए शिक्षिका द्वारा नाबालिग छात्राओं के कपड़े उतरवाकर तलाशी लेने पर राज्य सरकार को शुक्रवार को नोटिस जारी किया। नोटिस में इस घटना को लेकर उठाए कदमों के बारे में राज्य सरकार से हफ्ते भर में रिपोर्ट तलब की गई है।

हाईकोर्ट की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद



- राज्य सरकार को नोटिस जारी हफ्ते भर में मांगा जवाब

धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति दुप्पला वेंकटरमणा ने सामाजिक कार्यकर्ता चिन्मय मिश्रा की याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। सुनवाई के दौरान मिश्रा के वकील अभिनव धनोदकर ने दावा किया कि परिजनों की ओर से पुलिस को दो अगस्त को शिकायत देने के हफ्ते भर बाद भी पॉक्सो अधिनियम का पालन नहीं हुआ है। पीठ ने घटना से जुड़े आरोपों के मद्देनजर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया और निर्देशित किया कि वह हफ्ते भर में रिपोर्ट पेश करे कि पुलिस थाने में शिकायत के बाद क्या कार्रवाई की गई है? अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 17 अगस्त की तारीख तय की है।

## बेटी के वैवाहिक मामले में मौर्य के खिलाफ कार्यवाही पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ उनकी बेटी एवं पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्य से जुड़े वैवाहिक विवाद के मामले में आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया।

मौर्य ने हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, जिसमें दीपक स्वर्णकार द्वारा दायर मामले में उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद करने से इनकार कर दिया गया था। स्वर्णकार ने संघमित्रा का पति होने का दावा किया है। इससे पहले विशेष अदालत ने एक व्यक्ति को परेशान करने और धमकी देने के मामले में स्वामी प्रसाद और संघमित्रा को फरार घोषित कर दिया था।

## जयराम ने धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का दिया नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना को हटाने के मुद्दे पर सदन को गुमराह करने के लिए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ राज्यसभा में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। सभापति जगदीप धनखड़ को भेजे नोटिस में रमेश ने कहा कि सात अगस्त, 2024 को नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तीसरी और छठी कक्षा के बच्चों के लिए एनसीईआरटी द्वारा पाठ्यपुस्तकों में संविधान की प्रस्तावना को हटाने का मुद्दा उठाया था। इसके जवाब में, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बाद में कहा कि अभी छठी कक्षा की जो पाठ्यपुस्तक आई है, उसमें भी प्रस्तावना है। रमेश के अनुसार, प्रधान का यह दावा तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक है।

# नई रेल लाइन संपर्क सुविधा संबंधित बुनियादी ढांचे को देंगी बढ़ावा: मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक

- प्रधानमंत्री ने कहा- आठ नई रेल परियोजनाओं से रोजगार सृजन को मिलेगा बढ़ावा

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आठ नई रेलवे लाइन परियोजनाओं को मंजूरी मिलने से संपर्क सुविधा से संबंधित बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलेगा। मोदी ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि यह वाणिज्य और संपर्क सुविधा के लिए बहुत अच्छी खबर है और इससे रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए अन्य निर्णयों पर टिप्पणी करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ पौध कार्यक्रम भारत के बागवानी क्षेत्र में क्रांति लाने की महत्वाकांक्षी पहल है। प्रधानमंत्री जी-वन योजना में संशोधन से आत्मनिर्भरता के हमारे प्रयासों को बढ़ावा और ऊर्जा सुरक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों (सीसीईए) की समिति ने शुक्रवार को आठ नई रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। सरकार ने इस संबंध में कहा है कि इससे संपर्क बढ़ेगा, यात्रा आसान होगी, तेल आयात और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।

## अमृतपाल सिंह के निर्वाचन के खिलाफ दाखिल याचिका रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह के पंजाब के खडूर साहिब से सांसद के रूप में निर्वाचन के खिलाफ दायर याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। याचिकाकर्ता ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष दावा किया कि संविधान का अनुच्छेद 84 संसद की सदस्यता के लिए योग्यता से संबंधित है और इसके अनुसार कोई व्यक्ति संसद की सदस्यता के लिए तब तक योग्य नहीं होगा जब तक वह भारत का नागरिक न हो। याचिकाकर्ता ने कहा कि प्रतिवादी अमृतपाल सिंह ने कहा था कि वह भारत के संविधान के प्रति निष्ठा नहीं रखते। इन पर पीठ ने कहा कि आप निर्वाचन याचिका दाखिल करें। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह खडूर साहिब निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं लेकिन सिंह द्वारा पूर्व में दिए बयानों से आहत हैं। पीठ ने कहा कि यह साक्ष्य का मामला है।

# खरगे, महिला सदस्यों को अपमानित किया जाना अस्वीकार्य : प्रियंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सपा सदस्य जया बच्चन के सभापति के बोलने के लहजे पर आपत्ति व खरगे का माइक बंद का आरोप लगाए जाने पर कांग्रेस महासचिव ने की टिप्पणी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महिला सदस्यों को अपमानित किया जाना अस्वीकार्य है। उन्होंने यह टिप्पणी उस वक्त की है, जब राज्यसभा में शुक्रवार को सपा सदस्य जया बच्चन के सभापति जगदीप धनखड़ के बोलने के लहजे पर आपत्ति जताने के बाद आसन और विपक्ष में टकराव देखने को मिला।

कांग्रेस का आरोप है कि सदन में खरगे का माइक बंद कर दिया जाता है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे लोकतंत्र की आवाज हैं। संसद में उनको अपमानित करना, उन्हें बोलने न देना, माइक बंद करना और सत्ता में बैठे लोगों द्वारा वरिष्ठ महिला सदस्यों को अपमानित करना अस्वीकार्य है। संसद इस बात का गवाह रही है कि विपक्षी सदस्यों की बात सुनी जाती थी। राममनोहर लोहिया की बहसें और पंडित नेहरू के धैर्य की आज भी मिसाल दी जाती है।



# पेरिस ओलंपिक 2024



## खेल डायरी

### मिस्र का पहलवान यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में भाग लेने आए मिस्र के एक पहलवान को यौन उत्पीड़न के आरोप में यहां गिरफ्तार किया गया। फ्रांस के अभियोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पेरिस अभियोजक के कार्यालय के एक बयान के अनुसार एक 26 वर्षीय एथलीट को पेरिस कैफे के बाहर एक महिला के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के कारण हिरासत में लिया गया था। कार्यालय ने पहलवान का नाम नहीं बताया लेकिन कहा कि वह मिस्र में पैदा हुआ था और ओलंपिक में भाग लेने के लिए पेरिस में था। मिस्र कुश्ती महासंघ ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया।

### ऑस्ट्रेलिया में दो दिवसीय दिन-रात्रि मैच खेलेगा भारत


**कैनबरा।** भारतीय क्रिकेट टीम इस साल के आखिर में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दौरान ऑस्ट्रेलिया की प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय दिन रात्रि अभ्यास मैच खेलेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। यह 1991-92 के बाद पहला अवसर होगा जबकि इन दोनों टीमों के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेली जाएगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि भारतीय टीम 30 नवंबर से कैनबरा के मनुका ओवल में प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय दिन रात्रि अभ्यास मैच खेलेगी। भारतीय टीम की एडिलेड में होने वाले दिन रात्रि टेस्ट मैच की तैयारी में मदद करने के लिए यह अभ्यास मैच कार्यक्रम में जोड़ा गया है। भारत ने 2020-21 के ऑस्ट्रेलिया दौरे में भी एक दिन रात्रि टेस्ट मैच खेला था।

### अजीत एआईसीएफ के परिचालन प्रमुख बनने को तैयार

**चेन्नई।** दिल्ली शतरंज संघ के मौजूदा सचिव अजीत कुमार वर्मा अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के नए परिचालन प्रमुख बनने को तैयार हैं। इस हफ्ते एआईसीएफ ने शार्टलिस्ट हुए दो उम्मीदवारों की घोषणा की जिसमें इस भूमिका के लिए वर्मा (52 वर्ष) और अरबिंद कुमार सिंह शामिल थे। एआईसीएफ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार रायजादा ने शुक्रवार को पीटीआई को बताया कि दोनों उम्मीदवारों के साक्षात्कार हो चुके हैं और एक या दो दिन के अंदर आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। सूत्रों से पता चला है कि वर्मा इस पद की दौड़ में आगे चल रहे हैं।

## भारत ने कुश्ती में जीता पहला पदक

पेरिस, एजेंसी



57 किलो फ्रीस्टाइल वर्ग में अमन ने डारियन को 13-5 से हराया

कुश्ती के दौरान दांव लगाते अमन व डारियन।

अपेक्षाओं पर खरे उतरते हुए अमन सहरावत ने पेरिस ओलंपिक में कुश्ती में भारत को पहला पदक दिलाते हुए शुक्रवार को 57 किलो फ्रीस्टाइल वर्ग के कांस्य पदक के मुकाबले में पुएर्तो रिको के डारियन तोइ क्रूज को अंकों के आधार पर 13-5 से हरा दिया।

21 वर्ष के अंडर 23 विश्व चैंपियन अमन सेमीफाइनल में जापान के रेइ हिगुची से 0-10 से हार गए थे। वह पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के एकमात्र पुरूष पहलवान थे और उन्होंने निराश नहीं किया। भारत ने 2008 के बाद से हर ओलंपिक में कुश्ती में पदक जीता है और यह सिलसिला अमन ने जारी रखा।

सुशील कुमार ने बीजिंग (2008) में कांस्य, योगेश्वर दत्त ने लंदन (2012) में, साक्षी मलिक ने रियो (2016) ने कांस्य, रवि दहिया और बजरंग पूनिया ने तोक्यो 2021 में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। अमन ने कांस्य पदक के मुकाबले में शुरू ही से दबाव बनाते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी को ज्यादा मौके नहीं दिए। भारत का पेरिस ओलंपिक में यह छठा पदक है।

इससे पहले निशानेबाजी में मनु भाकर (10 मीटर एयर पिस्टल), मनु भारत और सरबजोत सिंह (10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम), स्वप्निल कुसाले (50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस) और भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीते जबकि स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने रजत पदक हासिल किया। कुश्ती में अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो) और निशा दहिया (68 किलो) अपने वर्ग के पदक दौड़ में नहीं पहुंच सके। वहीं विनेश फोगाट (50 किलो) फाइनल में पहुंची लेकिन वजन अधिक होने के कारण अयोग्य करार दी गई। भारत की रीतिका हुड्डा (76 किलो) शनिवार को अपनी चुनौती पेश करेंगी।

## अदिति, दीक्षा डागर तीसरे दौर में स्टैंडिंग में नीचे खिसकीं



अदिति अशोक

**पेरिस।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर पेरिस ओलंपिक में महिला गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रतिस्पर्धा शुक्रवार को स्टैंडिंग में नीचे खिसक गई है।

आज यहां होल 14 के अंत में, अदिति अशोक ने 6-ओवर 62 का स्कोर दर्ज किया है, जिसमें छह बोगी और एक डबल बोगी शामिल है। इस बीच, दीक्षा डागर ने पांच बोगी की, जिससे आज उनका स्कोर 5-ओवर 61 हो गया है। तीसरे दौर में इस जोड़ी को खेलने के लिए चार होल और बाकी हैं। भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को दूसरे दौर के अंत तक 1-अंडर 143 का स्कोर दर्ज किया था।

## सकारात्मक समाधान का खेल पंचाट ने दिलाया भरोसा

पेरिस, एजेंसी

ओलंपिक फाइनल से अयोग्य करार दिये जाने के खिलाफ भारतीय पहलवान विनेश फोगाट की खेल पंचाट (कैस) के तदर्थ प्रभाग में अपील की सुनवाई यहां पूरी हो गई और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने कहा कि उसे सकारात्मक समाधान की उम्मीद है।

खेलों के दौरान विवाद समाधान के लिए विशेष रूप से स्थापित कैस के तदर्थ प्रभाग ने विनेश की अपील स्वीकार ली। विनेश ने स्वर्ण विजेता सारा एन हिल्डेब्रांट के खिलाफ फाइनल की सुबह 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य ठहराकर बाहर किए जाने के खिलाफ अपील की थी। आईओए ने एक बयान में कहा भारतीय ओलंपिक संघ को उम्मीद है कि पहलवान विनेश फोगाट द्वारा खेल पंचाट (कैस) के तदर्थ प्रभाग के समक्ष उनके वजन में विफलता के खिलाफ दायर आवेदन का सकारात्मक समाधान होगा। विनेश की जगह फाइनल में क्यूबा की पहलवान युस्नेलिस गुजमान लोपेज उतरीं, जो सेमीफाइनल में उनसे हार गई थीं। भारतीय पहलवान ने अपनी अपील में लोपेज के साथ संयुक्त रजत पदक दिए जाने की मांग की है क्योंकि मंगलवार को अपने मुकाबलों के दौरान उनका वजन निर्धारित सीमा के अंदर था।

कुश्ती



- तदर्थ विभाग ने अयोग्य करार दिए जाने के खिलाफ विनेश की अपील पर की सुनवाई

# रफ्तार के खेल में पिछड़ीं टीमें

## भारतीय पुरुष और महिला टीम 4x400 मीटर रिले के फाइनल राउंड में क्वालीफाई करने से चूकीं



**2:59.05** सेकेंड का है भारत का एशियाई रिकॉर्ड जो 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप के दौरान बना था

**2:57.76** समय के साथ बोत्सवाना पहले और ब्रिटेन (2:58.88) दूसरे व अमेरिका (2:59.15) की टीम शीर्ष तीन में हुई शामिल

पुरुषों की 4x400 मीटर रिले के दौरान मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल (आसमानी जर्सी मे)।

पेरिस, एजेंसी

भारतीय पुरुष रिले टीम चार गुणा 400 मीटर स्पर्धा में अपने हीट में पांचवें स्थान पर रहने के लिए 3:00.58 का सीजन का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला लेकिन वह मात्र 0.5 सेकंड से फाइनल में जगह बनाने से चूक गई। आज यहां स्टेड डी फ्रांस में दूसरी हीट में प्रतिस्पर्धा करते हुए मुहम्मद अनस, राजेश रमेश, अमोज जैकब और मुहम्मद अजमल की भारतीय चौकड़ी जाम्बिया द्वारा हासिल किए 3:00.58 के कट-ऑफ समय से सिर्फ 0.50 सेकंड पीछे रही।

भारतीय टीम स्टैंडिंग में 11वें स्थान पर रही। इसी भारतीय टीम ने पिछले साल बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 2:59.05 का राष्ट्रीय रिकॉर्ड हासिल किया था। यह एशियाई रिकॉर्ड भी है। फ्रांस ने 2:59.53 समय में दूसरी रेस जीती जबकि जमैका 2:59.81 के साथ दूसरे स्थान पर रहा। बेल्जियम 2:59.84 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहा। टोक्यो 2020 के कांस्य पदक विजेता बोत्सवाना ने 2:57.76 के साथ ओवरऑल हीट में शीर्ष स्थान हासिल किया। मोहम्मद अजमल ने दूसरे चरण में दौड़ लगाई और 44.55 सेकेंड में भारतीय पुरुषों में सर्वश्रेष्ठ समय हासिल किया।

इससे पहले महिला वर्ग में ज्योतिका श्री दांडी, एमआर पूवम्मा, विथ्या रामराज और सुभा वेंकटेशन की भारतीय महिला 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम 3:32.51 के समय के साथ अपनी हीट में आठवें और अंतिम स्थान पर रही। ज्योतिका श्री दांडी दूसरे स्थान पर रहीं और उन्होंने 51.30 सेकेंड में भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ समय निकाला।

**16** टीमों में पुरुषों ने पाया 10वां स्थान

**15** वें स्थान पर रहीं भारतीय महिलाएं



<< महिलाओं की 4x400 मीटर रिले के दौरान फर्राटा भरतीं ज्योतिका श्री दांडी।

**3:32.51** का समय निकाला विथ्या रामराज ज्योतिका श्री दांडी, एमआर पूवम्मा और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने महिलाओं की 4x400 मीटर रिले टीम स्पर्धा में। वहीं, हीट नंबर दो में आठवें स्थान पर रहीं।

## आज भारत के मुकाबले

- **गोल्फ** : महिलाओं का व्यक्तिगत फाइनल : अदिति अशोक और दीक्षा डागर 12.30 बजे से
- **कुश्ती** : महिलाओं की फ्रीस्टाइल 76 किग्रा प्री क्वार्टरफाइनल : रीतिका हुड्डा बनाम बर्नाडेट नागी (हंगरी) 2.51 बजे से।

### भारतीय जूनियर टीम के कोच बनेंगे श्रीजेश

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी की दीवार पी आर श्रीजेश खेल से संन्यास के बाद जल्दी ही नयी भूमिका में दिखेंगे और हॉकी इंडिया उन्हें जूनियर टीम का कोच बनाने जा रहा है। 36 वर्ष के श्रीजेश ने स्पेन को हराकर पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी को अलविदा कह दिया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने पेरिस से पीटीआई से कहा हम श्रीजेश को कुछ दिन के भीतर पुरूष जूनियर टीम (अंडर 21) का कोच बनायेंगे। हमने उनसे बात कर ली है और युवाओं को उनसे बेहतर कोई मार्गदर्शन नहीं दे सकता। उसमें असाधारण क्षमता है जो उसने ब्रिटेन के खिलाफ पेरिस में दिखाई। वह आने वाली पीढी के गोलकीपरों को भी मार्गदर्शन देगा। हम चाहते हैं कि श्रीजेश कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा जैसे युवा गोलकीपरों को मार्गदर्शन दे जो उनकी जगह लेने जा रहे हैं। अगले साल भारत में जूनियर विश्व कप होने वाला है।

## समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे मनु-श्रीजेश

पेरिस, एजेंसी

मशहूर हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश रविवार को यहां होने वाले ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में स्टार निशानेबाज मनु भाकर के साथ भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे। श्रीजेश के नाम पर अंतिम मोहर लगाने से पहले भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने नीरज चोपड़ा से भी बात की और उन्होंने कहा कि भाला फेंक यह स्टार एथलीट भी चाहता था कि पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेने वाले हॉकी खिलाड़ी को ही यह सम्मान मिलना चाहिए।

पिछले ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीत कर भारतीय खेलों के इतिहास में नया पन्ना जोड़ा। उषा ने कहा मैंने नीरज चोपड़ा से बात की और मैं उनकी खेल भावना की सराहना करती हूं क्योंकि वह इस बात पर सहमत थे कि समापन समारोह में श्रीजेश को ही ध्वजवाहक होना चाहिए। नीरज ने मुझसे कहा, मैडम अगर आप मुझसे नहीं पूछती तब भी मैं श्री भाई के नाम का ही सुझाव देता। इससे पता चलता है कि नीरज भारतीय खेलों में श्रीजेश के योगदान को कितना अधिक सम्मान देते हैं। उषा ने कहा कि श्रीजेश भारतीय दल के प्रमुख गगन नारंग सहित भारतीय ओलंपिक संघ के नेतृत्व की भावनात्मक और लोकप्रिय पसंद थे। आईओए ने कहा, भारतीय ओलंपिक संघ को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पेरिस ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर के साथ हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश संयुक्त ध्वजवाहक होंगे।

श्रीजेश ने भारतीय हॉकी टीम को ओलंपिक खेलों में लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह पहले ही घोषणा कर चुके थे कि पेरिस ओलंपिक के बाद वह संन्यास ले लेंगे। भारत ने कांस्य पदक के मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर श्रीजेश को शानदार विदाई दी। श्रीजेश हांग्झोऊ एशियाई खेलों के समापन समारोह में भी भारत के ध्वजवाहक थे। भारतीय ओलंपिक संघ ने इससे पहले मनु को समापन समारोह के लिए महिला ध्वजवाहक के रूप में चुना था। वह स्वतंत्रता के बाद एक ओलंपिक खेलों में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीते थे।



**11** को होगा ओलंपिक का समापन पी टी उषा ने की नीरज से बात

### समापन समारोह में गाएंगी पांच बार की ग्रैमी विजेता गैब्रिएला



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में समापन समारोह के दौरान पांच बार की ग्रैमी विजेता और हर के नाम से मशहूर गैब्रिएला सरमिएंटो विल्सन 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए 'हैंडओवर' के अंतर्गत स्टेड डि फ्रांस में अमेरिका का राष्ट्रगान गायेंगी। हर ने अपने शानदार करियर के दौरान ऑस्कर, एमी और ग्रैमी पुरस्कार जीते हैं। कैलिफोर्निया की 27 वर्षीय गायिका ने आई कांट ब्रीद के लिए 2021 में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गीत का ग्रैमी पुरस्कार जीता था। लॉस एंजिलिस 1984 और 1932 के बाद 2028 में तीसरी दफा ओलंपिक की मेजबानी करेगा। यह शहर पहली बार पैरालंपिक की मेजबानी भी करेगा।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 32 | 25 | 21 | 78 |
| अमेरिका | 31 | 39 | 38 | 108 |
| ऑस्ट्रेलिया | 18 | 16 | 14 | 48 |
| फ्रांस | 14 | 20 | 22 | 56 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 14 | 20 | 22 | 56 |
| जापान | 14 | 8 | 13 | 35 |
| द. कोरिया | 13 | 8 | 7 | 28 |
| जर्मनी | 12 | 9 | 8 | 29 |
| नीदरलैंड | 12 | 6 | 9 | 27 |
| इटली | 11 | 11 | 12 | 34 |
| भारत | 0 | 1 | 5 | 6 |

एक सरहद... दो मां | पेरिस ओलंपिक में जैवलिन स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता अरशद की अम्मी व रजत पाने वाले नीरज की मां ने पेश की मिसाल

# सरोज ने अरशद को तो रजिया ने नीरज को बताया अपना बच्चा

नई दिल्ली/कराची, एजेंसी

'गोल्ड जिसका है वो भी हमारा ही लड़का है। ये बात सिर्फ एक मां ही कह सकती है। अद्भुत...।'' शोएब अख्तर ने दो पंक्तियों में सरहद के आर पार के जज्बात बयां कर दिये जो चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और अरशद नदीम की मां द्वारा एक दूसरे के बच्चे को अपना बच्चा कहे जाने के बाद उमड़े हैं।

आम तौर पर भारत और पाकिस्तान की टक्कर खेल के किसी भी मैदान पर होने के बाद सोशल मीडिया पर लोग जहर उगलते दिखते हैं। लेकिन इस बार आलम अलग है। इसका श्रेय नीरज की मां सरोज देवी और अरशद की मां रजिया परवीन को भी जाता है। नदीम ने गुरुवार की रात 92.97 मीटर के रिकॉर्ड ओलंपिक प्रयास से स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि नीरज ने सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.45 मीटर के साथ रजत पदक जीता। नीरज लगातार दो ओलंपिक व्यक्तिगत स्पर्धा का पदक जीतने वाले तीसरे और ट्रैक एवं फील्ड के पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए।

सरोज ने पानीपत के खंडरा गांव में एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा कि हम रजत पदक से बहुत खुश हैं, जिसने स्वर्ण जीता वह भी हमारा बच्चा है और जिसने रजत पदक प्राप्त किया वह भी हमारा बच्चा है। सभी एथलीट हैं, सभी कड़ी मेहनत करते हैं। नदीम भी अच्छा है, वह अच्छा खेलता है, नीरज व नदीम में कोई अंतर नहीं है। हमें स्वर्ण और रजत पदक मिला, हमारे लिए कोई अंतर नहीं है। नीरज और नदीम दोनों प्रतिद्वंद्वी होने के बावजूद मैदान के बाहर अच्छे दोस्त हैं। वहीं, अरशद की मां रजिया ने एक न्यूज चैनल को बताया कि वे दोनों भाई हैं नीरज हमारे बच्चे जैसा है। मैं दुआ करूंगी कि वह जीते। खेल में जीत हार होती है लेकिन ये दोनों भाई हैं।



स्पर्धा के बाद बात करते नीरज और अरशद।

### 'चूरमा' से होगा नीरज का स्वागत

नीरज का 'देशी खाने' के प्रति लगाव जगजाहिर है और उनका परिवार दो बार के ओलंपिक पदक विजेता का उनके पसंदीदा व्यंजन 'चूरमा' के साथ स्वागत करने की योजना बना रहा है। सरोज ने कहा कि उसने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। हम उसका स्वागत 'चूरमा' से करेंगे जो उसका पसंदीदा है। मुझे खुशी है, लोग पटाखे जला रहे हैं, हम लड्डू बना रहे हैं। नीरज की चाची कमलेश ने कहा कि हम बहुत खुश हैं। उसने इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सभी 88-89 मीटर के करीब थे। इसलिए प्रतिस्पर्धा बहुत कठिन थी। यह स्वर्ण या रजत जीतने के बारे में नहीं है, बल्कि पदक जीतने के बारे में है और उसने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## विवाद के बाद स्वदेश लौटीं अंतिम

नई दिल्ली, एजेंसी

पेरिस में ओलंपिक खेलों के खेल गांव में अनुशासनात्मक उल्लंघन के कारण विवादों में घिरी भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल शुक्रवार को स्वदेश लौट आईं। यह पहलवान गुरुवार को तब चर्चा में आ गई थी जब उन्होंने अपने मान्यता कार्ड पर अपनी बहन को खेल गांव में प्रवेश करवाने की कोशिश की थी और बाद में पुलिस ने उन्हें बुलाया।

इस घटना ने देश को शर्मसार किया और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अंतिम और उनके सहयोगी स्टाफ को तुरंत ही स्वदेश वापस भेजने का फैसला किया। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंतिम ने हालांकि कहा कि उनका कुछ भी गलत करने का इरादा नहीं था लेकिन खेल गांव के नियमों का उल्लंघन करने के लिए उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। भारतीय टीम की जर्सी पहनकर यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने वाली अंतिम तुरंत ही बाहर निकल गई और उन्होंने पत्रकारों से बात करने से इनकार कर दिया।



भारत लौटी अंतिम पंघाल व उनकी बहन। ● एजेंसी।

- मीडिया से बात करने से किया इनकार, बोलीं- यह सब भ्रम की वजह से हुआ
- मान्यता कार्ड पर बहन को खेल गांव में प्रवेश करवाने पर पेरिस की पुलिस ने पकड़ा था

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# अवामी लीग पर निर्भर नहीं भारत-बांग्लादेश संबंध

## बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता बोले- शेख हसीना को शरण देने से बांग्लादेश में प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक

कोलकाता, एजेंसी

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंध अवामी लीग पर निर्भर नहीं हैं और भारत द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को शरण देने पर बांग्लादेश में प्रतिकूल प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री खांडकर मुशर्रफ हुसैन ने बांग्लादेश के लिए भारत को बहुत महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा कि यह द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय शुरू करने का सही समय है।

हुसैन ने बांग्लादेश में अंतरिम सरकार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बधाई संदेश का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि भारत सरकार अब अवामी लीग और शेख हसीना को समर्थन देना जारी नहीं रखेगी, जिन्हें बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों के बाद देश से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा है। बीएनपी के उपाध्यक्ष अब्दुल अवल मिंटू ने भी ऐसी ही राय जताते हुए कहा कि बेहतर होता कि हसीना भारत नहीं भागतीं। क्योंकि हम भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। बांग्लादेश और इसके लोग भारत को दोस्त की तरह मानते और देखते हैं। उन्होंने हालांकि रेखांकित किया कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के मुताबिक भारत का अधिकार है कि वह जिसे चाहे उसे शरण दे सकता है।

### गृह मंत्री से मिले विहिप अध्यक्ष व महामंत्री

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को यहां केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उनसे बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों रोकने और उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए राजनयिक स्तर पर कार्रवाई करने की गुजारिश की। विहिप के राष्ट्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा ने बताया कि आज हमारे अध्यक्ष आलोक कुमार और मैं खुद शाह से मिले तथा उनसे बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा हेतु शीघ्र कार्रवाई करने की गुजारिश की।

### सरकार सुनिश्चित करे कि कोई देश में प्रवेश न कर सके

**गुवाहाटी।** ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (एएएसयू) के सलाहकार समुज्जल भट्टाचार्य ने शुक्रवार को केंद्र से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि कोई भी व्यक्ति बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत में प्रवेश न करे और पूर्वोत्तर में किसी को भी शरण या पुनर्वास न मिले। समुज्जल भट्टाचार्य ने कहा कि पूर्वोत्तर के चार राज्य पड़ोसी देश के साथ 1,885 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं।



भारत में घुसपैठ करने की कोशिश में कूच बिहार में सीतलकुची बाड़ वाली भूमि सीमा के करीब इकट्ठा हुए बांग्लादेशी। • एजेंसी

### हत्या और भ्रष्टाचार के मामलों में वांछित हैं पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना : बीएनपी

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी की कट्टर प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने शुक्रवार को कहा कि भारत में रहने का पूर्व प्रधानमंत्री का फैसला पूरी तरह से उनका और भारतीय अधिकारियों का है, लेकिन उन्होंने आगाह किया कि बांग्लादेश के लोग इसे अच्छे नजरिए से नहीं देखेंगे। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और पार्टी के प्रवक्ता अमीर खसरू महमूद चौधरी ने कहा कि अभी, वह (हसीना) बांग्लादेश में हत्याओं और लोगों को जबरन गायब करने से लेकर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार जैसे कई अपराधों में सबसे वांछित व्यक्ति हैं।

### सलाहकार परिषद के सदस्यों के विभागों की घोषणा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने शुक्रवार को नवनियुक्त सलाहकार परिषद के विभागों की घोषणा की और रक्षा सहित 27 मंत्रालयों का प्रभार अपने पास रखा तथा अनुभवी राजनयिक मोहम्मद तौहीद हुसैन को विदेश मंत्रालय का प्रमुख नियुक्त किया। अन्य सलाहकारों का चयन छात्र नेताओं, सेना और नागरिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के परामर्श से किया गया। एक आधिकारिक घोषणा के अनुसार, यूनुस ने रक्षा, लोक प्रशासन, शिक्षा, ऊर्जा, खाद्य, जल संसाधन और सूचना मंत्रालय सहित 27 विभागों का प्रभार अपने पास रखा है। पूर्व विदेश सचिव हुसैन को विदेश मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया है, जबकि सेना के सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर जनरल एम सखावत हुसैन को गृह मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया है। बांग्लादेश बैंक के पूर्व गवर्नर सलाहुद्दीन अहमद वित्त और योजना मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि पूर्व अटॉर्नी जनरल ए एफ हसन आरिफ स्थानीय सरकार मंत्रालय का प्रभार संभालेंगे।

### हम नस्ली आधार पर होने वाले हमले और हिंसा भड़काने के खिलाफ हैं: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हमलों की घटनाओं के बीच संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि वह नस्ली आधार पर होने वाले किसी भी तरह के हमले या हिंसा भड़काने के खिलाफ हैं। महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने गुरुवार को कहा, हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि बांग्लादेश में जो हिंसा हो रही है उस पर नियंत्रण पाया जाए। निश्चित रूप से हम नस्ल आधार पर हमले या हिंसा के खिलाफ हैं। वह बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे हमलों के संबंध में महासचिव की प्रतिक्रिया से जुड़े सवालों के जवाब दे रहे थे।

## एक नजर

### तुर्किये में बस दुर्घटना में नौ लोगों की मौत, 26 घायल

**अंकारा।** तुर्किये में शुक्रवार को एक बस के सड़क किनारे एक खंभे से टकराने से उसमें सवार नौ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गये। गवर्नर वासिप शाहिन ने हैबरटर्क टेलीविजन स्टेशन को बताया कि यह दुर्घटना राजधानी अंकारा से लगभग 80 किलोमीटर दूर पोलाटली शहर के निकट हुई। उन्होंने बताया कि बस पश्चिमी तुर्किये के इजमिर शहर से देश के पूर्व में एग्री शहर की ओर जा रही थी।

### विदेश सचिव दो दिनी यात्रा पर जाएंगे नेपाल

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी रविवार 11 अगस्त से नेपाल की दो दिवसीय यात्रा शुरू करेंगे, जो कार्यभार संभालने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि विदेश सचिव की यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित उच्च-स्तरीय यात्राओं की एक कड़ी है। मंत्रालय ने कहा कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी नेपाल के विदेश सचिव सेवा लमसाल के निमंत्रण पर 11-12 अगस्त को नेपाल की आधिकारिक यात्रा पर होंगे।

### नशे में धुत महिला ने बस परिचालक पर फेंका सांप

**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक महिला ने नशे की हालत में बस के शीशे को क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर उसने बस की परिचालक पर सांप फेंक दिया। शिकायत पर पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि महिला ने गुरुवार की शाम विद्यानगर में तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम की बस पर शराब की बोतल फेंकी थी। जब बस की महिला परिचालक ने विरोध किया तो बैग से सांप निकालकर उसके ऊपर फेंक दिया।

### पांचवीं मंजिल से बच्ची पर गिरा कुत्ता, लड़की की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में एक इमारत की पांचवीं मंजिल से एक पालतू कुत्ता चार साल की बच्ची पर गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कुत्ते के मालिक को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि ठाणे शहर के मुंब्रा इलाके में मंगलवार शाम करीब साढ़े चार बजे यह घटना हुई थी। इस संबंध में तीन अन्य के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

### निकारागुआ के राजदूत को ब्राजील छोड़ने का आदेश

**साओ पाउलो।** ब्राजील की सरकार ने गुरुवार को मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ की राजदूत को देश छोड़ने का आदेश दिया। इससे पहले निकारागुआ के राष्ट्रपति डैनियल आर्टेगा ने ब्राजील के राजदूत को देश से जाने का आदेश सुनाया था। ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने निकारागुआ के राजदूत फुल्विया पेट्रीसिया कास्त्रो माटू को निष्कासित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय मानागुआ से ब्राजील के राजदूत को हटाने के निकारागुआ सरकार के कदम के बदले में लिया गया।

# द्विपक्षीय संबंध मजबूत करेंगे जयशंकर

माले, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत की पड़ोस प्रथम नीति में मालदीव एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है और वह द्वीपसमूह राष्ट्र के नेतृत्व के साथ सार्थक वार्ता को लेकर आशान्वित हैं। जयशंकर मालदीव के साथ द्विपक्षीय संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां पहुंचे।

द्वीपसमूह देश में पिछले साल चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद भारत की ओर से यह पहली उच्चस्तरीय यात्रा है। उनकी मालदीव यात्रा जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति मुइज्जू की भारत यात्रा के कुछ हफ्तों बाद हो रही है। चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के नवंबर 2023 में शीर्ष कार्यालय का पदभार संभालने के बाद भारत और मालदीव के बीच संबंधों में काफी तल्खी आ गई थी। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मालदीव पहुंचकर खुशी हुई। हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के लिए विदेश मंत्री मूसा जमीर को धन्यवाद। हमारी पड़ोस प्रथम नीति और सागर दृष्टिकोण में मालदीव एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व के साथ सार्थक वार्ता को लेकर आशान्वित हूं।



मालदीव के हवाई अड्डे पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा ज़मीर के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर। • एजेंसी

• मालदीव पहुंचे विदेश मंत्री, द्वीप समूह राष्ट्र को बताया महत्वपूर्ण

## इमरान खान और बुशरा की रिमांड बढ़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक जवाबदेही अदालत ने तोशाखाना के नए भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की रिमांड 11 दिनों के लिए बढ़ा दी है। मीडिया में शुक्रवार को जारी की गई खबरों में यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान के द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार में प्रकाशित खबर में कहा गया है कि जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा की अध्यक्षता में रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में स्थापित अस्थायी अदालत कक्ष में गुरुवार को मामले की सुनवाई की गई। न्यायाधीश राणा ने तोशाखाना के नये भ्रष्टाचार मामले में खान और बीबी की 10 दिन की रिमांड समाप्त होने के बाद इसे 11 और दिनों के लिए बढ़ा दिया।

# रूसी सेना में शामिल 91 भारतीयों में आठ की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

• 14 की वतन वापसी, 69 को रिहाई का इंतजार

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि रूसी सेना में भारत के 91 नागरिकों को भर्ती किया गया था जिनमें से 8 जान गंवा चुके हैं और 14 को छुट्टी दी जा चुकी है जबकि बाकी 69 भारतीय रिहाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि हमारे पास अब तक कुल मिलाकर 91 ऐसे भारतीय नागरिक हैं, जिन्हें रूसी सेना में भर्ती किया गया था। दुर्भाग्य से, उनमें से 8 का निधन हो गया है। 14 को छुट्टी दे दी गई है या किसी तरह से हमारी सहायता से वापस आ गए हैं जबकि 69 भारतीय नागरिक रिहाई का इंतजार कर रहे हैं।

### अवैध एजेंटों के खिलाफ हो रही कार्रवाई : जयशंकर

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि अवैध एजेंट लोगों को विदेश भेज रहे हैं और सरकार को इसकी जानकारी है इसलिए इस बारे में कार्रवाई की जा रही है तथा दोषियों को कड़ा दंड दिया जाएगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में एक पूरक सवाल के जवाब में कहा कि विदेश भेजने के लिए जो एजेंट अवैध तरीके से काम कर रहे हैं और उनकी सूची सरकार के पास है, कार्रवाई हो रही है।

## जल्द ही ऑकलैंड में वाणिज्य दूतावास खोलेगा भारतः मुर्मू

**ऑकलैंड।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत न्यूजीलैंड के साथ संबंधों को प्रगाढ़ बनाने और प्रवासी भारतीयों की सुविधा के लिए जल्द ही ऑकलैंड में वाणिज्य दूतावास खोलेगा। ऑकलैंड में भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि उन्हें न्यूजीलैंड में भारतीय समुदाय की उपलब्धियां देखकर बहुत प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा, भारत के न्यूजीलैंड से संबंध बहुत गहरे और बहुआयामी हैं। भारतीय समुदाय ने न्यूजीलैंड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि भारत समुदाय की लंबित मांग को पूरा करते हुए जल्द ही ऑकलैंड में वाणिज्य दूतावास खोलेगा।

## यूक्रेन में मॉल पर रूसी हमले में 10 की मौत

**कीव।** रूस ने कुर्स्क क्षेत्र में स्थिति को संघीय स्तर का आपातकाल घोषित कर दिया और शुक्रवार को अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा। चार दिन पहले सैकड़ों यूक्रेनी सैनिकों के सीमा पार कर आने के बाद यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि एक रूसी विमान द्वारा दागी गई मिसाइल दिन में एक यूक्रेन के शॉपिंग मॉल में जा गिरी, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गये। पूर्वी दोनेत्स्क के कोस्टियनटिनिव्का में स्थित यह मॉल शहर के आवासीय क्षेत्र में स्थित है। हमले के बाद घना काला धुआं उठता दिखाई दिया।

# भारत-जर्मनी विकास में दीर्घकालिक साझेदार

नई दिल्ली, एजेंसी

• जर्मन राजदूत ने कहा-यह दोनों देशों में निकटता की परिचायक

भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा है कि जर्मनी-भारत हरित एवं सतत विकास साझेदारी एक दीर्घकालिक भागीदारी है और चांसलर ओलाफ शॉल्ज जब अक्टूबर में दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे तो इसके बहुत अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

एकरमैन ने गुरुवार को नई दिल्ली में जर्मन दूतावास में कहा कि यह साझेदारी भारत और जर्मनी के बीच मित्रता में प्रगाढ़ता व निकटता को दर्शाती है। शॉल्ज और मोदी ने मई 2022 में जर्मन-भारतीय हरित एवं सतत विकास साझेदारी (जीएसडीपी) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसका उद्देश्य सतत विकास के 2030 के एजेंडे और पेरिस समझौते के उद्देश्यों को हासिल करने की दिशा में विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है।

## एयर इंडिया ने स्थगित कीं तेल अवीव की उड़ानें

**नई दिल्ली।** इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर एयर इंडिया ने शुक्रवार को तेल अवीव से आने-जाने वाली अपनी उड़ानों को अगली सूचना तक स्थगित करने की घोषणा की। कंपनी ने इससे पहले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से तेल अवीव तक की अपनी सेवाएं 8 अगस्त तक स्थगित कर दी थीं। एयरलाइन ने एक्स पर लिखा कि पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए तेल अवीव से आने-जाने वाली उड़ानों का निर्धारित संचालन तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है।

# वायनाड: रहस्यमयी आवाज से दहशत

वायनाड, एजेंसी

• भूकंपीय रिकॉर्ड की जांच में किसी हलचल की जानकारी नहीं

• प्रभावित क्षेत्रों के विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया

केरल के भूस्खलन प्रभावित वायनाड जिले में विभिन्न स्थानों पर शुक्रवार की सुबह लोगों ने जमीन के नीचे से तेज आवाज सुनने की सूचना दी, जिससे स्थानीय लोगों और अधिकारियों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि अंबालावायल गांव और व्यथिरी तालुक के कुछ इलाकों में तेज ध्वनि सुनाई दी। वायनाड के जिलाधिकारी डीआर. मेघश्री ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने के लिए कदम उठाए हैं।

केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने कहा कि वह भूकंपीय रिकॉर्ड की जांच कर रहा है और स्थानीय स्तर पर जांच कर स्थिति का पता लगाया जा रहा है। उसने कहा कि अभी तक भूकंपीय रिकॉर्ड में हलचल का किसी प्रकार का संकेत नहीं मिला है। पंचायत वार्ड के एक सदस्य ने एक टीवी चैनल से कहा कि यह आवाज सुबह करीब 10:15 बजे सुनी गई। प्रभावित क्षेत्रों के विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया गया है।

### पीड़ितों के परिजन और अन्य लोग खोज दल में शामिल

वायनाड में भूस्खलन की घटनाओं में लापता हुए लोगों की तलाश में शुक्रवार को 11वें दिन व्यापक तलाश अभियान शुरू किया गया। खोज दल में घटनास्थल से सुरक्षित बचाए गए लोग और पीड़ितों के रिश्तेदार भी शामिल हैं। राज्य सरकार के अनुसार, वायनाड के मुंडक्कई और चूरलमाला गांव में भूस्खलन की घटनाओं में अब भी 131 लोग लापता हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### लोगों ने कहा हीरो नहीं बन सकते : राहुल देव

**मुंबई।** 90 के दशक के बाद सबसे खूंखार विलेन कहे जाने वाले नॉन फिल्मी बैकग्राउंड से होने के बावजूद राहुल इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने में कामयाब हो गए थे। हालांकि, पर्सनल लाइफ में हुए एक हादसे ने उन्हें बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया। एक वक्त ऐसा आया कि 80 फिल्मों में काम करने के बाद उन्हें मूवीज के ऑफर मिलने बंद हो गए। मेकर्स उन्हें कास्ट करने से बचने लगे। आखिरकार उन्हें दूसरी पारी शुरू करने के लिए बिग बॉस जैसे कॉन्ट्रोवर्शियल शो में जाना पड़ा। बिग बॉस के बाद राहुल ने दोबारा एक्टिंग करियर में वापसी की। राहुल का बचपन से ही क्रिकेट की तरफ रुझान था। इस बारे में वे कहते हैं, बहुत क्रिकेट खेलता था। मैंने दिल्ली की अंडर 19 और अंडर 16 टीम में भी खेला है। हालांकि, कभी पेरेंट्स को यह बताने की हिम्मत नहीं हुई कि मुझे पढ़ाई से ब्रेक लेकर पूरा ध्यान क्रिकेट पर लगाना है। यही वजह रही कि क्रिकेट से दूर होता चला गया। क्रिकेटर ना बन पाने के बाद राहुल ने मॉडलिंग का रुख किया।

### डॉन 2 के लिए ऋतिक रोशन से हुई थी बात

**मुंबई।** फरहान अख्तर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि अमिताभ बच्चन की फिल्म डॉन के रीमेक में उन्होंने पहले ऋतिक रोशन को कास्ट करने का सोचा था। फरहान ने राज शहामी के पॉडकास्ट पर कहा कि फिल्म की स्क्रिप्ट लिखने से पहले ही उन्होंने ऋतिक से कनेक्ट किया था। एक्टर-फिल्ममेकर ने कहा, मैंने ऋतिक से कहा कि मैं डॉन के रीमेक के बारे में सोच रहा हूं। उन्होंने कहा, यह तो शानदार लगता है। मैंने जवाब में कहा, मैं इसे लिख लूंगा और फिर तुम्हारे पास लाऊंगा। हालांकि, जब फरहान ने स्क्रिप्ट लिखनी शुरू की, तो उन्हें लगा कि शाहरुख की पर्सनालिटी और उनका मजाकिया स्वभाव इस रोल के लिए फिट बैठता हैं। इस बारे में फरहान ने कहा, जब मैं लिख रहा था, ऐसा लग रहा था कि शाहरुख ही इस रोल के लिए सबसे सही हैं। लेकिन मैंने पहले ही ऋतिक से बात कर ली थी। तो मैंने सोचा कि क्या किया जाए? मैंने ऋतिक को कॉल किया और कहा कि मैं स्क्रिप्ट लिख रहा हूं और मुझे लगता है कि शाहरुख को कॉल करना चाहिए।



### उलझ ने पहले हफ्ते में सात करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की

**मुंबई।** जान्हवी कपूर एवं गुलशन देवैया की उलझ प्रदर्शन के पहले सात दिनों में 7.2 करोड़ रुपये की कमाई की है। इस फिल्म का प्रदर्शन दो अगस्त को हुआ था। इसी दिन तब्बू और अजय देवगन अभिनीत औरों में कहां दम था भी सिनेमाघरों मे प्रदर्शित हुई थी। भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी (आईएफएस) के जीवन की चुनौतियों पर आधारित उलझ का निर्माण जंगली पिक्चर्स ने किया है तथा इसका वितरण पेन स्टूडियो ने किया है। फिल्म का निर्देशन सुधांशु सरिया ने किया है।


**खगोल विज्ञान** | बहुआयामी खोज विभिन्न खगोलीय आयामों को समझने के लिए मानी जाती है महत्वपूर्ण

# 19 हजार प्रकाशवर्ष दूर 10 पल्सर की बढ़ी खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने क्लस्टर टेर्जन 5 नक्षत्र में दस पल्सर की खोज करने में कामयाबी हासिल की है। यह गोलाकार क्लस्टर, न्यूट्रॉन सितारों को बेहतर ढंग से समझने व आइंस्टीन के सामान्य सापेक्षता के सिद्धांत का परीक्षण करने के साथ पल्सर श्रेणियों के विस्तार को लेकर बहुआयामी खोज मानी जा रही है।

खगोल वैज्ञानिकों ने मीरकैट रेडियो टेलीस्कोप और ग्रीन बैंक टेलीस्कोप से प्राप्त डेटा के जरिये इस खोज को अंजाम दिया। यह मिलीसेकंड प्लसर खोज है। ब्रह्मांड में यह तारकीय समूह हजारों विभिन्न प्रकार के सितारों का एक भीड़-भाड़ वाली जगह है। इसे ई इस ओ 520-27 और 2 एम ए एस एक्स जे17480455-2446441 के नाम से भी जाना जाता है, जो धनु राशि में पृथ्वी से लगभग 19,000 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। नेशनल रेडियो एस्ट्रोनॉमी ऑब्जर्वेटरी के खगोलशास्त्री स्कॉट रैनसम के अनुसार टेर्जन 5 ऐतिहासिक रूप से सबसे व्यापक अध्ययन का केंद्र रहा है। जिसने कई तरंग दैर्ध्य में उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। यह क्लस्टर आकाशगंगाओं में आदिकालीन संरचनाओं का अवशेष माना जाता है। जिस कारण आकाशगंगा निर्माण का अभिन्न अंग भी माना हैं। यह क्लस्टर 1.09 मिलियन सौर द्रव्यमान वाला है और उच्चतम तारकीय टकराव वाला गोलाकार नक्षत्रों में से एक है। इस तरह के नए पल्सर की खोज असामान्य व वास्तव में बेहद रोमांचक है।



तारा समूह गोलाकार क्लस्टर टेर्जन 5 की तस्वीर।

### ऊर्जा चुकाकर बनते हैं मिनी पल्सर

नैनीताल : पल्सर शक्तिशाली प्रक्रिया है। जब भी पल्सर बायनेरिज़ यानी दूसरे तारे से जुड़ते हैं, तो एक से दूसरे तक तेज गुरुत्वाकर्षण खिंचाव के जरिए सामग्री और ऊर्जा चुरा लेते हैं। जिस कारण पल्सर तेजी से घूमने लगता है और एक मिलीसेकंड पल्सर बन जाता है। पल्सर, क्वेजार व ब्लैक होल के व्यवहार व रंग रूप को समझने के प्रयास में खगोल वैज्ञानिक जुटे रहते हैं।